RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 337 ■ मुंबई, शनिवार 28 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



# बलभद्र और सुभद्रा संग भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथ

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुक्रवार से शुरू हो गई है। बलभद्र और सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ भ्रमण पर निकल पड़े हैं। सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ भक्तों ने खींचा। करीब 100 मीटर खींचने के बाद रथ रुक गया है। देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का रथ कुछ दूरी तक ही खींचा गया। ये दोनों रथ मंदिर के पास ही खड़े हैं। आज सुबह फिर से रथ यात्रा शुरू होगी। जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। 12 दिन चलने वाली रथ यात्रा को लेकर भक्त उत्साहित हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## Short News एक नजर

### केरल के स्कूलों में होगा जुंबा डांस

**नई दिल्ली।** केरल की पिनारायी विजयन सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ कैंपेन चलाने और स्कूल में बच्चों की मेंटल और फिजिकल फिटनेस के लिए जुंबा डांस कराने का फैसला किया है। कुछ स्कूलों में जुंबा डांस का सेशन शुरू भी कर दिया गया है। कई मुस्लिम संगठन केरल सरकार के इस कदम की जमकर आलोचना और विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्कूल में इस तरह से डांस करवाना नैतिकता के खिलाफ है और यह इस्लाम विरोधी है। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा था कि ऐरोबिक मूवमेंट के साथ म्यूजिक पर डांस करने से बच्चों का टेंशन कम होगा। इसके अलावा युवाओं को ड्रग्स के खिलाफ संदेश दिया जाएगा। अभिभावकों को इस बारे में विचार करने की जरूरत है।

### एयर इंडिया ने चार अफसरों से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने AISATS के 4 वरिष्ठ अधिकारियों से इस्तीफा देने को कहा है। ये सभी अहमदाबाद में विमान क्रैश होने के कुछ ही दिन बाद पार्टी करते देखे गए। एयर इंडिया ने इसे संवेदनहीनता माना और कहा कि यह व्यवहार हमारे मूल्यों के अनुरूप नहीं है। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। एयर इंडिया के एयरपोर्ट गेटवे सेवा प्रदाता ISATS के चार वरिष्ठ कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें ये अधिकारी ऑफिस में पार्टी कर रहे थे।

### मोहर्रम के जुलूस में हादसा, 12 झुलसे


**सासाराम।** बिहार के सासाराम जिले में मोहर्रम के जुलूस के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जब रोहतास थाना क्षेत्र के निमिया टिकारी के पास मोहर्रम के मातमी जुलूस के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक युवक झुलस गए, जिसमें पांच युवकों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में इस्माइल खान 20 वर्षीय पिता पीकू खान, अफजल खान 18 वर्षीय पिता हाकिम खान की हालत नाजुक बताई है। वहीं दारानगर के आजम खान, हसन रजा, नमीर खान भी गंभीर रूप से घायल हैं। अन्य युवकों को हल्की फुल्की चोट आई है। घटना के बाद उग्र लोगों ने डेहरी रोहतास मुख्य पथ को जाम कर सड़क पर आगजनी की है। उग्र लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही है।

राजनाथ सिंह की चीनी मंत्री के साथ अहम मुलाकात

# सीमा विवाद का हो 'परमानेंट' सॉल्यूशन!

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समय चीन में एससीओ समिट अटेंड करने गए हैं। इस मौके पर उनकी मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन्ग जून से भी हुई है। इस मुलाकात के दौरान एलएसी विवाद पर विस्तार से बात की गई है, दोनों देशों के बीच में कैसे सहयोग बढ़े, इसे लेकर भी मंथन हुआ है। बड़ी बात यह है कि पहली बार एक जारी बयान 'Permanent De-escalation' शब्द का इस्तेमाल हुआ है। अभी तक तो सिर्फ बातचीत के जरिए, आपसी विश्वास को जरिया बनाकर शांति स्थापित करने की बात होती थी, लेकिन यह पहली बार है जब 'Permanent De-escalation' शब्द का



इस्तेमाल हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अब कोई बड़ा फैसला भी हो सकता है।

मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्ट्रक्चर्ड रोडमैप के जरिए तनाव कम करने की बात कही है। इसके ऊपर राजनाथ सिंह ने इस बात को स्वीकार किया है कि पिछले कुछ समय में रिश्तों को सामान्य करने की कोशिश हुई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 2020 के स्टैंडऑफ के बाद जो अविश्वास की खाई बनी थी, उसे पाटना जरूरी है। अब जानकारी के लिए बता दें कि यह दूसरी बार है जब राजनाथ सिंह की चीनी काउंटरपार्ट के साथ मुलाकात हुई है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी एक मीटिंग हुई थी, तब ईस्टर्न लद्दाख में मिलिट्री स्टैंडऑफ को खत्म करने पर जोर दिया गया था। गुरुवार को हुई मुलाकात तो दोनों ही नेताओं की चौथी बाइलेट्रल मीटिंग रही, जहां फिर रिश्ते सुधारने पर फोकस किया गया।

वैसे इससे पहले एससीओ समिट के दौरान राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर तीखा मैसेज दिया और अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की।

# लॉ कालेज में छात्रा से गैंगरेप

भाजपा ममता सरकार पर हमलावर | तीन आरोपियों को 10 जुलाई तक की पुलिस कस्टडी

**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

कोलकाता में लॉ कॉलेज की स्टूडेंट से गैंगरेप मामले के चारों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 10 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 3 आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया था। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी शुक्रवार सुबह हुई। घटना 25 जून की है। पुलिस के मुताबिक वारदात को अंजाम ग्राउंड फ्लोर के एक गार्ड रूम में दिया गया है। आरोपियों का नाम मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) है। गिरफ्तार आरोपियों में दो कॉलेज के छात्र हैं और पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा है। भाजपा ने इस घटना को लेकर ममता सरकार को कटघरे में खड़ा किया और मनोजीत के तृणमूल कांग्रेस से जुड़े होने का आरोप लगाया है। पुलिस की FIR के मुताबिक, घटना साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज की है।



### महिला आयोग ने कहा-जांच समय से पूरी हो

राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने कोलकाता गैंगरेप मामले में खुद से नोटिस लिया है। NCW की चेयरपर्सन विजया रहाटकर ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा कि इस घटना की तुरंत और तय समय में जांच की जाए। पीड़ित को मेडिकल, मानसिक और कानूनी मदद और मुआवजा भी दिया जाए।

### भाजपा का आरोप- एक आरोपी तृणमूल से जुड़ा हुआ

भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक बंगाली न्यूज रिपोर्ट शेयर करते हुए लिखा, "हैरान कर देने वाली घटना! एक महिला लॉ छात्रा के साथ कॉलेज परिसर में गैंगरेप हुआ, आरोपियों में एक पूर्व छात्र और दो कॉलेज स्टाफ शामिल हैं।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में एक तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा व्यक्ति भी शामिल है।

### प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज



कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से गैंगरेप की घटना के बाद पश्चिम बंगाल में बवाल शुरू हो गया है। कस्बा पुलिस थाने के बाहर वामपंथी छात्र संगठनों एसएफआई और DYFI के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए बल प्रयोग किया। पुलिस की कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं। वहीं कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर लालबाजार हेडक्वार्टर ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने कस्बा पुलिस स्टेशन का रास्ता बाधित कर दिया था। इसके अलावा कस्बा की राजदंगा मेन रोड को जाम कर दिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शानकारियों पर कार्रवाई की।

## भाजपा ने तीन राज्यों में नियुक्त किया राज्य निर्वाचन अधिकारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में अपने संगठनात्मक चुनावों की निगरानी के लिए 'राज्य निर्वाचन अधिकारी' नियुक्त किए हैं। केंद्रीय मंत्रियों किरेन रिजिजू और हर्ष मल्होत्रा तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को क्रमशः इन तीन राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के रिटर्निंग ऑफिसर के. लक्ष्मण ने एक बयान में कहा कि ये तीनों सांसद संबंधित राज्यों से पार्टी अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव में केंद्रीय पदाधिकारी की भूमिका निभाएंगे। यह नियुक्ति संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से की गई है, जो पहले से ही लंबित है और जिसका समापन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ होगा। वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं, जो एक केंद्रीय मंत्री भी हैं।

# मराठी अस्मिता : साथ आए ठाकरे बंधु

5 जुलाई को शिवसेना (उबाठा)–मनसे का संयुक्त मोर्चा | कांग्रेस भी शामिल होगी, राकांपा (एसपी) ने दिया समर्थन

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्य के प्राथमिक स्कूलों में हिंदी भाषा पढ़ाने के सरकार के निर्णय के विरोध में अलग-थलग पड़े ठाकरे बंधुओं को एक साथ ला दिया है।

मराठी अस्मिता के मुद्दे पर चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे तकरीबन 19 साल एकजुट होकर मैदान में उतरने वाले हैं। आगामी 5 जुलाई को सरकार के खिलाफ शिवसेना उबाठा और मनसे का



संयुक्त मोर्चा निकाला जाएगा। इस मोर्चे के जरिए हिंदी थोपे जाने का विरोध किया जाएगा। कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने मोर्चे को समर्थन देने की घोषणा की है। **शेष पेज 7 पर**

### मराठी भाषा खत्म करने की साजिश : विपक्ष

महाराष्ट्र सरकार की नई शिक्षा नीति के मुताबिक राज्य के सरकारी स्कूलों में तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी का विकल्प दिया है। अगर किसी क्लास में 20 बच्चे हिंदी के बजाय कोई दूसरी भाषा पढ़ना चाहते हैं तो उन्हें वही भाषा पढ़ाई जाएगी। इस फैसले को महाराष्ट्र के विपक्षी दल मराठी भाषा को खत्म करने की साजिश बता रहे हैं।

## 'संविधान में सोशलिस्ट-सेक्युलर शब्दों पर बहस हो'

**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में 'सोशलिस्ट' (समाजवादी) और 'सेक्युलर' (धर्मनिरपेक्ष) शब्दों को लेकर देश में खुली बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये दोनों शब्द मूल संविधान में नहीं थे और इमरजेंसी के दौरान संसद की सहमति के बिना जोड़ दिए गए थे। होसबाले 26 जून को दिल्ली में आयोजित 'आपातकाल के 50 साल' कार्यक्रम में बोल रहे थे।



इस दौरान उन्होंने कहा कि मूल संविधान में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द नहीं थे। इमरजेंसी के समय देश में संसद और न्यायपा लिका दोनों काम नहीं कर रही थीं। इस दौरान इन दो शब्दों को जोड़ दिया गया। ये शब्द रहें या नहीं, इस पर बहस होनी चाहिए। होसबाले ने कांग्रेस और राहुल गांधी का नाम लिए बिना भी इमरजेंसी को लेकर निशाना साधा।

## तेहरान को ट्रंप का बड़ा ऑफर!

30 अरब डॉलर का प्रस्ताव ईरान ने ठुकराया

**महानगर नेटवर्क**
**वॉशिंगटन**

अमेरिका ने 22 जून को ईरान पर बंकर बस्टर बम बरसाए थे। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने इसे अपनी सेना की बड़ी कामयाबी बताते हुए खुशी जताई। ईरान पर हमले के एक हफ्ते से भी कम समय बाद अब अमेरिका तेहरान से बातचीत शुरू करने की कोशिश में है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ईरान को नागरिक परमाणु कार्यक्रम के लिए 30 अरब अमेरिकी डॉलर देने पर विचार कर रहा है। साथ ही ईरान को प्रतिबंधों में ढील देते हुए बैन ईरानी निधियों से भी अरबों डॉलर जारी किए जाएंगे। इसे



अमेरिका की ओर से ईरान को परमाणु वार्ता के लिए फिर से मेज पर लाने के प्रयास के तहत देखा जा रहा है। इजरायल के ईरान पर 13 जून को किए गए हमलों के बाद ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु वार्ता रुक गई थी। ट्रंप प्रशासन ईरान को नागरिक परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम बनाने के लिए 30 अरब डॉलर तक की सहायता देने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस पहल का मकसद ईरान को यूरेनियम संवर्धन करने से रोकने के लिए प्रोत्साहित करना है, लेकिन ईरान अमेरिका के इस प्रस्ताव को स्वीकारने के मूड में नहीं दिख रहा है।

जब तक पूरी ना हो सुनवाई

## मृतक का स्पर्म रखें सुरक्षित : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में मुंबई के एक प्रजनन केंद्र को निर्देश दिया है कि वह एक मृत अविवाहित व्यक्ति के स्पर्म को तब तक सुरक्षित रखे, जब तक कि उसकी मां की याचिका पर सुनवाई पूरी ना हो जाए। मृतक व्यक्ति की मां अपने वंश को आगे बढ़ाने के लिए अपने बेटे के वीर्य को उपयोग में लाना चाहती है, लेकिन प्रजनन केंद्र ने अपने पास रखे मृत व्यक्ति के वीर्य को उसकी मां को देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। व्यक्ति ने अपने सहमति पत्र में आग्रह किया था कि उसकी मृत्यु के बाद वीर्य को फेंक दिया जाए। व्यक्ति ने कैंसर के इलाज के तहत कीमोथेरेपी कराने के दौरान अपने वीर्य को सुरक्षित रखने का विकल्प चुना था।

## बांग्लादेश में तोड़ा गया दुर्गा मंदिर

**महानगर नेटवर्क**
**ढाका**

बांग्लादेश की राजधानी ढाका के शाहबाग में शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। उन्होंने खीलखेत में दुर्गा मंदिर को ढहाने के सरकार के फैसले के विरोध में मानव श्रृंखला बनाई। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल के कार्यवाहक महासचिव मणिंद्र कुमार नाथ ने इस बारे में अधिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सनातनी समूह के लोग मंदिर के ध्वंस के खिलाफ विरोध जताने के लिए यहां एकत्रित हुए। आज ढाका प्रेस क्लब के सामने




विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर ऐसे निंदनीय कृत्यों को अंजाम देने का आरोप लगाया। मणिंद्र नाथ ने कहा कि पिछले दिनों ढाका के रेलवे लाइन के पास सरकारी बुलडोजर का उपयोग करके एक मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया। हमें ऐसी क्रूर घटना का गवाह बनना पड़ा। इससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। हम इस तरह के विनाशकारी और हिंसक धार्मिक उन्माद की कड़ी निंदा करते हैं। इसके विरोध में सनातनी समाज आज जागृत हुआ है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कृत्य के खिलाफ हम एकजुट होकर विरोध कर रहे हैं। आज सुबह ढाका प्रेस क्लब के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। हम इस कृत्य की कड़ी आलोचना करते हैं। दुर्भाग्यवश, यह सरकार ऐसे निंदनीय कृत्यों को अंजाम दे रही है और हमें सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दिख रही। वे इन घटनाओं को अफवाह बताकर लंबे समय से अनदेखा कर रहे हैं।

# ...जल्द मिलेगा भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष

## एक सप्ताह के भीतर नए अध्यक्ष की घोषणा,रविंद्र चव्हाण का नाम लगभग तय

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

आने वाले एक सप्ताह के भीतर महाराष्ट्र भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलना लगभग तय है। शुक्रवार को भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराने की जवाबदारी दी है। राज्य के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के राजस्व मंत्री बनने के बाद पिछले कई महीनों से भाजपा प्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को नए अध्यक्ष को लेकर उत्सुकता है कि अगला प्रदेश का नया अध्यक्ष कौन होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए रवींद्र चव्हाण का नाम लगभग तय माना जा रहा है। ठाणे जिले के डोंबिवली सीट से विधायक हैं।





चव्हाण को जनवरी 2025 में उन्हें प्रदेश का कार्याध्यक्ष अध्यक्ष बनाया गया था, जिन्हे अब अध्यक्ष पद की जवाबदारी दिया जाएगा। चव्हाण स्थानीय चुनावों से लेकर सदस्यता अभियान तक रवींद्र चव्हाण सक्रिय रहे। हाल ही में नागपुर में हुई कार्यकारिणी बैठक में बावनकुले ने भी उनके नाम के संकेत दिए। जिला और संभाग स्तर के संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं। पार्टी ने महीने के अंत तक नई नियुक्तियों की घोषणा के संकेत दिए हैं। बता दें की साल 2024 के हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को मिली भारी जीत के बाद नागपुर के कामठी विधानसभा सीट जीतकर आने वाले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले मुख्यमंत्री फडणवीस के मंत्रिमंडल में शामिल हो गए है उनके मंत्री बनने के बाद प्रदेश अध्यक्ष को लेकर प्रक्रिया शुरू है इस बीच रविंद्र चव्हाण को कार्याध्यक्ष बनाया गया है।

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू करेंगे नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा

भाजपा नए प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को राज्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। अब सवाल है कि मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की जगह राज्य का भाजपा अध्यक्ष कौन होगा। इसको लेकर जोरदार चर्चा है, लेकिन सूत्रों से जो जानकारी मिली है कि अध्यक्ष पद की रेस में रवींद्र चव्हाण का नाम सबसे आगे हैं। वो इस समय कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

### चव्हाण 2009 में पहली बार विस चुनाव लड़ा

पूर्व मंत्री और भाजपा प्रदेश के कार्याध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को प्रदेश अध्यक्ष का कमान मिलना तय है चव्हाण मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के भी करीबी माने जाते हैं, उन्होंने 2000 में कल्याण-डोंबिवली मनपा से नगरसेवक के रूप में कार्य किया और स्थायी समिति के अध्यक्ष भी रहे। उसके बाद वे साल 2009 में उन्होंने पहली बार डोंबिवली से विधानसभा चुनाव लड़ा,इसके बाद से लगातार जीते। 2016 से 2019 के बीच पहली फडणवीस सरकार में भी वो राज्यमंत्री रहे। तब उनके पास बंदरगाह, चिकित्सा शिक्षा,सूचना प्रौद्योगिकी और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति जैसे प्रमुख विभाग थे। भाजपा-शिवसेना-एनसीपी महायुति सरकार में, वे 2022 और 2024 के बीच लोक निर्माण विभाग मंत्री थे। चव्हाण को संगठन का समर्पित नेता माना जाता है।

---

### ठाणे को मिला विकास का नया आयाम

# उपमुख्यमंत्री शिंदे ने किया प्रकल्पों का लोकार्पण और भूमिपूजन

**ठाणे।** ठाणे शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और भूमिपूजन किया। दादोजी कोंडदेव क्रीड़ा संकुल में उन्होंने बैडमिंटन हॉल विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया, जिसमें पांच नए कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर शिंदे ने कहा कि ठाणे से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके लिए अनुभवी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।



### ठाणे के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी

बता दें कि शिंदे ने कहा कि उनकी कार्यशैली निर्णय लेने की है, टालने की नहीं। "नो रिझन, ऑन द स्पॉट डिसीजन" की नीति पर काम करते हुए ठाणे के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कोपरी स्थित प्रसूतिगृह, छत्रपति शिवाजी मैदान में धर्मवीर आनंद दिघे टॉवर के पुनर्निर्माण, ठाणे स्टेशन सौंदर्यीकरण और कई अन्य प्रकल्पों का भी उद्घाटन व भूमिपूजन किया। धर्मवीर आनंद दिघे टॉवर के संदर्भ में बोलते हुए शिंदे ने भावुक होते हुए कहा कि दिघे साहेब के आशीर्वाद से ही वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने मनपा आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के हों और उद्घाटन के बाद उनकी देखभाल भी समय पर हो। शूटिंग रेंज का दौरा करते हुए शिंदे ने चुटकी ली कि टारगेट हिट करते समय ही समझ में आता है कि 'करेक्ट कार्यक्रम' कैसे किया जाता है, जो उनके राजनीतिक विरोधियों पर तंज के रूप में देखा गया।

---

### शिक्षणाधिकारी आने के पहले ही लगने लगे आरोप

# शिक्षण संस्थाओं ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मिलकर जताया विरोध

**मुंबई।** मनपा में शिक्षणाधिकारी के पद पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए संदीप संगवे को अपना पदभार संभालने के पूर्व ही विरोध होने लगा है। संदीप संगवे के कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर शिक्षक संस्थाओं ने जांच की मांग है। शिक्षक संस्थाओं में महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद, पूर्व शिक्षक विधायक नागोजी गाणार ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर संगवे के खिलाफ एसआईटी जांच की मांग की है। शिक्षक संस्थाओं का आरोप है कि संदीप संगवे मुंबई के शिक्षण उपसंचालक थे, तब उन्होंने शालार्थ आईडी जारी करने में गड़बड़ियां कीं और रात्रि विद्यालयों में नियमों के खिलाफ जाकर नियुक्तियां और समायोजन किए। शिक्षक संगठनों का आरोप है कि बिना किसी नीति के तय हुए,बिना समिति की रिपोर्ट का इंतजार किए,उन्होंने कई नियुक्तियां की जिससे वित्तीय गड़बड़ियों की आशंका जताई जा रही है। कहा जा रहा है कि इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को भी अंधेरे में रखा गया। शिक्षक संगठनों का यह भी आरोप है कि शालार्थ आईडी जारी करने में जानबूझकर देरी की गई,जिसके चलते कई शिक्षकों का वेतन रुका और इस प्रक्रिया में आर्थिक लेन-देन की संभावना है। इसलिए पूरे मामले की एसआईटी के माध्यम से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। 26 जून को शिक्षक परिषद के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे से मुलाकात कर पूरा मामला उनके संज्ञान में लाया और लिखित शिकायत भी सौंपी।

---

## भानु प्रताप सिंह का निधन



**मुंबई।** उत्तर भारतीय संघ के कार्याध्यक्ष तथा उद्योगपति शारदा प्रसाद सिंह के पुत्र भानु प्रताप सिंह का शुक्रवार को ब्रेन हेमरेज की वजह से आकस्मिक निधन हो गया। वे विक्रोली के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उनका दाह संस्कार आज (28 जून को) दोपहर एक बजे घाटकोपर के राजावाड़ी श्मशान भूमि में किया जाएगा। वे अत्यंत विनम्र, शालीन और मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। साथ ही वे उत्तर भारतीय संघ केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य थे। उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए भावपूर्ण एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होने कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूं, साथ ही भगवान से प्रर्थना करता हूं कि पवित्र आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवार को इस असहाय कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। सिंह के निधन की खबर सुनते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा ।

---

# परियोजना प्रभावित दुकानदार दुकान के बदले अब ले सकेंगे घर

**मुंबई।** सड़क चौड़ीकरण से लेकर विभिन्न परियोजना में प्रभावित होने वाले दुकान दार दुकान न मिलने पर पैसा लेने के लिए मजबूर किया जाता था। मनपा दुकानदार को रेडिरेकनर की दर पर दुकान के क्षेत्रफल के अनुसार पैसा देती थी। मनपा के इस निर्णय से दुकानदार को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। मनपा दुकान ऐसी जगह देती थी जहां दुकानदार दुकान लेने तैयार नहीं होता था,पैसा भी रेडीरेकनर की दर पर मिलने से भी दुकान दार को बड़ा घाटा सहना पड़ता था, जिससे दुकानदार अपनी दुकान छोड़ने के स्थिति में नहीं रहता था और मामला कोर्ट में जाकर अटक जाता था । दुकान दार मनपा से दुकान



के बदले घर की मांग करते थे,लेकिन मनपा के पास दुकान के बदले घर देने का नियम नहीं होने से दुकान दार को परेशानी होती थी और मनपा के प्रोजेक्ट पर भी असर पड़ता था।मनपा अब दुकानदार को दुकान के बदले घर देने की तैयारी दिखाई है। मनपा प्रशासन ने दुकान के बदले घर देने की तैयारी दिखाते हुए 1995 के नियमानुसार 225 वर्गफुट का घर दिया जाता था।राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2000 तक के घर पात्र करने का निर्णय मान्य करने के बाद 300 वर्ग फुट तक का घर दिया जाने लगा है ।मनपा अब इसी निर्णय के अनुसार दुकानदार को दुकान के बदले घर लेने पर 300 वर्ग फुट का घर मुफ्त में देगी। परियोजना प्रभावित दुकानदार अभी तक दुकान के बदले घर नहीं पा रहे थे। दुकानदारों की मांग पर मनपा मुख्यालय में नगरसेवक द्वारा रखे गए प्रस्ताव को मंजूरी देकर दुकानदार को घर दिए जाने की मांग रखी थी।

---

### रुइया स्कूल एलुमनी ट्रस्ट द्वारा पूर्व छात्र पुनर्मिलन समारोह का आयोजन

**मुंबई।** रुइया स्कूल एलुमनी ट्रस्ट द्वारा पूर्व छात्रों का वार्षिक पुनर्मिलन समारोह इस वर्ष भी हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन रविवार (29 जून को) सांम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक, चर्चगेट स्थित IMC बिल्डिंग (चौथी मंजिल) में होगा।

कार्यक्रम में पूर्व छात्रों को अपने सहपाठियों और शिक्षकों से मिलने, स्मृतियों को साझा करने तथा मनोरंजन और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुदान राशि 1451/- निर्धारित है, जिसमें विविध आयोजन और उपहार शामिल हैं। इच्छुक लोग इस नंबर पर 9820996956 पर संपर्क कर सकते हैं।

---

# विधायक निधि से मिली कचरा गाड़ियों पर जम रही धूल



**भायंदर।** मीरा - भायंदर मनपा पर कचरा गाड़ियों को भंगार बनाने का आरोप लग रहा हैं। शिवसेना (शिंदे गुट) के उप जिल्हा प्रमुख रामभुवन शर्मा ने मनपा पर यह आरोप लगाया है। रामभुवन शर्मा ने मनपा आयुक्त को एक निवेदन पत्र लिख कर बताया हैं की परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधायक निधि से कचरा उठाने की छोटी गाड़िया उपलब्ध कराई हैं । मनपा इन गाड़ियों को अभी तक उपयोग में नही ले रही हैं, जिसके कारण इन सभी गाड़ियों पर घुल जम रहीं हैं एवं यह सभी गाड़ियां भंगार में तब्दील होते जा रही हैं । रामभुवन शर्मा ने बताया की यह सभी गाड़ियां घोडबंदर बस डिपो में खड़ी हैं । अपने पत्र में रामभुवन शर्मा ने मनपा आयुक्त को सुझाव भी दिया की इन गाड़ियों को शहर की झुग्गी झोपड़पट्टीयों में कचरा उठाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं । यह सभी गाड़ियां छोटी होने के कारण इन इलाकों में आसानी से जा सकती हैं । इसके अलावा विधायक निधि से प्राप्त सडकों को साफ करने वाली गाड़ियों का हाल भी इन्ही गाड़ियों की तरह हैं। रामभुवन शर्मा ने आरोप लगाया की मनपा के अधिकारियों की लापरवाही के कारण इन गाड़ियों का यह हाल हो रहा हैं। रामभुवन शर्मा ने इन गाड़ियों का जल्द से जल्द इस्तेमाल करने की मांग मनपा आयुक्त से की हैं।

---

# रिटायर्ड प्रिंसिपल से 1.35 करोड़ की ठगी

**वसई।** वसई के एक प्रतिष्ठित कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल साइबर ठगों के झांसे में आकर 1 करोड़ 35 लाख का शिकार हो गए हैं। ठगों ने उन्हें 'डिजिटल गिरफ्तारी' का डर दिखाकर यह बड़ी रकम ऐंठी। इस संबंध में वसई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता, एक 63 वर्षीय रिटायर्ड प्रिंसिपल, जो वसई में रहते हैं, 19 मई, को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को कोलाबा पुलिस स्टेशन का एक वरिष्ठ अधिकारी बताया। इसके बाद एक वीडियो कॉल की गई, जिसमें एक पुलिस स्टेशन का नकली सेटअप दिखाया गया। ठगों ने प्रिंसिपल को बताया कि उनके आधार कार्ड का उपयोग करके केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है और उस खाते में काले धन




का लेनदेन हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है और गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। प्रिंसिपल को कोलाबा पुलिस स्टेशन में गिरफ्तारी के लिए बुलाया गया। इसके बाद, संदीप राव, नीरज कुमार, और विजय खन्ना नाम के व्यक्तियों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर प्रिंसिपल से संपर्क किया। उन्होंने उन्हें बताया कि अगर वे गिरफ्तारी से बचना चाहते हैं तो उन्हें समझौता करना होगा। 19 मई से 13 जून, के बीच, इन ठगों ने प्रिंसिपल से 1 करोड़ 35 लाख 69 हज़ार की बड़ी रकम ऐंठ ली। जब प्रिंसिपल को आखिरकार एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उन्होंने वसई पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

---

# मागाठाणे में लगातार टूट रही उबाठा 50 कार्यकर्ता शिंदे की शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** उत्तर मुंबई में उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) की पार्टी की ताकत दिन-ब-दिन घटती जा रही है, फिर भी अब तक निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा रुकने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। उत्तर मुंबई में भाजपा और शिवसेना की ताकत लगातार बढ़ रही है, वहीं उबाठा पार्टी में कार्यकर्ताओं की अनदेखी और उपेक्षा अब भी जारी है। इन्हीं हालात से तंग आकर मागाठाणे के लगभग 50 कार्यकर्ताओं ने हाल ही में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में प्रवेश किया है। उत्तर मुंबई के दहिसर और मागाठाणे ये विधानसभा क्षेत्र कई वर्षों से उबाठा पार्टी के मजबूत गढ़ माने जाते रहे हैं। इसी उत्तर मुंबई से पूर्व शिवसेना के कार्यकाल में मुंबई के महापौर भी बने हैं,लेकिन अब परिस्थिति बदल चुकी है। फिर भी उबाठा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा आम कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने के बजाय उन्हें लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है,ऐसा आरोप लगाया जा रहा है। मागाठाणे के दहिसर (पूर्व) के रावलपाड़ा इलाके में उबाठा पार्टी की शाखा क्रमांक 3 और 4 के तत्कालीन उपविभाग प्रमुख राजू मुल्ला सहित कई पदाधिकारियों को कुछ महीने पहले अचानक उनके पदों से हटा दिया गया था। इस निर्णय का काफी विरोध हुआ और इसके चलते वरिष्ठ स्तर पर हलचलें शुरू हुईं और यह भरोसा दिया गया कि राजू मुल्ला के साथ हुए अन्याय का समाधान किया जाएगा।

---

# ठाणे के 81 अवैध स्कूलों का पर्दाफाश

### बच्चों का भविष्य खतरे में

**ठाणे।** ठाणे मनपा के दावे एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गए हैं, जब यह खुलासा हुआ कि शहर की सीमा में 81 अनाधिकृत स्कूल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। इनमें से 65 स्कूल केवल दिवा क्षेत्र में स्थित हैं। शिक्षा का अधिकार कानून और मनपा के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ये स्कूल वर्षों से कार्यरत हैं,जबकि इन पर पहले ही मामले दर्ज किए जा चुके हैं। बता दें कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले मनपा के शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों की सूची जारी की थी। कई स्कूल ऐसी इमारतों में चल रहे हैं जिन्हें न स्कूल मान्यता मिली है, न ही आधारभूत सुविधाएं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में गरीब और निम्नवर्गीय परिवारों के बच्चे इन स्कूलों में पढ़ने को मजबूर हैं, क्योंकि वे अधिकृत और प्रतिष्ठित स्कूलों की फीस नहीं चुका सकते। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इन स्कूलों को बंद करने और छात्रों को अधिकृत स्कूलों में स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं।




### मनपा ने 32 स्कूलों की जलापूर्ति रोकी

लेकिन जब अभिभावकों की बैठक बुलाई गई,तो उन्होंने खुलकर कहा कि उन्हें नई स्कूलों की महंगी फीस वहन करना मुश्किल है। इसी कारण कई अभिभावक अपने बच्चों को पुराने स्कूलों से निकालने को तैयार नहीं हैं। मनपा ने 32 स्कूलों की जलापूर्ति बंद कर दी है और दो लाख रुपये का जुर्माना वसूल भी किया गया है। संचालकों को नोटिस जारी कर स्कूल बंद करने का आदेश दिया गया है, फिर भी ये स्कूल बिना किसी डर के चल रहे हैं। पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

---

# पानी चोरी के मामले में पूर्व नगरसेविका के बेटे समेत आठ पर मामला दर्ज

**भिवंडी।** भिवंडी शहर में जल आपूर्ति विभाग की सतर्कता से पानी चोरी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में चार बिल्डरों समेत भिवंडी महानगरपालिका की पूर्व नगरसेविका के बेटे और तीन प्लंबरों के खिलाफ शांतिनगर पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, पालिका के जलपुरवठा अभियंता संदीप पटनावर को रावजी नगर स्थित एक निर्माणाधीन अवैध इमारत में बड़े पैमाने पर पानी चोरी की शिकायत मिली थी। उन्होंने तुरंत उप अभियंता उद्धव गावडे को जांच का



निर्देश दिया। गावडे ने जलपुरवठा विभाग के उड़ान दस्ते के प्रमुख विराज भोईर के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि जमीन मालिक व बिल्डर नवाब अली मेहदी हसन, शाहिद कमरूद्दीन सिद्दीकी, अनिस सिद्दीकी, रफिक सिद्दीकी और उनके साथ दानिश अंसारी नामक युवक व तीन प्लंबर अकील, जमशेद और पापा ने सड़क खुदाई कर दो इंच की पाइप लाइन अवैध रूप से बिछाई थी। इस पाइपलाइन को सीधे नगरपालिका की मुख्य जल आपूर्ति से जोड़ा गया था, जिससे निजी जलापूर्ति की जा रही थी।प्राथमिक अनुमान के अनुसार, इस पानी चोरी से महानगरपालिका को करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

---

# 28 दिन तक ICU में तीन सर्जरी के बाद घर लौटा मासूम

**नालासोपारा।** कहते हैं, "डॉक्टर भगवान का ही रूप होते हैं", और यह बात 10 वर्षीय ओम त्रिपाठी की चिकित्सा यात्रा ने एक बार फिर सच साबित कर दी। करीब दो महीने तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ने के बाद, ओम अब पूरी तरह स्वस्थ होकर मुंबई के सुप्रसिद्ध केईएम अस्पताल से 26 जून की रात डिस्चार्ज होकर अपने घर (नालासोपारा पूर्व, ओसवाल नगरी ) लौट आया। ओम को पहले तेज बुखार और अकड़न की शिकायत हुई, जिसके बाद उसे विरार के यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक इलाज के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया,लेकिन कुछ दिनों में उसके सिर में तेज दर्द शुरू हो गया। डॉ.शांत झा की सलाह पर जब एमआरआई कराया गया,तो ब्रेन में संक्रमण और पस जमा होने की पुष्टि हुई।

### 11 मई को पहली ब्रेन सर्जरी

तब उसे तुरंत केईएम हॉस्पिटल,मुंबई रेफर किया गया। 11 मई को पहली ब्रेन सर्जरी में पस और इन्फेक्शन को हटाया गया। 12 मई को अचानक ब्रेन में ब्लड क्लॉट जमने पर दूसरी सर्जरी की गई। कुछ दिनों बाद ब्रेन एन्यूरिज्म की पहचान हुई और 28 मई को तीसरी जटिल सर्जरी की गई, जो 7-8 घंटे चली। इन तीनों ऑपरेशनों को सफलतापूर्वक अंजाम देने का श्रेय जाता है, डॉक्टरों की विशेष टीम को डॉ. रघुनाथ प्रजापति, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. सुरवेंद्र राय, डॉ. टीडी नाडकर्णी, डॉ.अभिधा शाह और अन्य विशेषज्ञों को। तीन ऑपरेशनों के बाद ओम को 28 दिनों तक आईसीयू में रखा गया, जहां उसने एक बेहद नाज़ुक दौर का सामना किया। आईसीयू में डॉक्टरों की सतर्क देखभाल ने ओम को नई जिंदगी दी,डॉ. नंदनी सिंघल, डॉ. कुंज पंचाल, डॉ. ऐश्वर्या शेट्टी, डॉ. शिवानी सोमानी, डॉ. अनन्या, डॉ. गीतांजलि, डॉ. गायत्री आदि की टीम ने दिन-रात मेहनत की।

### 28 मई को तीसरी सर्जरी 8 घंटे चली

5 जून से ओम को वार्ड नंबर 1 में शिफ्ट किया गया, जहां भी डॉक्टरों ने लगातार निगरानी और इलाज जारी रखा, डॉ. प्रज्ञा (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. एस.के. करांडे, डॉ. मिलिंद टुल्लू के नेतृत्व में डॉ. बुरहान, डॉ. महरीन, डॉ. श्यामला, डॉ. सारांश मौर्य, डॉ. हरिता, डॉ. मनीष, डॉ. नमिता, डॉ. सुबाश्री, डॉ. सुप्रिता, डॉ. अचल, डॉ. ऐश्वर्या लचके और अन्य ने ओम को धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौटाया। केईएम की डीन डॉ. संगीता राउत का मार्गदर्शनपूरे उपचार के दौरान केईएम अस्पताल की डीन डॉ. संगीता राउत ने समय-समय पर डॉक्टरों को मार्गदर्शन दिया और इलाज की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई। आज ओम का जीवन है एक मिसाल ओम त्रिपाठी का घर लौटना सिर्फ एक बच्चे की वापसी नहीं, बल्कि डॉक्टरों के समर्पण, विज्ञान की शक्ति और मानवीय करुणा की एक प्रेरणादायक कहानी है।

---

**Directorate of Veterinary Services Chhattisgarh**
*Indrawati Bhawan, Block-3, NawaRaipur, Atal Nagar*
*Phone No. 0771-2331393,94,95 Факло.0771-2331392/95*
Email-dirvet.cg@nic.in
**Tender Cancellation Notice**
**Tender Ref. No.: 2947/ Veterinary Vaccines/DVS,CG/2025-26/ Dated: 14.05.2025**
**Subject:-Cancellation of the referred Tender.**
Due to **inadequate eligible bidder participation,** the tender no. **2947/Veterinary Vaccines/DVS,CG/2025-26/Dated: 14.05.2025** has been cancelled.
Sd/-
Director
Veterinary Services,
Chhattisgarh
G-252601860/5

---

# पश्चिम रेलवे द्वारा बेहतर यात्री अनुभव देने के लिए

## रेलवे सहायकों के पोर्टरेज शुल्क में संशोधन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए कुशल और किफायती सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सहायकों को देय पोर्टरेज शुल्क में हाल ही में संशोधन किया गया है, जो 1 जून, 2025 से लागू होगा। हेड लोड और व्हील्ड बैरो सहित नई दरें विभिन्न सेवाओं पर लागू होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के सभी स्टेशनों पर पोर्टरेज शुल्क में संशोधन किया गया है। यात्री अपनी सुविधा के अनुसार सहायक के माध्यम से सामान को सिर पर लादकर या पहिएदार ठेला पर ले जाने का विकल्प चुन सकते हैं। हेड लोड शब्द का अर्थ है - 2 बैग/सूटकेस/व्यक्तिगत सामान की मात्रा, जिसे सहायक पहिएदार बैरो के बिना मैन्युअल तौर पर उचित रूप से ले जा सकता है। यदि यूनिट बैग/पैकेज का वजन 20 किलोग्राम से अधिक और 40 किलोग्राम तक है, तो केवल हेड लोड के लिए कुली को प्रति यूनिट अतिरिक्त 50/- का भुगतान करना होगा (पहिएदार बैरो पर सामान के लिए नहीं)

1 जून, 2025 से प्रभावी पोर्टरेज शुल्क की संशोधित दरें इस प्रकार हैं:

**अ] हेड लोड की प्रति ट्रिप दरें:**
हेड लोड सेवाओं के लिए शुल्क स्टेशन की श्रेणी के आधार पर अलग-अलग होते हैं। मुंबई सेंट्रल, सूरत, अहमदाबाद, बांद्रा टर्मिनस, वापी, वडोदरा, इंदौर, रतलाम, साबरमती, राजकोट, उज्जैन और गांधीधाम स्टेशनों के साथ-साथ एनएसजी 3 और एनएसजी 4 के रूप में वर्गीकृत अन्य गैर-उपनगरीय स्टेशनों के लिए लागू शुल्क 100/- है।एनएसजी5, एनएसजी6, एचजी1, एचजी2 और एचजी3 के रूप में वर्गीकृत शेष गैर-उपनगरीय स्टेशनों के लिए शुल्क 80/- होगा।
इसी प्रकार, पश्चिम रेलवे के सभी उपनगरीय स्टेशनों पर भी शुल्क 100/- रहेगा। दादर पश्चिम रेलवे से दादर सेंट्रल तक सामान ले जाने के लिए लागू शुल्क 100/- है।

**ब] पहिएदार बैरो की प्रति यात्रा दरें:** यात्री 160 किलोग्राम तक के सामान को ढोने के लिए पहिएदार बैरो सेवा (दो या चार पहियों वाली बैरो) का लाभ भी उठा सकते हैं, जिसकी दर 150/- प्रति यात्रा है। यह सेवा खास तौर पर भारी या भारी सामान ढोने वालों के लिए उपयोगी है।

**स] बीमार या विकलांग व्यक्तियों को ले जाने की दरें :**
रेलवे ने बीमार या विकलांग व्यक्तियों को ले जाने के लिए विशेष दरें शुरू की हैं। जब दो व्यक्ति व्हील चेयर या स्ट्रेचर पर ले जाए जाते हैं, तो शुल्क 150/- है, जबकि चार व्यक्तियों द्वारा ले जाए जाने पर 200/- का शुल्क लागू होता है।

**द] प्रतीक्षा शुल्क :**
रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए प्रतीक्षा शुल्क की सुविधा भी निर्धारित की गई है। पहले 30 मिनट निःशुल्क हैं, उसके बाद हर आधे घंटे या उसके हिस्से के लिए शुल्क लिया जाएगा। स्टेशन श्रेणी के अनुसार दरें अलग-अलग होती हैं।


---

# 29 जून को मध्य रेल्वे में मेगा ब्लॉक

## कई लोकल सेवाएं प्रभावित

**मुंबई।** रविवार, 29 जून को मध्य रेल्वे के मुंबई विभाग में आवश्यक रखरखाव और इंजीनियरिंग कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे उपनगरीय रेल सेवा आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। इस दौरान मुख्य, हार्बर और ट्रान्स-हार्बर मार्गों की कई लोकल गाड़ियां रद्द या परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी।

मुख्य जलद मार्ग पर ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच सुबह 10:40 से दोपहर 3:40 बजे तक ब्लॉक रहेगा। इस दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से चलने वाली डाउन जलद और अर्धजलद लोकल गाड़ियां धीमी पटरी पर चलाई जाएंगी और अतिरिक्त रूप से कलवा, मुंब्रा व दिवा स्टेशनों




पर रुकेंगी। इन ट्रेनों की आवाजाही सामान्य समय से लगभग 10 मिनट विलंबित रहेगी। कल्याण से सीएसएमटी की ओर जाने वाली अप जलद और अर्धजलद लोकल गाड़ियां भी धीमी पटरी पर वलवकर दिवा, मुंब्रा और कलवा होते हुए मुलुंड से पुनः जलद मार्ग पर लाई जाएंगी। इन ट्रेनों का संचालन भी नियत समय से 10 मिनट देरी से होगा। इसी प्रकार, कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें भी 5 वें व 6 ठें मार्ग से होकर चलेंगी।

# गणेश मूर्ति विसर्जन को लेकर बने पर्यावरण अनुकूल नीति

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का निर्देश,प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाए

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्लास्टर ऑफ पेरिस की गणेश मूर्तियों के विसर्जन के बारे में प्रथा-परंपरा का सम्मान रखते हुए पर्यावरण अनुकूल दीर्घकालिक उपायों वाली नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गणेश प्रतिमाओं के निर्माण में पर्यावरण अनुकूल सामग्री और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने के भी निर्देश दिए। प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के संबंध में न्यायालय ने निर्देश दिए है। इस पृष्ठभूमि में पर्यावरण अनुकूल त्योहार मनाने के संबंध में फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथि गृह में बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य सरकार ने राजीव गांधी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग से रिपोर्ट मांगी थी। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल काकोडकर ने रिपोर्ट प्रस्तुत की और उसमें कुछ सिफारिशें की गई हैं। बड़ी प्रतिमाओं को गहरे समुद्र में विसर्जित करने के मुद्दे का अध्ययन करना आवश्यक है। इसका अध्ययन करने के बाद मामला न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए। साथ ही सार्वजनिक गणेश विसर्जन के बाद समुद्र तटों की सफाई का ध्यान रखने के लिए ठोस उपाय करने की आवश्यकता है।



### गणेशोत्सव को परंपरा के अनुसार मनाया जाना चाहिए

सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि सार्वजनिक गणेशोत्सव को परंपरा के अनुसार मनाया जाना चाहिए। ऊंची और बड़ी गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए पर्यावरण के अनुकूल तरीके खोजे जाने चाहिए। छोटी मूर्तियों को भी कृत्रिम तालाबों में विसर्जित किया जाना चाहिए। बैठक में मुंबई महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगरानी, महाधिवक्ता वीरेंद्र सराफ, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, पर्यावरण विभाग के प्रधान सचिव प्रवीण दराडे, मुंबई महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त अमित सैनी, विधि एवं न्याय विभाग की प्रधान सचिव सुवर्णा केवले, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रभारी सदस्य सचिव रवींद्र आंधले आदि उपस्थित थे।

# अवैध हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार

## पुलिस नेटवर्क की जांच में जुटी

**मुंबई ।** क्राइम ब्रांच ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के तहत शिवडी इलाके से एक युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजय कुमार सर्वेश कुमार दिवाकर (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से तीन देसी पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह के तार जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार लेकर शिवडी के डॉकयार्ड स्थित बीपीटी इलाके में आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने स्वयंभू इच्छापूर्ति गणेश मंदिर के पास जाल बिछाया। गुरुवार को आरोपी जैसे ही वहां पहुंचा,पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया।



### तलाशी में हथियारों का जखीरा मिला

जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तीन देसी पिस्तौल,तीन मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए। जब आरोपी से हथियारों से संबंधित कानूनी दस्तावेज मांगे गए, तो उसने गोलमोल जवाब दिए। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए क्राइम ब्रांच कार्यालय लाया गया।

### हथियार बेचने के इरादे से आया था मुंबई

पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह यह हथियार बेचने के इरादे से मुंबई आया था। इसके बाद शिवड़ी पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

### मोबाइल जब्त, नेटवर्क की जांच जारी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बरामद हथियार उच्च गुणवत्ता के देशी निर्मित हैं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है और उसकी कॉल डिटेल व संपर्कों की जांच की जा रही है, जिससे तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश होने की संभावना है। क्राइम ब्रांच अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये हथियार कहां से लाए गए थे और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। अधिकारियों का मानना है कि आगे की जांच में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं और अवैध हथियार तस्करी का बड़ा नेटवर्क सामने आ सकता है।

## मनपा आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**उल्हासनगर।** शहर में नागरिकों की बढ़ रही समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा मनपा प्रशासन से अनेकों बार शिकायत की गई,जिसको लेकर मनपा आयुक्त ने समीक्षा बैठक का आयोजन किया। जिसमे कल्याण पूर्व विधायक सुलभा गणपत गायकवाड़ , विधायक कुमार आयलानी समेत अन्य जनप्रतिनिधि व मनपा के अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में नागरिकों की महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रस्तुत किया गया और कुछ अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमे प्रमुख रूप से अवैध निर्माण नियमितीकरण प्रक्रिया में तेजी लाना और “एक खिड़की योजना शुरू करना. उल्हासनगर-4 में गंभीर पानी की किल्लत, कम दबाव वाले पानी की आपूर्ति, लीकेज और पुरानी पाइपलाइन की समस्या का तत्काल समाधान करना। बढ़ाया गया पानी का बिल नागरिकों के लिए अनुचित है, इसलिए इस निर्णय को रद्द किया जाए।

# छत्रपति संभाजीनगर में युवाओं के लिए रोजगार का मेला

**प्रसिद्ध कंपनियों में 1000 से अधिक पदों पर अवसर**



**मुंबई।** राज्य के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार मेले में आए हुए उद्यमियों के पास उपलब्ध रिक्त पदों पर युवाओं को अपने कौशल और प्रशिक्षण के अनुसार रोजगार का लाभ लेना चाहिए। शुक्रवार को संभाजीनगर के छत्रपति शाहू अभियांत्रिकी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शाहू इंजीनियरिंग कॉलेज, कांचनवाड़ी में रोजगार मेला का आयोजन किया गया था जिसका उद्घाटन करने के बाद लोढ़ा बोल रहे थे, मंत्री लोढ़ा ने कहा कि देश में कौशल विकास की संकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की। उद्योगों को आवश्यक प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) और उद्यमियों के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि युवाओं को आवश्यक कौशल सिखाया जा सके और उन्हें नौकरी के बेहतर अवसर मिल सकें।

# मुंबई पुलिस ने 7 बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुंबई की एमआईडीसी पुलिस स्टेशन ने मुंबई के कुर्ला और पुणे इलाके से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिसमें छह बांग्लादेशी महिला शामिल हैं। इन सभी को नौकरी का लालच देकर मुंबई लाया गया था। मुंबई पुलिस ने 7 बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक बायजिद अयूब शेख अवैध रूप से बांग्लादेशी महिलाओं को मुंबई और पुणे जैसे बड़े शहरों में नौकरियों का लालच देकर उन्हें भारत लेकर आया और इन महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने का इरादे से लेकर आय था, लेकिन इसके पहले ही सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.



### कुर्ला में रहे थे बांग्लादेशी

पुलिस के अनुसार ये सभी बांग्लादेशी नागरिक कुछ महीनों से मुंबई के कुर्ला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे थे. यह सभी बिना किसी वैध दस्तावेजों के मुंबई में रह रहे थे. पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान इन सभी ने स्वीकार किया कि वो बांग्लादेश के नागरिक हैं और कुछ महीनों से भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे. गिरफ्तार करने के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया गया जंहा कोर्ट ने सभी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है.

पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच

एमआईडीसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुर्ला और पुणे इलाके में छापेमारी कर इस गिरोह को दबोच लिया. यदि समय रहते यह कार्रवाई नहीं की जाती तो इन महिलाओं को एक बड़े देह व्यापार रैकेट में धकेला जा सकता था. गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. फिलहाल, पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है कि क्या इसके पीछे कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह सक्रिय है.

# लोकतंत्र सेनानियों के उत्तराधिकारी मानधन के पात्र नहीं

## 1 माह का कारावास काटने वालों को मिलेंगे 20 हजार

**मुंबई।** महाराष्ट्र एक माह से कम कारावास काटने वाले लोगों को दस हजार रुपए प्रतिमाह और उनके जीवित पति या पत्नी को पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। आपातकाल के दौरान कारावास भुगतने वाले व्यक्ति को जिला कलेक्टर कार्यालय में आवेदन के साथ एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि आपातकाल के दौरान कारावास भोगने वाला व्यक्ति 2 जनवरी 2018 के पूर्व जीवित नहीं है तो उसके जीवनसाथी (पति या पत्नी) को शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि सरकारी निर्णय जारी होने की तारीख से 90 दिन होगी। किसी भी स्थिति में 25 सितंबर 2025 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। शासनादेश में कहा गया है कि इस योजना में आवेदन करने वाले आवेदक की आयु गिरफ्तारी के समय कम से कम 18 वर्ष होने की शर्त को निरस्त कर दिया गया है। इस योजना के तहत मानदेय तभी मिलेगा, जब आपातकाल के दौरान कारावास भोगने वाला व्यक्ति या उसकी पत्नी जीवित हो, उनके कानूनी उत्तराधिकारी को मानदेय अथवा बकाया राशि नहीं मिलेगी। योजना के तहत मिलने वाला बढ़ा हुआ मानदेय उक्त सरकारी निर्णय जारी होने की तिथि से देय होगा।


**पश्चिम रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा **निविदा सूचना क्रमांकः बीसीटी/25-26/98 दिनांक 24.06.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थानः चर्नी रोड स्टेशन – इनडोर एवं आउटडोर सिग्नलिंग गियर को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से प्रतिस्थापित किए जाने के संदर्भ में चर्नी रोड स्टेशन पर आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ ही साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य. (संयुक्त निविदा) (आर-1), कार्य की अनुमानित लागतः ₹1,53,61,950.34, ईएमडीः ₹2,26,800/-, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 22.07.2025, दोपहर 15.00 बजे तक, निविदा खोलने की तिथि व समयः** 22.07.2025, दोपहर 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अवलोकन करें. 0327

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking

**UNION BANK OF INDIA REGIONAL OFFICE KOLHAPUR**

1411C, Maya Chambers, Laxmipuri, Kolhapur - 416 005.

**NOTICE INVITING TENDER**

**PREMISES REQUIRED ON LEASE**

Union Bank of India requires well-constructed Commercial Premises on lease for its Branch at below mentioned Place (Location):

| Desirable Carpet Area (sq.ft.) | Location |
|---|---|
| 1200 ± 10% | **Kuwarbav**, Dist. Ratnagiri, MH ( Category - Rural ) |

The proposed premises should be exclusively on **Ground Floor ( with sufficient parking place for staff vehicles ) with good frontage** on lease rent basis for opening a bank branch. Premises should be located nearby the main road towards Ratnagiri. For further details, please visit bank's website **www.unionbankofindia.com**

Last date for submission of bids in the prescribed format is **18.07.2025 upto 4.00 pm**. The Bank reserves the right to reject any or all bids without assigning any reasons whatsoever.

**DGM**

JPPL-25


# ठाणे मनपा ने पानी से भरा खजाना

## ढाई महीने में वसूले 12 करोड़ से अधिक

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका के जलदाय विभाग ने पानी के बिल की वसूली में इस वर्ष रिकॉर्ड बना दिया है। सिर्फ 1 अप्रैल से 19 जून के बीच विभाग ने 12 करोड़ 18 लाख 98 हजार 562 रुपये का जलकर वसूल कर पिछले वर्षों की तुलना में बड़ी छलांग लगाई है। बीते साल इसी अवधि में यह वसूली महज 1 करोड़ 81 लाख 53 हजार रुपये थी, यानी इस बार 2 करोड़ 37 लाख रुपये से अधिक का इजाफा दर्ज किया गया है। जलदाय विभाग की इस सफलता का श्रेय उसकी आक्रामक रणनीति को दिया जा रहा है। इस वर्ष की शुरुआत से ही विभाग ने पुराने बकायेदारों पर विशेष ध्यान दिया और बड़ी हाउसिंग सोसायटियों से राशि वसूलने को प्राथमिकता दी। विभाग की ओर से प्रत्येक तिमाही में पानी के बिल जारी किए जाते हैं और उपभोक्ताओं को SMS के जरिए भी जानकारी दी जाती है।

# भारतीय मौसम विभाग से मनपा का हटा भरोसा

## निजी संस्था स्काईमेट से सहायता लेने का निर्णय

**मुंबई।** मानसून के दौरान भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी की जाने वाली चेतावनी अधिकांश बार फेल ही साबित होती है। अभी तक लोगों में एक राय बन चुकी है कि मौसम विभाग ने मानसून के दौरान रेड एलर्ट दिया मतलब बारिश नहीं होगी। मौसम विभाग की चेतावनी के तहत ही मनपा प्रशासन आगे काम करती है। मनपा द्वारा दी जाने चेतावनी पर किरकिरी होती है। मनपा प्रशासन ने इसी समस्या से निपटने के लिए अब एक निजी संस्था से हाथ मिलाने का निर्णय लिया है। मनपा ने निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के साथ मिलकर शहर के 24 वार्डों के लिए विशेष बारिश पूर्वानुमान सेवा शुरू करने जा रही है। यह सेवा न केवल 24 घंटे पहले अलर्ट देगी, बल्कि संभावित भारी बारिश या चरम मौसम की स्थिति से 3 से 6 घंटे पहले ही चेतावनी जारी करेगी। हालांकि आधिकारिक अलर्ट जारी करने का अधिकार भारतीय मौसम विभाग के पास ही रहेगा। मनपा स्काइमेट से वार्ड स्तर पर पूर्वानुमान लेने का निर्णय एक अतिरिक्त उपाय के रूप में किया है। मनपा सूत्रों के अनुसार इस संबंध में समझौता ज्ञापन तैयार किया जा रहा है और स्काइमेट की सेवा जुलाई महीने से शुरू होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि यह फैसला 26 मई को हुई बारिश के बाद लिया गया, जब मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट चेतावनी में देरी हुई और तब तक शहर में पानी भर गया था और सेंट्रल रेलवे की सेवाएं भी प्रभावित हुई थीं।



### 120 केंद्रों से मिलने वाले लाइव डेटा का उपयोग किया जाएगा

मनपा अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने कहा कि स्काइमेट को निःशुल्क पायलट प्रोजेक्ट के तहत शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पहले से ही कृषि क्षेत्र में स्काइमेट की सेवाएं ले रही है। स्काइमेट के सीईओ योगेश पाटिल ने कहा कि कंपनी 1 जुलाई से मुंबई के सभी 24 वार्डों के लिए हाइपरलोकल मौसम पूर्वानुमान मॉडल शुरू कर रही है। इसके लिए पिछले पांच वर्षों के मौसम डेटा और मनपा के 120 केंद्रों से मिलने वाले लाइव डेटा का उपयोग किया जाएगा। यह मॉडल दो प्रकार के पूर्वानुमान देगा एक 24 घंटे पहले का सामान्य पूर्वानुमान और दूसरा घटना से 3 से 6 घंटे पहले का तत्काल चेतावनी अलर्ट। यह पूरी सेवा निःशुल्क होगी और जुलाई से सितंबर के बीच इसकी सटीकता का मूल्यांकन किया जाएगा। स्काइमेट पहले से ही महाराष्ट्र सरकार के साथ ऐसा ही एक प्रोजेक्ट चला रही है जिसमें राज्य भर के 2,350 केंद्रों से डेटा लेकर किसानों को हर 10 मिनट में मौसम संबंधी जानकारी दी जाती है। यह साझेदारी सात वर्षों के लिए बढ़ाई गई है और भविष्य में इसे ग्राम पंचायत स्तर तक ले जाने की योजना है स्काइमेट का मानना है कि मौसम की हाइपरलोकल जानकारी भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कंपनी वायु प्रदूषण पर भी नजर रखती है और भविष्य में मुंबई में हीट स्ट्रोक व प्रदूषण से संबंधित चेतावनी देने की योजना है। इस पूरी व्यवस्था के तहत स्काइमेट को मनपा का रियल टाइम डेटा मिलेगा, जो फिलहाल मनपा की आपदा प्रबंधन वेबसाइट पर 15 मिनट की देरी से सार्वजनिक किया जाता है।


**कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,**
**सा. बां. विभाग क्र. १, पार्किंग प्लाझा बिल्डिंग ८ वा मजला,**
**सर्विस रोड, पूर्व द्रुतगती महामार्गलगत, ज्युपिटर**
**हॉस्पीटल जवळ, ठाणे – ४००६०१.**

- www.mahapwd.com | - thane1.ee@mahapwd.gov.in | - २५३६९२९३

जा.क्र.सा.बां./ठावि/निविदा/५६९८ | दिनांक : २७/०६/२०२५.

**ई-निविदा शुध्दीपत्रक क्र.१ (वेळापत्रक)**

**कामाचे नाव :-** भिवंडी तालुक्यातील मौजे चिंचवली ब्रिज ते चिंचवलीकडे जाणाऱ्या रस्त्याचे सिमेंट काँक्रीटीकरण करणे जि. ठाणे.
**अंदाजित रक्कम** ₹ २,२८,४९,३३३.००
भिवंडी तालुक्यातील भोकरी ते वडवलीकडे जाणाऱ्या रस्त्याचे सिमेंट काँक्रीटीकरण करणे जि. ठाणे.
**अंदाजित रक्कम** ₹ ३,७८,४५,८१०,००
भिवंडी तालुक्यातील भरेफाटा ते भरे गावापर्यंतच्या रस्त्याचे सिमेंट काँक्रीटीकरण करणे जि. ठाणे.
**अंदाजित रक्कम** ₹ ७,५७,०१,३२३.००

**संदर्भ:-** निविदा सुचना क्र. १३ सन २०२५-२६ या कार्यालयाचे पत्रक्र. जा.क्र/ठावि/निविदा/५०८१ दि. १०/०६/२०२५.

| अ.क्र. | निविदा | पुर्वी प्रसिध्द झालेला मजकुर / दिनांक | बदल करण्यात आलेला मजकुर/दिनांक |
|---|---|---|---|
| १ | निविदा विक्री | १७.०६.२०२५ ते ०२.०७.२०२५ | १७.०६.२०२५ ते ०४.०७.२०२५ |
| २ | निविदापुर्व बैठक | अ. क्र. १. २३.०६.२०२५<br>अ. क्र. २ व ३ २४.०६.२०२५ | - |
| ३ | निविदा उघडण्याचा दिनांक | ०३.०७.२०२५ | ०७.०७.२०२५ |

सही/-
कार्यकारी अभियंता करीता
सा.बां. विभाग क्र.१, ठाणे

DGIPR/2025-26/C1409



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

एई/एसडब्ल्यूएम/2412/एल, दिनांक 26.06.2025

**ईओआई सूचना**

**विषय :** 'एल' वॉर्ड में एचडीआईएल कुर्ला प्रीमियर कॉम्प्लेक्स में सफाई कार्य हेतु श्रमिकों की नियुक्ति के लिए स्थानीय एनजीओ संस्थाओं की नियुक्ति हेतु लॉटरी पद्धति से चयन के लिए पात्र एवं इच्छुक संस्थाओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है.

सहायक आयुक्त, एमसीजीएम 'एल' वॉर्ड द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु ईओआई आमंत्रित की जाती है.

| अ. क्र. | ईओआई क्र. | वॉर्ड | ईओआई जमा (ईएमडी) (₹) | ईओआई दस्तावेज शुल्क (₹) (अप्रतिदेय) | कोरे ईओआई दस्तावेज बिक्री अवधि | ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमडीएम/पी/1356, दिनांक 25.06.2025 | एल | ₹10,000/- | ₹ 1452/- + 18% जीएसटी = ₹ 1714/- | 28.06.2025 से 30.06.2025 (प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक) | 30.06.2025 दोपहर 03:00 बजे तक |

ईओआई दस्तावेज की पूर्ण प्रति इच्छुक पक्षों द्वारा किसी भी कार्यदिवस पर प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच ₹ 1452/- + 18% जीएसटी अर्थात ₹ 1714/- प्रति सेट का अप्रतिदेय शुल्क जमा कर निम्नलिखित पते पर स्थित सहायक अभियंता (एस.डब्ल्यू.एम.), एल वॉर्ड कार्यालय के सीएफसी से प्राप्त की जा सकती है.

सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम), एल वॉर्ड कार्यालय
द्वितीय मंजिल, एल वॉर्ड कार्यालय भवन,
यादव मंडई मार्केट, एस.जी. बर्वे मार्ग,
कुर्ला (पश्चिम), मुंबई – 400070

ईओआई को विधिवत लाख से सील कर नियत तिथि या उससे पूर्व दोपहर 3:00 बजे तक प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है.

हस्ता./-
सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) एल वार्ड

पीआरओ/819/विज्ञा./2025-26

बुखार ? तत्काल कदम उठाईये, सही और सम्पूर्ण उपचार के लिये अपने डॉक्टर से संपर्क करिये



**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे व पिंपरी चिंचवड क्षेत्र**

मुथ्था चेंबर्स-II, सेनापती बापट रोड, पुणे १६

जा.क्र.झोपुप्रा/सप्रा-२/झोपुआ/शिवाजीनगर/१७७७/२०२५ | दिनांक : १७/०६/२०२५

**जाहीर नोटीस**

**(झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र घोषीत करण्याची पूर्वसुचना)**

**प्रस्तावना –**

ज्याअर्थी, महाराष्ट्र झोपडपट्टी (सुधारणा, निर्मूलन व पुनर्विकास) अधिनियम, १९७१ (प्रस्तुत आदेशात या अधिनियमाचा उल्लेख यापुढे उक्त अधिनियम असा करणेत आला आहे) चे कलम ३ अ नुसार महाराष्ट्र शासन, गृहनिर्माण विभाग, अधिसूचना क्र.झो.पु.यो-२००४/प्र.क्र.-२१३/झो.प.सु-१, दि.३०/०६/२००५ अन्वये पुणे व पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका क्षेत्राकरिता झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे या प्राधिकरणाची स्थापना करण्यात आलेली आहे ; आणि

१) ज्याअर्थी, या प्राधिकरणाकडून उक्त अधिनियमाच्या कलम ३ ब मधील तरतुदीनुसार पुणे व पिंपरी चिंचवड महानगरपालिकांच्या क्षेत्रासाठी सर्वसाधारण झोपडपट्टी पुनर्वसन योजना तयार करण्यात आलेली असून शासनाच्या मान्यतेने सदरची सर्वसाधारण झोपडपट्टी पुनर्वसन योजना महाराष्ट्र शासनाच्या राजपत्रात दि.०१/१२/२००५ रोजी अंतिमतः प्रसिद्ध करण्यात आलेली आहे ; आणि

२) ज्याअर्थी, उपरोक्त उक्त अधिनियमातील तरतुदीनुसार खालील अनुसूचीमध्ये नमूद केलेल्या मिळकतीवर झोपडपट्टी पुनर्वसन योजना राबविण्याचे या कार्यालयाचे नियोजन आहे ; आणि

३) ज्याअर्थी, खालील अनुसूचीमध्ये नमूद केलेल्या मिळकतीचे मालमत्ता पत्रकानुसार एकूण क्षेत्र ६७६८.३४ चौ.मी. व त्रिमितीय पद्धतीने केलेल्या परिगणनेनुसार सदर क्षेत्र ८४२.९३ चौ.मी. इतके असल्याचे उपअधीक्षक, भूमी अभिलेख, झोपुप्रा, पुणे यांनी दि. ३०/०४/२०२४ रोजीच्या अहवालाने स्पष्ट केल्यामुळे सदर योजनेकरिता कमीत कमी क्षेत्र ८४२.९३ चौ.मी. क्षेत्र विचारात घेण्यात येत आहे ; आणि

४) ज्याअर्थी, मा. आयुक्त, पुणे मनपा यांनी त्यांच्याकडील पत्र क्र. GWO/१८९, दि. ०८/०४/२०२५ अनव्ये सदर जागेसंदर्भात मनपाच्या क्षेत्रीय अधिकाऱ्यांकडील वस्तुस्थिती दर्शक अहवाल सादर केला आहे ; आणि

५) ज्याअर्थी, महाराष्ट्र झोपडपट्टी (सुधारणा, निर्मुलन व पुनर्विकास) (सुधारणा), २०१७ मधील तरतूदी विचारात घेता झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र घोषित करताना कोणतीही झोपडपट्टी योजना प्रसिद्ध झाल्यानंतर यथाशिघ्र, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कोणत्याही जमिनीच्या बाबतीत मग ती पूर्वी झोपडपट्टी क्षेत्र म्हणून घोषित झालेली असो किंवा नसो व ज्या सामुहिक आर्थिक कार्यक्षेत्राचा अंतर्भाव करता येईल ती जमिन झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र म्हणून घोषित केले जाणे समर्थनीय ठरविणारी परिस्थिती अस्तित्वात असल्याबदल त्याची खात्री पटल्यावर कोणतीही सार्वजनिक प्राधिकरणे किवा राज्य विधी मंडळाने अधिनियम केलेल्या कोणत्याही कायद्यान्वये गठीत केलेल्या राज्य शासनाच्या स्थानिकसंस्था यांसह जमिन मालकांना ३० दिवसांची नोटिस आणि त्यांचे म्हणणे मांडण्याची वाजवी संधी दिल्यानंतर राजपत्रात प्रसिद्ध केलेल्या आदेशाद्वारे आणि त्यानंतर ४५ दिवसांच्या आत अशी जमीन झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र म्हणून घोषित करील असे नमूद केले आहे ; आणि

६) ज्याअर्थी, अनुसूचीमध्ये निर्दिष्ट करण्यात आलेले क्षेत्र महाराष्ट्र झोपडपट्टी (सुधारणा, निर्मुलन व पुनर्विकास) (सुधारीत अधिनियम २०१७) चे कलम ३(क) नुसार झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र म्हणून घोषित करणेकरीता मुख्य कार्यकारी अधिकारी झोपुप्रा, पुणे हे सक्षम आहेत ; आणि

७) ज्याअर्थी, अनुसूचीमध्ये नमूद क्षेत्रावर झोपडपट्टी असलेने सदरचे क्षेत्र हे झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र म्हणून घोषित करणेकामी समर्थनीय ठरणारी परिस्थिती अस्तित्वात असल्याबद्दल गाझी खात्री झालेली आहे.

त्याअर्थी, महाराष्ट्र झोपडपट्टी (सुधारणा, निर्मुलन व पुनर्विकास) अधिनियम, १९७१ मधील कलम ३(क) च्या तरतुदीनुसार खालील अनुसूचीमध्ये नमूद केलेले क्षेत्र झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र म्हणून घोषीत करण्याचे प्रस्तावित असून खालीलप्रमाणे आदेश पारित करण्यात येत आहे.

**आदेश:-**

(१) अनुसूचीमध्ये नमूद क्षेत्रावर झोपडपट्टी असलेने व ती महाराष्ट्र शासन राजपत्रामध्ये घोषीत असलेने सदरचे क्षेत्र हे झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र म्हणून घोषीत करणेकामी समर्थनीय ठरणारी परिस्थिती अस्तित्वात असल्याबद्दल माझी खात्री झालेली आहे.

(२) अनुसूचिमध्ये निर्दिष्ट क्षेत्राचे जमीन मालक अथवा मालकी हक्क प्राप्त असलेल्या व्यक्ती/संस्था यांना त्यांच्या ज्या काही सूचना/हरकती असतील त्या ३० दिवसांचे आत लेखी स्वरूपात सक्षम प्राधिकारी क्र.२. झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे यांच्याकडे सादर करण्यास फर्मविण्यात येत आहे. अशा सूचना व हरकती विचारात घेऊन या प्रकरणी ४५ दिवसांचे आत हे क्षेत्र उक्त कलमाखाली झोपडपट्टी पुनर्वसन क्षेत्र म्हणून घोषित करण्याचा निर्णय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे व पिंपरी चिंचवड क्षेत्र, पुणे या ंचे मार्फत घेण्यात येईल.

**अनुसूची**

**झोपडपट्टीचे नाव : फा.प्लॉट ८२२पै, भांबुर्डा, शिवाजीनगर, पुणे महानगरपालिका क्षेत्र – पुणे महानगरपालिका.**

**गाव : भांबुर्डा, पुणे**

| स.नं./सि.स.नं./फा.प्लॉ.क्र | जमीन/भोगवटदाराचे हक्क प्राप्त असलेल्या संस्थेचे नाव | क्षेत्र (चौ.मी.) | योजनाक्षेत्राची चतुः सिमा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुर्वेस | दक्षिणेस | पश्चिमेस | उत्तरेस |
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ |
| फा.प्लॉट ८२२पै, | पुणे महानगरपालिका | ८४२.९३ चौ.मी. | फा.प्लॉट ८२२पै, | फा.प्लॉट ८२२पै, | लागू रस्ता | फा.प्लॉट ८२० व फा. प्लॉट ८१९ |

सदरचा आदेश हा माझे सहीने व कार्यालयाच्या शिक्क्यासह पारित करण्यात येत आहे. **(नीलेश र. गटणे),(भा.प्र.से.)**

**स्थळ :** झो.पु.प्रा.पुणे
**दिनांक :** १७/०६/२०२५

शिक्का

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे व पिंपरी चिंचवड क्षेत्र, पुणे

हमारा महानगर

# नया अखाड़ा बन रहा अंतरिक्ष

भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आइएसएस में दाखिल होकर एक नया इतिहास रचा। वह एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं। यह मिशन नासा, इसरो और यूरोपियन स्पेस एजेंसी का समन्वित प्रयास है। इस मिशन के दौरान 60 वैज्ञानिक परीक्षण किए जाएंगे। इन परीक्षणों में 31 देशों का योगदान होगा,जिनमें सात परीक्षणों में इसरो की सक्रिय भूमिका है। ये परीक्षण माइक्रोबायोलाजी, बायोटेक्नोलाजी,पदार्थ विज्ञान, मानव शरीर विज्ञान एवं अंतरिक्ष तकनीक जैसे विविध विषयों से जुड़े हैं। यह मिशन अंतरिक्ष अन्वेषकों को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन तक ले जाने, प्रवास या अंतरिक्ष में प्रयोग-परीक्षण करने तक ही सीमित नहीं। इसमें उस भविष्य की कुंजी निहित है, जिसमें अंतरिक्ष केवल अन्वेषण का ही एक केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि वह व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक मोर्चे के रूप में भी स्थापित होगा। यह स्पष्ट है कि आने वाले दशकों में अंतरिक्ष भूराजनीति, वैश्विक शक्ति समीकरण और आर्थिक वृद्धि को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा। चाहे उपग्रह संचार से लेकर रक्षा प्रणालियों का मामला हो या संसाधन उत्खनन से अंतरिक्ष पर्यटन का विषय, उनमें देशों की अंतरिक्ष क्षमताएं ही यह निर्धारित करेंगी कि कौन देश इसमें बढ़त बनाएगा और कौन अनुसरण करेगा। अंतरिक्ष में नियंत्रण का अर्थ है संचार पर नियंत्रण? यह स्थिति युद्ध और टकराव में बहुत उपयोगी साबित होती है। सैटेलाइट नेटवर्क की महत्ता तो सैन्य संचार से लेकर रियल टाइम नेविगेशन और जलवायु निगरानी के मोर्चे पर पहले ही सिद्ध हो चुकी है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका उदाहरण है। जब रूस ने यूक्रेन के संचार ढांचे को तबाह कर दिया तब एलन मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट सुविधा ही यूक्रेन के काम आई। आधुनिक समर नीति में भी अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण पहलू है। सशक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम वाले देशों को स्वाभाविक रूप से सामरिक बढ़त मिलती है। ईरान-इजरायल के हालिया युद्ध में भी इसका प्रमाण दिखा, जहां ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों को इजरायल के एयरो-3 डिफेंस सिस्टम ने पृथ्वी के वायुमंडल की सीमा से बाहर ही निष्प्रभावी कर दिया। यह दर्शाता है कि अंतरिक्ष परिसंपत्तियों पर नियंत्रण कैसे आधुनिक समर नीति को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है। बीते दिनों भारत के आपरेशन सिंदूर में भी सैटेलाइट कैमरों की उपयोगिता दिखी, जिन्होंने लक्ष्यों को चिह्नित करने और नुकसान के आकलन में अहम भूमिका निभाई। इन्हीं पहलुओं को देखते हुए अमेरिका ने अपनी अंतरिक्ष परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए स्पेस फोर्स नाम से एक अलग सैन्य इकाई का गठन किया है। भारत भी इस संकल्पना को साकार करने की दिशा में बढ़ने जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर भी अंतरिक्ष नया अखाड़ा बन रहा है। अंतरिक्ष पर्यटन अब कोई कपोल-कल्पना नहीं। कुछ कंपनियों-संगठनों ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सेवाएं शुरू कर दी हैं। इसरो भी इस दिशा में काम कर रहा है और उसकी 2030 तक अंतरिक्ष पर्यटन शुरू करने की योजना है। 2030 तक वैश्विक अंतरिक्ष पर्यटन कारोबार के 85,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। चूंकि भारत की पहचान विश्वसनीय और किफायती प्रक्षेपण क्षमताओं वाले देश की है, इसलिए यह मानने के अच्छे भले कारण हैं कि इस बाजार में उसे बड़ा हिस्सा प्राप्त होने वाला है। विस्तार ले रही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में वही देश बाजी मारने में सफल हो सकते हैं,जो मनुष्यों से लेकर मशीनों को अपने दम पर अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम होंगे। ऊंचे दांव वाली इस होड़ में भारत बिल्कुल सटीक मौके पर कदम बढ़ा रहा है। एक वैश्विक अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा में एक्सिओम-4 मिशन एक मील का पत्थर है। सीधे तौर पर इसका सरोकार भारत के गगनयान कार्यक्रम से जुड़ा है, जिसके अंतर्गत स्वदेश निर्मित यान के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की योजना है। यह 2027 तक संभव हो सकता है। हालांकि भारत के इरादे इससे कहीं ज्यादा बड़े हैं। भारत का लक्ष्य वर्ष 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन-बीएएस के रूप में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना है। यह केंद्र अत्याधुनिक शोध-अनुसंधान, नवाचार एवं लंबी अवधि वाले मिशन के लिए एक मंच की भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही भारत अंतरिक्ष में स्थायी मानवीय उपस्थिति वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान लाइफ साइंस, कक्षीय परिचालन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मोर्चे पर सीखे जाने वाले सबक बीएएस के डिजाइन और संचालन ढांचे को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे। अंतरिक्ष में मूल्यवान संसाधनों का भंडार भी छिपा है। इस संदर्भ में मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह (एस्टेरायड) बेल्ट सर्वाधिक संपन्न है। इनमें प्लेटिनम, सोना, कोबाल्ट, लीथियम जैसे वैसे दुर्लभ संसाधन हैं, जो बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक जैसी आधुनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में बेहद महत्वपूर्ण हैं। पृथ्वी पर सिकुड़ते संसाधनों को देखते हुए भविष्य की आर्थिकी में अंतरिक्ष खनन का महत्व बढ़ेगा। समझ लीजिए कि संपूर्ण विश्व का सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी करीब 100 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर है तो केवल क्षुद्रग्रह बेल्ट की हैसियत ही दुनिया के उत्पादन से करीब 8,000 गुना अधिक है। यानी वहां मौजूद खनिजों का मूल्य इतना अधिक है कि पूरी दुनिया अगली 80 शताब्दियों तक कमाई के जरिये ही उसकी बराबरी कर पाएगी। जो देश इन इलाकों में सबसे पहले पहुंचकर उसके कुछ हिस्से पर अपना नियंत्रण स्थापित करेंगे, वही भविष्य के उद्योगों की आवश्यकताओं की आपूर्ति के चक्र को नियंत्रित कर सकेंगे। वे कीमतों के निर्धारण, नए उद्यमों की स्थापना और वैश्विक बाजारों को आकार देंगे। यही वजह है कि अंतरिक्ष में पैठ भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। अपनी क्षमताओं और महारत से भारत विभिन्न देशों के साथ साझेदारी और प्रशिक्षण के जरिये अंतरिक्ष में विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं का नेतृत्व कर सकता है। यह रणनीति कूटनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ करने के साथ ही अंतरिक्ष अन्वेषण को भी कहीं अधिक समावेशी एवं न्यायसंगत बनाएगी।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*उनको लगता है किया मैंने रिपु को ध्वस्त*
*मगर हकीकत देखिए,शत्रु दिख रहा मस्त*
*शत्रु दिख रहा मस्त, शुरू है धमकी-चमकी*
*इसे असर हम कह सकते हैं बीयर रम की*
*कह सुरेश हे ट्रंप सखा यूं मत पगलाओ*
*खतम हुआ यूक्रेन, उसे भी तो समझाओ*

# रूस-चीन असंभव काम करने की कोशिश कर रहे हैं

> अमेरिका सोचता है कि अगर भारत को नहीं रोका गया तो वो दूसरा चीन बन सकता है। अमेरिका ने रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझाया हुआ है , लेकिन वो रूस को आगे बढ़ने से रोक नहीं पा रहा है। भारत और चीन की मदद से रूस न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है बल्कि युद्ध भी जारी रखे हुए है। अमेरिका चीन को तो रूस की मदद करने से नहीं रोक सकता,लेकिन भारत को रोकने की पूरी कोशिश कर रहा है।



वैश्विक राजनीति आज ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां कोई भी देश दूसरे देश पर विश्वास करने को तैयार नहीं है और दूसरी तरफ दुनिया एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था से निकलकर बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर चल पड़ी है। अब भी अमेरिका अकेली महाशक्ति है लेकिन रूस,चीन और भारत उसे चुनौती दे रहे हैं। अमेरिका को यह बर्दाश्त नहीं है इसलिए वो रूस और चीन के रास्ते में रोड़े अटका रहा है। अमेरिका पहले भारत को साथ लेकर चीन को आगे बढ़ने से रोकना चाहता था लेकिन अब उसे भारत से भी डर लगने लगा है। अमेरिका सोचता है कि अगर भारत को नहीं रोका गया तो वो दूसरा चीन बन सकता है। अमेरिका ने रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझाया हुआ है,लेकिन वो रूस को आगे बढ़ने से रोक नहीं पा रहा है। भारत और चीन की मदद से रूस न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है बल्कि युद्ध भी जारी रखे हुए है। अमेरिका चीन को तो रूस की मदद करने से नहीं रोक सकता लेकिन भारत को रोकने की पूरी कोशिश कर रहा है। रूस को यह बात समझ आ गई है कि अगर अमेरिका का मुकाबला करना है तो उसे चीन और भारत को साथ लाना पड़ेगा. तभी अमेरिका का मुकाबला किया जा सकता है । रूस की सोच अपनी जगह सही हो सकती है,लेकिन वर्तमान हालातों में यह काम असंभव लगता है कि चीन और भारत को साथ लाया जा सके । कुछ मुद्दों पर भारत चीन के साथ मिलकर काम कर सकता है लेकिन उसके साथ भारत के हितों का इतना टकराव है कि एक सीमा से आगे भारत नहीं बढ़ सकता । वास्तव में भारत के लिए चीन से ज्यादा अमेरिका के साथ मिलकर चलना ज्यादा आसान है। इसके अलावा भारत के अमेरिका के सहयोगी देशों के साथ भी अच्छे सम्बन्ध हैं । भारत और चीन की दोस्ती कितनी मुश्किल है, ये बात चीन में चल रही एससीओ संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक से पता चल जाती है। इस संगठन के सदस्य देशों की संख्या दस है और इसमें पाकिस्तान और ईरान भी शामिल हैं। चीन आजकल पाकिस्तान को अपने प्राक्सी के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। अब ये अलग बात है कि अमेरिका की भी यही कोशिश है। पाकिस्तान का भी अजीब है,वो कभी चीन की गोदी में बैठ जाता है तो कभी अमेरिका की गोदी में चला जाता है। वास्तव में दोनों ही देश पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं । भारत का दबाव था कि एससीओ के साझा घोषणापत्र में आतंकवाद का मुद्दा शामिल किया जाए क्योंकि ये बैठक ही क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर हो रही थी । चीन ने साझा घोषणा पत्र में बलूचिस्तान का जिक्र करके भारत को घेरने की कोशिश की लेकिन पहलगाम का जिक्र तक नहीं किया । भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक में शामिल होने के लिए चीन गए हुए हैं, उन्होंने सबके सामने पाकिस्तान को इस वैश्विक मंच पर बेनकाब करने का काम किया । उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि आतंकवाद के अपराधियों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराना ही होगा और इससे निपटने में दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए । उन्होंने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के साथ आतंकवाद को नीतिगत हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित है । उनका कहना है कि आतंकवाद को पालना और गलत हाथों में परमाणु हथियार होना दोनों गलत हैं और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए । इसके अलावा उन्होंने कहा कि जो लोग अपने संकीर्ण और स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करते हैं, उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे । उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि हमने आतंकवाद का समुचित जवाब दिया है और भविष्य में भी देंगे । उन्होंने चीन पर निशाना लगाते हुए कहा कि आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं है । उन्होंने मंच से दोहराया कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है । चीन और पाकिस्तान ने आतंकवाद के मुद्दे से दुनिया का ध्यान हटाना चाहा लेकिन राजनाथ सिंह ने साझा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया जिसके कारण एससीओ का संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका । इससे पहले चीन गए हुए एनएसए अजित डोभाल ने भी चीन को उनके देश में ही सुना दिया कि आतंकवाद के प्रति उसका दोहरा रवैया भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। वास्तव में भारत पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ जब भी संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव लाया है, उसे चीन ने वीटो कर दिया है । चीन के हथियारों से ही पाकिस्तान भारत से लड़ रहा था और इसके अलावा भी चीन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसकी मदद की थी । चीन अन्य मुद्दों पर भारत के साथ मिलकर चल रहा है,लेकिन उसके भारत के साथ मतभेद कम नहीं हैं। रूस आरआइसी बनाना चाहता है जिसमें रूस,चीन और भारत शामिल होंगे,लेकिन यह रूस की कोई नई सोच नहीं है। पिछले बीस सालों से रूस इसकी कोशिश कर रहा है, लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिली है । रूस चाहता है कि भारत और चीन इस तरह से मिल जाएं जैसे अमेरिका और यूरोप मिलकर चलते हैं लेकिन यह असंभव लगता है । वैसे देखा जाए तो रूस की कोशिश से भारत और चीन के बीच विवादों में कमी आती जा रही है । यही कारण है कि चीन ने पिछले वर्ष एक कार्टून बनाया था जिसमें हाथी और ड्रैगन मिलकर नाचते हुए दिखाए गए थे । ड्रैगन चीन का और हाथी भारत का प्रतीक मानते हुए यह दर्शाने की कोशिश की गई थी कि दोनों देश मिलकर चल सकते हैं । चीन के साथ समस्या तब शुरू हो जाती है जब आतंकवाद पर उसके दोहरे रवैये की बात आती है । वो आज भी हमारे अक्साई चीन पर कब्जा करके बैठा हुआ है । इसके अलावा भी चीन भारत के कई इलाकों पर अपना दावा पेश करता रहता है । अरुणाचल प्रदेश का तो उसने नाम भी बदला हुआ है । इसके अलावा भारत का चीन के साथ व्यापारिक संतुलन भी समस्या है क्योंकि ये बहुत ज्यादा चीन की तरफ झुका हुआ है । भारत चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा है क्योंकि चीन पर भारत की निर्भरता बहुत ज्यादा है लेकिन एक बात तो सच है कि अमेरिका अब दुनिया पर कुछ ज्यादा ही दादागिरी चला रहा है. भारत और चीन की ये साझी समस्या है। **– राजेश कुमार पासी**

# दुश्मन की नींद उड़ाने वाला भारत का ‘आकाशतीर’

आकाशतीर नाम का यह स्वदेशी ड्रोन हाल ही में भारत-पाक संघर्ष के दौरान इस्तेमाल हुआ और इसकी ताकत देखकर पाकिस्तान ही नहीं, चीन और अमेरिका तक हैरान रह गए। ये ड्रोन पाकिस्तान की सीमा में बिना किसी शोर और रडार सिग्नल के गया, अपना टारगेट पूरा किया और सही-सलामत लौट भी आया। किसी को भनक तक नहीं लगी। भारत के इस “निर्जीव जाबांज-योद्धा” को अमेरिकी एक्सपर्ट्स ने भी मान लिया कि भारत की ये तकनीक स्टील्थ टेक्नोलॉजी में अब दुनिया के सबसे आगे वाले देशों की बराबरी कर रही है। “आकाशतीर” की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसे चलाने के लिए इंसान की सीधी जरूरत नहीं पड़ती। ये खुद फैसला करता है – कहां जाना है, किसे निशाना बनाना है, और कैसे निकलना है। केवल एक बार फीड कर दिया, निश्चिंत जबकि दुनिया के बाकी देश अभी भी इंसानी कंट्रोल पर निर्भर हैं. भारत ने ऐसा सिस्टम तैयार कर लिया है जो बिना देरी के खुद ही निर्णय ले सकता है। यही वजह रही कि पाकिस्तान की एयर डिफेंस पूरी तरह फेल हो गई। न रडार में आया, न अमेरिका से मिले AWACS सिस्टम ने कोई अलर्ट दिया। इस ड्रोन को DRDO, BEL और ISRO ने मिलकर बनाया है। इसे सिर्फ ड्रोन कहना ठीक नहीं होगा क्योंकि यह एक पूरा सिस्टम है – ‘सिस्टम ऑफ सिस्टम्स’। ISRO के Cartosat और RISAT जैसे उपग्रह इसे रियलटाइम तस्वीरें और डेटा भेजते हैं। इसके साथ ही भारत का अपना NAVIC GPS सिस्टम इसे ज़बरदस्त सटीकता देता है जो पहाड़ी और दूर-दराज इलाकों में अमेरिका या चीन के GPS सिस्टम से भी बेहतर साबित हुआ है। आकाशतीर की काम करने की रफ्तार भी लाजवाब है। सेकंडों में ये नया रूट बना लेता है, अपने मिशन को एडजस्ट कर लेता है और टारगेट की पहचान बदल भी सकता है। यह सब बिना किसी इंसानी आदेश के होता है। इसकी वजह से पाकिस्तान को पता ही नहीं चला कि कब हमला हुआ और कब मिशन खत्म हो गया। ये रणनीतिक चुप्पी अब चीन के सैन्य




गलियारों में भी चिंता का कारण बन गई है, क्योंकि उन्हें लगने लगा है कि भारत अब सिर्फ रक्षात्मक नहीं, आक्रामक टेक्नोलॉजी में भी आगे बढ़ रहा है। तुर्की ने भी माना है कि भारत का ये ड्रोन अब एक नया बेंचमार्क बन गया है। तुर्की के बायरकटर ड्रोन, जिन पर वो गर्व करता था, अब पीछे छूटते दिख रहे हैं। आकाशतीर का एआई-संचालित ड्रोन झुंड (swarm) एक साथ कई टारगेट पर अटैक कर सकता है और खुद तय कर सकता है कि कौन सा टारगेट पहले खत्म करना है। इसे चलाना भी इतना आसान है कि एक जवान जीप में बैठकर लैपटॉप से भी इसे ऑपरेट कर सकता है। भारत अब सिर्फ रक्षा उपकरण खरीदने वाला देश नहीं है। अब हम खुद बना रहे हैं, और वो भी ऐसी टेक्नोलॉजी जो दुनिया को चौंका रही है। आकाशतीर सिर्फ एक ड्रोन नहीं है, ये भारत की आत्मनिर्भरता, तकनीकी ताकत और नए सामरिक युग की शुरुआत है।

अब भारत मैदान में है – तकनीक के साथ, आत्मबल के साथ और विजन के साथ।

सीजफायर हुआ। मजा नहीं आया।

पर युद्ध क्या मजा देता है? नहीं... भारत मजे के लिए युद्ध नहीं करता। तो हम निराश क्यों हुए? केवल इसलिए कि

1. पीओके हमारे साथ नहीं मिलाया गया।
2. बलूचिस्तान अलग देश नहीं बना।
3. KP के रूप में नया देश सामने नहीं आया।

**पर हमें लाभ क्या हुए?**

1. शिमला समझौते से मुक्ति मिली।
2. सिंधु जल समझौते से मुक्ति मिली।
3. भारत की सैन्य श्रेष्ठता स्थापित हुई।
4. तुर्की और अज़रबैजान जैसे देशों की दोस्ती साफ हुई, इन का उम्मत के लिए प्रेम शायद योजनाकार स्पष्ट रूप से समझें, हमारे देशवासी अगर समझेंगे तो इन देशों के पर्यटन को झटका लगेगा।
5. पाकिस्तान के परमाणु शक्ति संपन्न होने के ढ़ोल की पोल खुल गई। काठ की हांडी अब अगली बार नहीं चढ़ेगी।
6.भारत को ब्रह्मोस मिसाइल के कई देशों से हजारों करोड़ के ऑर्डर मिले। और भी फायदे हुए होंगे जो वक्त के साथ सामने आएंगे।


भारत का क्षमाशील होना कमजोर की क्षमा नहीं, वीर की क्षमा है। संसार अब इस बात को समझ चुका होगा। दो पार्टियां ऐसी हैं जिनके समर्थक सबसे बड़े जाहिल हैं ,एक तो समाजवादी पार्टी और एक राष्ट्रीय जनता दल। उनको कुछ नहीं पता होता कि सरकार कैसे चलती है, कैसे नीतियां बनती है, कैसे क़ानून बनते हैं । वे बस जाति आधारित नेता के चेहरे पे वोट दे देते हैं। उनके हर वक्तव्य में जाहिलियत झलकती है। उन्हें लगता है कि POK छोले भटूरे की प्लेट है जो ऑर्डर किया और आ गया। ऐसे कदम उठाने से पहले पूरे विश्व को साथ लाना पड़ता है जिसमें कूटनीति काम आती है जो नरेंद्र मोदी जी कर रहे है। इनके इंडी अलायन्स के पार्टनर की जब सरकार थी, तब ये जम्मू कश्मीर की बात करते थे। आज बीजेपी की सरकार है तो POK पर बात होती है। इनको ये अंतर नहीं समझ में आता। इनके नेताओ ने इनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए कुछ किया ही नहीं क्योंकि उनको पता है कि ये पढ़ लिख गए तो हमें वोट ही नहीं देंगे। **– शिवानन्द मिश्रा**

# जब मन ना लगे तो क्या करें?

मन अपनी चंचलता के लिए जाना जाता है. जाने कहां मन लग जाए और कहां से उचट जाए, कोई नहीं जानता लेकिन एक दूसरा सत्य ये भी है कि मन बेलगाम घोड़ा नहीं है. हम चाहे तो मन को अपने अनुसार से मोड सकते हैं. फिर भी कई बार स्थिति ऐसी नहीं होती है कि हम मन को मोड सके. सवाल उठता है कि ऐसे समय में हम क्या करें? ऐसे में उन चीजों की पहचान करें जिससे आपका मन खुश होता है. उन क्रिएटिव कार्य की एक लिस्ट बनाएं जो मन को अच्छा लगता है जैसे कुकिंग, गार्डनिंग या फिर घर की साफ सफाई हो. बहुत सारे लोगों को टूटे-फूटे चीजों की मरम्मत करना पसंद होता है. इसमें इनका मन लगता है. कई बार दैनिक भागम भाग में कई चीजे छूटती चली जाती हैं. ऐसी चीजों की पहचान कर आप वो कार्य कर सकते हैं. पुरानी फाइलों को व्यवस्थित करने का कार्य कर सकते हैं. कोई कविता या कहानी अधूरी लिखी हुई है तो उसे पूरी कर सकते हैं. अपने आसपास पसंद की जगह घूमने या शॉपिंग करने भी आप जा सकते हैं. कई बार मन इसलिए अव्यवस्थित हो जाता है क्योंकि कुछ चीजे जीवन में छूट रही होती हैं. गैर प्राथमिक चीजों में समय व्यतीत होता चला जा रहा होता है. इसलिए अपने जीवन में चीजों की प्राथमिकता तय कीजिए. सपनो के पीछे भागने की जगह वास्तविकता की पहचान कीजिए. अक्सर होता है यह है कि सपनों को पूरा करने के प्रयास में जिंदगी की वास्तविकता पीछे, बहुत पीछे छूटती चली जाती हैं. ऐसा भी हो सकता है कि हम बहुत कुछ जीवन में प्राप्त कर ले लेकिन जिंदगी में बहुत कुछ प्राप्त करना और खुश रहना दोनों दो चीजे है. अक्सर इन बातों को पहचानने में इंसान अपने जीवन का लंबा समय लगा देता है. इसलिए अपने जीवन की प्राथमिकता तय कीजिए. उस हिसाब से अपनी दिनचर्या तय कीजिए. अपने दिनचर्या में क्रिएटिव कार्य को जरूर शामिल कीजिए। मानव शरीर में मन सबसे शक्तिशाली कारक है। पूरे शरीर को यदि कोई संचालित करने वाला है तो मन ही है। मन में अनेक प्रकार की शक्तियां निहित हैं। विद्युत की गति से भी तेज गति वाला व दसों इंद्रियों का राजा मन इतनी तीव्र गति से इधर-उधर दौड़ता है कि इसको एक स्थान पर रोकना अत्यंत दुष्कर कार्य है। यह मन समस्त ज्ञानेंद्रियों के साथ अलग-अलग व एक साथ रहकर पूरे शरीर का संचालन करता रहता है। मन में अपार शक्तियां निहित हैं, परंतु अविद्या से उत्पन्न अज्ञान से आवृत्त हो जाने के कारण वह इस पार यानी जगत के प्रपंच में, इंद्रियों के आकर्षण और सांसारिक विषयों में पड़ जाता है। वह उस पार यानी जगत से परे परा जगत को नहीं जान पाता। ऐसा मन जगत में फंसाने वाला, जीव को बंधन में डालने वाला शत्रुवत हो जाता है। मन के अंदर पूर्ण क्षमता है कि वह जगत के उस पार यानी दिव्य जगत के रहस्यों को जानकर ज्ञान से परिपूर्ण हो जाए। **– सूरज रजक**

आज का कार्टून

साभार




# क्या अमेरिका-इजरायल खामेनेई को सत्ता से हटाने में सफल हो पाएंगे !

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ‘मेक ईरान ग्रेट अगेन’ ये बयान दिया था। दरअसल अमेरिका ऐसा कह कर ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना तलाश रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, “सत्ता परिवर्तन शब्द का उपयोग करना राजनीतिक रूप से सही नहीं है लेकिन अगर वर्तमान शासन ईरान को फिर से महान बनाने में समर्थ नहीं है तो सत्ता परिवर्तन क्यों नहीं होगा? अमेरिका ने ईरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई को सत्ता से हटाने की कई बार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोशिश की है लेकिन मुस्लिम शिया धर्म के सुप्रीम लीडर खामेनेई को हटाना संभव नहीं हो सका। इस वक्त भी ईरान में सत्ता परिवर्तन की मांग उठ रही है। खुद खामेनेई के परिवार से इसकी मांग उठने लगी है। महमूद मोरादखानी ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के भतीजे हैं। वह 1986 में ईरान छोड़कर फ्रांस चले गए थे और निर्वासन की जिंदगी जी रहे हैं। महमूद मोरदखानी ने कहा है कि वह युद्ध के पक्ष में नहीं हैं लेकिन ईरानी सरकार का खात्मा ही यहाँ स्थायी शांति के लिए जरूरी है। महमूद मोरादखानी के अनुसार ‘जो भी इस शासन को मिटा सके, वह जरूरी है।‘ उनका मानना है कि कई ईरानी लोग खामेनेई के कमजोर होने से ईरान में खुश हैं। ईरान के पूर्व शहजादे रजा पहलवी ने भी शासन में बदलाव पर जोर दिया है। उनका कहना है कि तेहरान में सत्ता पतन जरूरी है। रजा पहलवी ईरान के अंतिम पहलवी शासक मोहम्मद शाह पहलवी के बड़े बेटे हैं। उनका परिवार अमेरिका में निर्वासन की जिंदगी गुजार रहा है। 1979 में देश छोड़कर भागे पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी इस वक्त काफी सक्रिय हैं। रजा अमेरिका में रहते हैं और खुद को ईरान के शासक के रूप में देखना चाहते हैं। 2016 में पहली बार जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने थे तो शाह ने ईरान में धर्मनिरपेक्ष सरकार बनाने और लोकतंत्र की बहाली की वकालत की थी। इसके बाद फिर जब ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बने तो पहलवी ने ईरान में लोकतंत्र की वकालत करते हुए पश्चिमी राष्ट्रों से उसके संबंध सुधारने पर जोर दिया था। अब जब इजरायल ने ईरान पर हमला किया तो वह इजरायल का पक्ष लेते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि ईरान में अभी कई ऐसे लोग हैं जो इजरायल की इस कार्रवाई का समर्थन कर रहे हैं और खामनेई को सत्ताच्युत करना चाहते हैं। माना जा रहा है कि अब राष्ट्रपति ट्रंप ईरान में सत्ता परिवर्तन में रजा पहलवी को समर्थन दे सकते हैं और ईरान में लोकतंत्र की स्थापना की पहल कर सकते हैं। हालाँकि खामनेई ने अपने विकल्प के तौर पर तीन उत्तराधिकारियों को चुन लिया बताया जा रहा है। ये तीनों ही मौलवी हैं यानी ईरान को इस्लामिक राष्ट्र बनाए रखने की व्यवस्था खामेनेई ने कर दी है। ईरान में अभी कई संगठन एक्टिव हैं जो चाहते हैं कि सत्ता परिवर्तन हो। इनमें पीपुल्स मुजाहिदीन या मोजाहिदीन ए खल्क यानी एमईके, ग्रीन मूवमेंट प्रमुख हैं। एमईके ऐसा संगठन है जिसे गोरिल्ला युद्ध लड़ने में महारत हासिल है लेकिन अमेरिका इसे नहीं पसंद करता क्योंकि ये संगठन रूस के नजदीक रहा है। अमेरिका विरोध के बावजूद खामेनेई को उखाड़ फेंकने की कोशिश में ये संगठन लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार खामेनेई ने ही इस संगठन को कुचला था। धीरे-धीरे खुद को खड़ा करने के दौरान संगठन अमेरिका के संपर्क में भी आ गया। इस दल के नेता को अल्बानिया में स्थापित करने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई हालाँकि आज की तारीख में ये कहना काफी मुश्किल है कि संगठन ईरान की इस्लामिक सत्ता को उखाड़ फेंकने में सक्षम है। ग्रीन मूवमेंट ईरान में 2009 में सुर्खियों में आया। राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए संगठन ने आंदोलन चलाया। देश में लोकतांत्रिक सुधारों की बात करने वाला ये संगठन खामेनेई को सत्ता से हटाना चाहता है और अक्सर विरोध प्रदर्शन करता रहता है। इस संगठन ने 2010 में बड़ा आंदोलन खड़ा किया था। इस्लामिक राष्ट्र का विरोध करने के कारण इसके आंदोलन को दबा दिया गया और इसके नेताओं को गिरफ्तार किया गया। आज की परिस्थिति में ये उम्मीद करना मुश्किल है कि ये संगठन ईरान में इस्लामिक सत्ता को हटा सकता है। **– रामस्वरूप रावतसरे**

# वोटर लिस्ट से नाम हटाने की चल रही साजिश...

**तेजस्वी यादव का चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप**

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले वोटर लिस्ट को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है।महागठबंधन ने शुक्रवार को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं।महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सुनियोजित तरीके से गरीब और वंचित तबकों के मताधिकार को खत्म करने की कोशिश कर रही है।तेजस्वी यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग जाएगा और इस बाबत ज्ञापन देगा।तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बिहार में



चुनाव आयोग 8 करोड़ मतदाताओं की मौजूदा वोटर लिस्ट को हटाकर एक नई लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया में जुटा है।उन्होंने कहा, यह बेहद खतरनाक साजिश है।भाजपा को बिहार में अपनी हार साफ दिख रही है, इसलिए वह लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही कमजोर करने में लगी है।गरीबों, मजदूरों और दलितों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश की जा रही है।तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।उन्होंने कहा, पीएम मोदी डरे हुए हैं।नीतीश कुमार बार-बार दिल्ली जा रहे हैं और बिहार में लोकतंत्र को खत्म करने की तैयारी हो रही है।

**'चुनाव आयोग का फरमान लोकतंत्र की हत्या'**

सीपीआई (एमएल) के नेता दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि जब मतदाताओं की जांच की जाएगी, तो पहले चुनाव आयोग ने पहले क्यों नहीं कहा यदि पहले से प्लानिंग थी और उसे छिपा कर रखा गया, उन्होंने कहा कि 1952 से देश में चुनाव हो रहे हैं। बिहार को प्रयोगशाला बनाया जा रहा है। यह किसी पार्टी का सवाल नहीं है।

# पटना के निबंधन कार्यालय में गोली चलने से 3 जख्मी



**पटना।** गांधी मैदान थाना के छज्जू बाग निबंधन कार्यालय में गोली चली है। इसमें तीन लोगों को पैर में गोली लगी है। सभी घायलों को पीएमसीएच भेजा गया है। फायरिंग करने वाले जवान का नाम सुधीर है। वह निजी सुरक्षा गार्ड है। फायरिंग के बाद से सुरक्षा गार्ड सुधीर गायब है। घायलों में रोहित कुमार, नितिन कुमार और अंकित है। बताया जा रहा है कि आरोपी सुधीर कुमार निबंधन कार्यालय में बिहार राज्य सहकारी बैंक के ब्रांच में तैनात था।

**गार्ड को फॉर्म देने के लिए कहा गया था**

इस घटना में सबसे बड़ी लापरवाही बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के कर्मचारियों की है। काउंटर के पास सुधीर कुमार को फॉर्म बांटने में लगा दिया गया था। गार्ड सुधीर लोगों को बारी-बारी से फॉर्म दे रहा था। लोग काउंटर पर फॉर्म लेने के लिए लाइन में खड़े थे। इस दौरान राइफल से गोली छूट गई।

# बिहार में एक रात...' पीके ने राहुल गांधी को दिया चैलेंज

**बोले- कांग्रेस का कोई वजूद नहीं**

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में इसी साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। सभी पार्टियां इस चुनाव को जीतने के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। जन सुराज भी इस चुनाव में खुद को स्थापित करने को लेकर लगी हुई है। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर बिहार में डटे हुए हैं। एएनआई को दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। प्रशांत किशोर ने कहा कि क्या राहुल गांधी ने बिहार के किसी गांव में एक रात भी बिताई है? वो पूरे जीवन में एक रात बिहार में नहीं बिताई है। वे दिल्ली में बैठकर बिहारियों का मजाक उड़ाते हैं और फिर यहां हमें ज्ञान देते हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि सीएम बनने के बाद रेवंत रेड्डी ने कहा था कि मजदूरी करना बिहारियों के डीएनए में है। वे कहते हैं कि बिहारी मजदूरी करने के लिए पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की हालत इस लिए खराब है कि वहां सब बिहारी चले आ रहे हैं। राहुल गांधी बिहार आएंगे तो उनसे पूछियेगा कि उनके पार्टी के सीएम ने ऐसा कहा है कि नहीं, अगर कहा है तो आपने उनसे क्या सवाल-जवाब किया?



**कांग्रेस ने बिहार के लिए क्या किया?**

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि राजीव गांधी ने 1989 में गांधी मैदान से घोषणा की थी कि वे बिहार के विकास के लिए 50,000 करोड़ रुपये देंगे, वह पैसा कहां गया? बिहार को डेवलपमेंट हब बनाऊंगा क्या किया? उसके बाद, कांग्रेस 15 साल तक केंद्र में सत्ता में रही। तब उन्होंने बिहार के लिए क्या किया?
पीके ने कहा कि सिक्खों के साथ गलत हुआ तो कांग्रेस ने माफी मांगी, अब बिहारियों से भी माफी मांगे। कांग्रेस के शीट शेयरिंग की बात पर पीके ने कहा कि लालू यादव जितनी भीख में देंगे उतना रहेगा, बिहार में कांग्रेस की क्या औकात है? बिहार में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है।

# भोजपुर में गंगा नदी में डूबने से छात्र की मौत



महानगर नेटवर्क

भोजपुर

भोजपुर में गंगा नदी घाट के किनारे नहाने के दौरान एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। शुक्रवार की सुबह लड़के की लाश मिली है।
मामला कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के केवटिया गांव का है। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव वार्ड नंबर-7 निवासी गौतम उपाध्याय का 19 साल का बेटा सुमित कुमार है। मृतक के परिजन धीरज कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब पांच बजे गांव के ही दुर्गा पांडेय और रामबाबू यादव के साथ गंगा नदी में नहाने के लिए केवटिया गांव स्थित गंगा घाट पर गए थे।
नहाने के दौरान वह डूब गया। इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी।

**गोताखोर की मदद से हुई खोजबीन**

स्थानीय थाना भी घटना स्थल पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन, कल शाम लड़के का शव नहीं मिल पाया था। शुक्रवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने उसके शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक अपने दो भाई व तीन बहन में छोटा था। उसके परिवार में मन मंजू देवी व तीन बहन जीतू देवी, कविता देवी,रिशु कुमारी और एक भाई रोहित कुमार है।

# थार से पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश करने वाला साहिल गिरफ्तार

**पुलिस ने गाड़ी भी जब्त की**

महानगर नेटवर्क

पटना

पटना में पुलिसकर्मियों को थार से कुचलने की कोशिश करने वाले साहिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी साहिल ने मंगलवार को पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने की कोशिश की थी। हालांकि, इस घटना में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए थे। घटना का वीडियो भी सामने आया था,जिसमें कार साफ नजर आ रही थी। कार नंबर के जरिए आरोपी की पहचान की गई और अगले दिन पुलिसकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही थार गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है।

**चेकिंग देख भागा था साहिल**

घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे की है। यहां पुलिसकर्मी एक चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने जब चेकिंग के लिए एक थार गाड़ी को रोका तो ड्राइवर ने पहले कार धीमी की, लेकिन



बाद में उसकी स्पीड बढ़ा दी और मौके से भाग निकला। जब कार चालक ने स्पीड बढ़ाई तब पुलिसकर्मी उसकी कार के आगे थे। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह भागकर खुद को बचाया। एक महिला कॉन्सटेबल गाड़ी के ठीक सामने आ गई थी, लेकिन वह भी किसी तरह कार की चपेट में आने से बच गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

आरोपी थार चालक के भागने के बाद पुलिसकर्मियों ने मोबाइल फोन से गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर की फोटो खींचने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। थार लेकर उसका ड्राइवर गर्दनीबाग की ओर भाग गया। इस बात की जानकारी ट्रैफिक के अधिकारियों के पास पहुंची और उन्होंने तुरंत ही कंट्रोल रूम से मैसेज फ्लैश कराया कि काले रंग की थार गर्दनीबाग की तरफ जा रही है। इसके बाद गर्दनीबाग, सचि-वालय, जक्कनपुर और कोतवाली थाने की पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन थार चालक अपनी गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा।

# ससुराल वालों ने की दामाद की पिटाई

महानगर नेटवर्क

औरंगाबाद

औरंगाबाद में ससुराल वालों ने अपने ही दामाद की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला रफीगंज थाना क्षेत्र के भल्लू खैरा गांव का है। मारपीट में जख्मी युवक मोहम्मद ताजिम कुरैशी उर्फ गांव निवासी कासिम कुरैशी का बेटा है। उसने बताया कि 5 साल पहले उसकी शादी गांव के ही आलमगीर कुरैशी की बेटी नाजिया खातून से हुई थी। दोनों के तीन मासूम बच्चे भी हैं। पत्नी अक्सर छोटे-छोटे बातों पर घर वालों से झगड़ा करती है।
छोड़ कर चले जाने की धमकी देती है और उसे भी ससुराल नहीं रहने के लिए कहती है। गुरुवार को उसने अपने पिता को फोन कर



झूठे आरोप लगाते हुए शिकायत की। उसके बाद उसके ससुर आलमगीर कुरेशी साला सैफ अली कुरेशी, साकिब कुरैशी, सास नसरीन खातून उसके घर पहुंचे। गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। घटना के बाद परिजन जख्मी अवस्था में उसे इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# मोतिहारी में जमीनी विवाद को लेकर चली गोली, युवक की मौत

**पूर्वी चंपारण।** पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प की घटना सामने आई है. इस दौरान लाठी-डंडे और धारदार हथियारों के साथ गोलीबारी की घटना को भी अंजाम दिया गया. इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 4 लोग जख्मी हो गए. मृत युवक की पहचान अजय सहनी के रूप में हुई है. घायलों का इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में चल रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला थरबिटिया पंचायत के भगवानपुर गांव का है. विवादित जमीन पर पकड़ीदयाल अनुमंडलीय कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस की निगरानी में घर की छत की ढ़लाई का काम चल रहा था।

# दुरंतो एक्सप्रेस की चार बोगियों में चोरी

महानगर नेटवर्क

औरंगाबाद

आनंद विहार-भुवनेश्वर दुरंतो एक्सप्रेस की चार बोगियों में यात्रियों के सामान की गुरुवार देर रात चोरी हो गई। ट्रेन संख्या 122824 जैसे ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड के कष्ठा-परैया के बीच पोल संख्या 482/10 पर पहुंची, चोरों ने बी1, बी2, एस4 और एक अन्य बोगी को निशाना बना लिया। करीब 1 बजे हुई इस घटना में चोर यात्रियों के लैपटॉप, पर्स, बैग समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। यात्रियों का आरोप है कि चोर छोटी उम्र के थे और ट्रेन का वैक्यूम खींचकर फरार हो गए। चोरी की जानकारी मिलते ही ट्रेन में मौजूद यात्रियों के बीच हंगामा मच गया। नाराज यात्रियों ने रेलवे प्रशासन और ट्रेन के अंदर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। काफी देर तक समझाने के बाद यात्रियों को गया जंक्शन लाया गया, जहां जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई गई।



**रफीगंज आरपीएफ इंस्पेक्टर, जीआरपी सर्किल इंस्पेक्टर ने की घटना की पुष्टि**

रफीगंज आरपीएफ इंस्पेक्टर रामसुमेर और जीआरपी सर्किल इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने घटना की पुष्टि की है। इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने बताया कि घटना की जांच के लिए सब इंस्पेक्टर लक्ष्मी कुमारी और पुलिस बल को ट्रेन के साथ विशेष रूप से भेजा गया है।

# बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर ने बढ़ाई चिंता

**बाढ़ नियंत्रण को कमेटी गठित**

महानगर नेटवर्क

पटना

मेजरगंज प्रखंड के रसूलपुर गांव में बागमती नदी से कटाव होने लगा है।साथ ही कटाव स्थल पर कटाव निरोधी कार्य भी जारी है।वहीं दूसरी ओर संभावित बाढ़ के मद्देनजर राज्य प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। इस कड़ी में मेजरगंज प्रखंड मुख्यालय में बाढ़ आपदा एवं उसके नियंत्रण को लेकर बीडीओ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। जानकारी मिली है कि इस बैठक में बाढ़ नियंत्रण के लिए एक संयुक्त कमेटी का गठन किया गया है।इस कमेटी में प्रियंका कौशिक वरीय उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी विनीता, नूपुर सिंहासिनी, राजपुताना राइफल्स के कमांडेंट रुद्र प्रताप एवं जनप्रतिनिधि शामिल हैं।



**रसूलपुर में कटाव स्थल का निरीक्षण जारी**

बताया गया है कि टीम के सदस्यों ने रसूलपुर में कटाव स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान कटाव निरोधी कार्य करा रहे संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।आपदा मित्र द्वारा आपदा नियंत्रण के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बोतल एवं थर्मोकोल की सहायता से लाइफ जैकेट बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। बाढ़ के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए नाव उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया है।

## व्यापार

# बिकने जा रहा IDBI सरकारी बैंक

**आपके खातों पर ऐसे होगा असर**

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

देश का सरकारी बैंक IDBI बिकने जा रहा है। इस बैंक के प्राइवेटाइजेशन का अंतिम चरण चल रहा है। शेयर खरीद समझौते को आईएमजी से मंजूरी मिल गई है। यानी जल्द ही यह बैंक प्राइवेट हो जाएगा। इसे खरीदने के लिए कई कंपनियां सामने आई हैं। रिपोर्ट की माने से तो दुबई की Emirates NBD बैंक इनमें सबसे ज्यादा आगे है,हालांकि, डील को लेकर कंपनी अभी कन्फर्म नहीं हुई है। आइए आपको बताते हैं कि अगर बैंक प्राइवेट होता है तो इसका असर आम खातों पर क्या पड़ेगा।
सरकार ने आईडीबीआई बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। बिजनेस




टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटर-मिनिस्टीरियल ग्रुप (आईएमजी) ने दो मीटिंग्स के बाद शेयर परचेज एग्रीमेंट (एसपीए) को मंजूरी दे दी है। अब इसे कोर ग्रुप ऑफ सेक्रेटरीज ऑन डिसइन्वेस्टमेंट के पास भेजा जाएगा। इसके बाद सितंबर के पहले हफ्ते में वित्तीय बोली शुरू होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एसपीए को अंतिम मंजूरी मिलने के बाद वित्तीय बोली की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए एक रिजर्व प्राइस तय किया जाएगा,जो गोपनीय रहेगा और बिडर्स को नहीं बताया जाएगा। पहले तीन शॉर्टलिस्टेड बिडर्स ने ड्राफ्ट एसपीए पर कुछ सवाल उठाए थे, जिसके कारण थोड़ी देरी हुई,लेकिन अब सरकार को भरोसा है कि प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी।
पोटेंशियल खरीदारों ने जनवरी 2024 में अपनी रुचि (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) जमा की थी। मार्केट में उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकार का मानना है कि ये साइक्लिकल इश्यूज डिसइन्वेस्टमेंट की टाइमलाइन को प्रभावित नहीं करेंगे।

# सेंसेक्स 303 अंक चढ़कर 84,059 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार, 27 जून को सेंसेक्स 303 अंक चढ़कर 84,059 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 89 अंक की तेजी रही, ये 25,638 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर 3.1% चढ़ा। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड सहित कुल 11 शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। एक्सिस बैंक और इटरनल के शेयर्स 1% गिरे।
निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में तेजी और 20 में गिरावट रही। NSE के ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.19% की तेजी रही। फार्मा, मेटल और हेल्थकेयर भी ऊपर बंद हुए। रियल्टी में 1.55% की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.43% ऊपर 40,151 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.77% गिरकर 3,056 पर बंद हुआ।

# अमेजन इंडिया ने की प्राइम डे 2025 की घोषणा




महानगर नेटवर्क

बेंगलुरु

अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि प्राइम डे 2025 भारत में पहली बार तीन दिन तक मनाया जाएगा। यह खास सेल 12 जुलाई की रात 12:00 बजे शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगी। इन 72 घंटों में प्राइम मेंबर्स के लिए जबरदस्त डील्स, शानदार बचत, नई लॉन्चिंग्स और एक्सक्लूसिव एंटरटेनमेंट का मज़ा मिलेगा, और यह सब कुछ खासतौर पर प्राइम ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। इस बार भारत में पहली बार प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे अतिरिक्त शॉपिंग का मौका मिलेगा, जिससे वे बड़े ब्रांड्स और छोटे व्यवसायों से समान रूप से खरीदारी कर सकेंगे। साथ ही, प्रमुख बैंकिंग पार्टनर्स की ओर से मिलने वाले खास ऑफर्स का भी लाभ उठा सकेंगे। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड्स, एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स और आईसीआईसीआई व एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स पर ईएमआई के जरिए भुगतान करके 10% तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं। भारत और उभरते बाजारों के लिए प्राइम, डिलीवरी और रिटर्न्स निदेशक अक्षय साही ने कहा कि प्राइम डे हमेशा से हमारे सदस्यों के लिए एक उत्सव रहा है, जहां उन्हें नई लॉन्चिंग्स, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का अनुभव मिलता है, वो भी तेज़ डिलीवरी के साथ।

# टाटा मोटर्स ने Harrier.ev की प्रारंभिक कीमतों की घोषणा की




**मुंबई।** भारत की अग्रणी 4-व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज Harrier.ev – भारत की सबसे शक्तिशाली स्वदेशी SUV की शुरुआती कीमतों की घोषणा की। इस SUV में ऐसे इनोवेशन शामिल हैं जो न सिर्फ इंडस्ट्री फर्स्ट हैं, बल्कि विश्व स्तर पर भी अग्रणी हैं। इसके साथ ही बैटरी पैक पर लाइफटाइम वारंटी जैसी सुविधा इसे लंबे समय तक भरोसेमंद बनाती है। Harrier.ev ने सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस, हर रास्ते पर चलने की क्षमता, अत्याधुनिक तकनीक और शानदार आरामदायक अनुभव प्रदान करके खुद को भविष्य की अल्टीमेट SUV के रूप में स्थापित किया है। Harrier.ev की बुकिंग 2 जुलाई से शुरू हो रही है। रियर-व्हील ड्राइव (RWD) वर्ज़नों की प्रारंभिक कीमतें 21.49 लाख से शुरू होती है।

# ACC ने लॉन्च की 'कॅन विन'

**मुंबई।** अपोलो कैंसर सेंटर (ACC) ने राष्ट्रीय कैंसर सर्वाइवर्स महीने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'कॅन विन' लॉन्च करने की घोषणा आज की। यह एक कैंसर सहायता समूह है जो कैंसर से बाहर निकलने के सफ़र में सभी को एक साथ जोड़ता है। 'साझा शक्ति जीवन बदल सकती है' इस विश्वास पर आधारित 'कॅन विन' इस ब्रांड प्लेटफार्म पर ऑन्कोलॉजिस्ट, साइको-ऑन्कोलॉजिस्ट, मरीज़ों, सर्वाइवर्स, देखभाल करने वालों और स्वयंसेवकों को एक साथ लाया जाता है। इसका उद्देश्य है यह सिर्फ़ एक समूह नहीं, बल्कि बात करने, सुनने, सीखने और ठीक होने के लिए एक सुरक्षित स्थान है। चाहे आपका हाल ही में निदान किया गया हो, उपचार चल रहा हो या आप किसी और की देखभाल करने वाले हों, या कैंसर के बाद जी रहे हों, 'कॅन विन' आपको बताता है कि आप अकेले नहीं हैं।'कॅन विन' दो शक्तिशाली विचारों को दर्शाता है: कैंसर में एक 'कॅन' है - जो ताकत और संभावना की याद दिलाता है। एक 'विन' है जो सिर्फ़ मंज़िल नहीं, बल्कि एक मानसिकता दर्शाता है। यह निर्णय है, धैर्य, शालीनता और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का। इस पहल की शुरूआत एक सत्र के साथ हुई, जिसमें कैंसर विजेताओं ने अपनी भावनात्मक कहानियों को सुनाया।

# str8bat ने लॉन्च किया क्रिकेट का अब तक का सबसे स्मार्ट स्टिकर




**मुंबई।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स टेक इनोवेटर str8bat ने आज लॉन्च किया AI-संचालित स्मार्ट स्टिकर। यह अपनी तरह का पहला स्मार्ट स्टिकर किसी भी क्रिकेट बैट को परफॉरमेंस एनालिटिक्स टूल में बदल देता है। अत्याधुनिक सेंसर तकनीक से लैस और एलीट-लेवल की सटीकता के लिए डिज़ाइन की गई, str8bat की elev8 तकनीक बैटिंग डेटा को कैप्चर करने, उसे समझाने और लागू करने के तरीके में एक बड़ी सफलता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि यह सब कुछ बल्ले के फील या फॉर्म को बदले बिना किया जाता है। यह सिर्फ एक स्टिकर नहीं, क्रिकेट का नया AI-संचालित एज है।

# ईडीआईआई ने एमएसएमई दिवस 2025 मनाया

**मुंबई।** 25वें एमएसएमई दिवस के अवसर पर, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की दृढ़ता और उद्यमशीलता की भावना का उत्सव मनाया और केम्पस में 'एमएसएमई टॉक' का आयोजन करके जमीनी स्तर के विकास और राष्ट्रीय प्रगति में उनकी भूमिका की सराहना की।
इस दिन का मुख्य आकर्षण था 'एमएसएमई टॉक' जो आर.डी. बर्हाट, संयुक्त आयुक्त, उद्योग विभाग, गुजरात सरकार द्वारा 'बदलते व्यावसायिक परिदृश्य में एमएसएमई के लिए सतत विकास पथ' विषय पर प्रस्तुत किया गया।

# एचपीसीएल ने प्रोजेक्ट सुपर 50-मेडिकल एंड इंजीनियरिंग को समर्थन दिया

महानगर नेटवर्क

मुंबई

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा भारतीय सेना के सहयोग से अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'प्रोजेक्ट सुपर 50 - मेडिकल एंड इंजीनियरिंग' के तहत एनईईटी-यूजी एवं जेईई 2025 परीक्षाओं में जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख के विद्यार्थियों के अभूतपूर्व प्रदर्शन को समर्थन प्रदान किया है। वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई इस पहल के तहत क्षेत्र के पांच केंद्रों में गहन आवासीय कोचिंग की पेशकश की जाती है। इस वर्ष, परिणाम अपेक्षाओं से बढ़कर रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 181 एनईईटी उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से 101 छात्राएं हैं जो बालिका शिक्षा एवं लैंगिक समानता के प्रति एचपीसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।




महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# पिछली सरकारों में उद्यमियों की हुई उपेक्षा

## जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा: CM योगी आदित्यनाथ

महानगर संवाददाता

लखनऊ

विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ और बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की, बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों की उपलब्धि जातीय संघर्ष करा कर परिवारवाद के नाम पर एक जनपद एक माफिया देने की रही है। इसके चलते जनता के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था।



### मुख्यमंत्री ने यूथ अड्डा का किया लोकार्पण

उन्होंने कहा कि यूपी ने 24 जनवरी 2018 में पहली बार अपने स्थापना दिवस का आयोजन किया। 1950 में यूपी की स्थापना होने के बाद से लेकर 2018 तक कभी प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन नहीं हुआ, क्योंकि पिछली सरकारों को जातीय संघर्ष कराने और इसके आधार पर प्रदेश को पहचान का संकट खड़ा करने से फुरसत ही नहीं थी। वे सब अपने परिवार के लिए कार्य कर रहे थे, प्रदेश से उनका कोई मतलब नहीं था। मुख्यमंत्री ने यूथ अड्डा का लोकार्पण किया, जिसे यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। यह मंच सभी जातियों और समुदायों के युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा।

### यूपी में प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 20 हजार रुपये

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनमें सभी जातियों और समुदायों के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। यूपी देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है। मुख्यमंत्री ने पिछले आठ वर्षों में यूपी की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2017 में प्रदेश का निर्यात मात्र 80 हजार करोड़ रुपये था, जो आज 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। प्रति व्यक्ति आय 46 हजार रुपये से बढ़कर 1 लाख 20 हजार रुपये और जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि यह प्रगति बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण संभव हुई है।

सीएम युवा मोबाइल ऐप के शुभारंभ के साथ, सरकार ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सुनिश्चित करेगा कि कोई भी युवा सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न हो। मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (सीएफसी) परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम योगी ने कहा कि आज ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं।

# संभल में अवैध रूप से बनाई गई मजार पर चला बुलडोजर

### एक्शन में पूरा निर्माण ध्वस्त

महानगर संवाददाता

संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में ऐंजौडा थाना क्षेत्र सड़क किनारे अवैध रूप से निर्मित मजार पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। सड़क किनारे बनी इस मजार पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर इसे ध्वस्त कराने की कार्रवाई की है। यह पूरी कार्रवाई राजस्व विभाग की टीम की निगरानी की गई है। दरअसल, संभल तहसील क्षेत्र के गांव अखवंदपुर काफूरपुर में गाटा संख्या 384 पर रास्ते की भूमि पर अवैध तरीके से मजार बनाई गई थी। संभल प्रशासन का लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन का क्रम जारी है। इससे लंबे वक्त से अवैध अतिक्रमण किए बैठे लोगों में हड़कंप सा मचा हुआ है। संभल में फिर एक बार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन के बुलडोजर एक्शन से हलचल तेज है। सरकारी जमीन पर बनी हुई एक मजार को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई है।



इस दौरान राजस्व विभाग की टीम के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही। मजार को हटाने के लिए संभल प्रशासन की ओर से पहले से निर्देश दिए गए थे। इसके बाद अब ये कार्रवाई सामने आई है।

दरअसल, संभल के ऐंजौडा थाना क्षेत्र में अवबंदपुर काफूरपुर गांव के पास भवालपुर बांसली मार्ग पर सड़क के किनारे पीपल के पेड़ के नीचे एक मजार अवैध तरीके से बनाई गई थी। इसको हटाने के लिए तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह की ओर से टीम गठित की गई। पिछले गुरुवार को राजस्व निरीक्षक विजयपाल सिंह अपनी विभागीय टीम और ऐंजौडा कंबोह की थाना पुलिस के साथ बुलडोजर लेकर यहां पहुंच गए। प्रशासनिक अमले की ओर से सड़क किनारे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई मजार को बुलडोजर चलवाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर ढाह दिया गया।

संभल प्रशासन की ओर से लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। अतिक्रमण की जद में चाहें मस्जिद, मजार, मंदिर या फिर मकान हों, सब पर कार्रवाई हो रही है। किसी भी तरह के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किए जाने की बात प्रशासन की ओर से कही गई है।संभल में अभियान के तहत अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का क्रम जारी है। इससे लंबे समय से अवैध निर्माण किए लोगों में हडकंप मचा हुआ हैं।

# इटावा बवाल में गगन यादव पर मुकदमा दर्ज

### अब तक 19 लोग हो चुके हैं गिरफ्तार



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा के दारापुर गांव में जातीय तनाव के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गगन यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि उनकी अपील पर अहीर रेजिमेंट के लोग गांव में जमा हुए थे। इसके बाद पुलिस और लोगों के बीच झड़प हुई, जिसमें पथराव भी हुआ। पुलिस ने 19 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाई थी।

दरअसल, गगन यादव ने अहीर रेजिमेंट के लोगों से गांव में जुटने की अपील की थी। इसके बाद गांव में जातीय तनाव बढ़ गया। पुलिस ने जब लोगों को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पथराव कर दिया। इस घटना में कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने अब तक 19 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि माहौल बिगाड़ने की साजिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस-प्रशासन अलर्ट पर है और संवेदनशील इलाकों पर नजर रख रही है।

# मुहर्रम को लेकर UP DGP के सख्त निर्देश

## अलर्ट मोड पर पुलिस, सोशल मीडिया पर पैनी नजर

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मुहर्रम के मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीजीपी राजीव कृष्ण ने सभी जिलों को सुरक्षा व्यवस्था के कड़े निर्देश जारी किए हैं। 27 जून से 6 जुलाई 2025 तक चलने वाले मुहर्रम के आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिए गए हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी नई परंपरा को अनुमति ना दी जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के



खिलाफ उचित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोनल एडीजी, आईजी, कमिश्नरेट पुलिस कमिश्नर, रेंज डीआईजी और सभी जिलों के एसएसपी-एसपी को जरुरी निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस के लिए नए रास्ते और नई परंपरा को अनुमति ना दी जाए। जहां पूर्व में विवाद हुए हैं, वहां तत्काल स्थिति का मूल्यांकन कर विवादों का समाधान किया जाए। बीट पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक और सांप्रदायिक तत्वों की सूची अपडेट कर आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी जरूरी निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुहर्रम की मजलिसों में महिलाओं की भागीदारी अधिक होती है।

# मलिहाबाद में अवैध असलहा की बना रखी थी फैक्ट्री

### 68 वर्षीय सलाहुद्दीन 'लाला' अरेस्ट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध असलहा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 68 वर्षीय सलाउद्दीन उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बड़ी संख्या में असलहे, जिंदा कारतूस, असलहा निर्माण के उपकरण और प्रतिबंधित हिरन की खाल बरामद की गई है। यह सफलता माल, मलिहाबाद और रहीमाबाद थाना क्षेत्र की संयुक्त पुलिस टीम को मिली। पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कस्बा मिर्जागंज स्थित पुराने पिक्चर हाल के पास एक व्यक्ति अवैध असलहा बनाकर उसे बाहर बेचता है और किसी ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी पेशेवर हकीम है जो दवा बनाने की आड़ में लंबे समय से इस काम को अंजाम दे रहा था। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पाया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से 8 जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सलाउद्दीन उर्फ लाला पुत्र सहाबुद्दीन, निवासी मिर्जागंज, थाना मलिहाबाद, जिला लखनऊ के रूप में हुई है। कड़ी पूछताछ में लाला ने स्वीकार किया कि वह अपने घर पर अवैध असलहे बनाता है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को उसके निवास स्थान पर ले जाकर छानबीन की। घर के बगल स्थित पुराने चलचित्र सिनेमा हाल के परिसर से जो बरामदगी हुई, वह चौंकाने वाली रही।

### ये असलहे हुए बरामद

पुलिस को आरोपी के घर से 7 एयरगन, एक रायफल (.22 बोर), अर्धनिर्मित 4 बट, असलहा निर्माण के उपकरण, एक देशी तमंचा (.315 बोर), 3 पिस्टल, दो देशी तमंचा (.22 बोर), 10 कारतूस (.315 बोर), 68 कारतूस (.22 बोर), 30 कारतूस (12 बोर), 40 खोखा कारतूस (.22 बोर), 2 जिंदा कारतूस (.32 बोर), 1 खोखा कारतूस (.32 बोर), 6 बांका, 2 छुरी, 1 आरी सहित अन्य सामग्री बरामद की गई।

# दलित युवक के साथ मारपीट

### लगाई न्याय की गुहार, लेकिन पुलिस ये क्या कह रही?

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के थाना खैर क्षेत्र में एक दलित मजदूर के साथ दबंगों की ओर से मारपीट का मामला सामने आया है। यहां मजदूर राजू लंच के समय घर जा रहा था। इसी दौरान बारिश शुरू होने पर वह अपने साथी के साथ शिवाला नहर के पास स्थित शनि देव मंदिर की आड़ में खड़ा हो गया। पास में ही खड़े कुछ लोगों ने कथित तौर पर राजू से उसकी जाति पूछी। इसके बाद उसके साथ मारपीट की। राजू ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने कहा कि तुम दलित हो। तुम्हारी औकात मंदिर में खड़े होने की नहीं है। दलित युवक की पिटाई का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना को लेकर पीड़ित राजू ने बताया कि वह 23 जून को लंच के समय घर जा रहा था। इसी दौरान कुछ दबंगों से उससे मारपीट कर दी। वह हिंदू है और जाति से जाटव समुदाय से है। वहीं, आधा दर्जन दबंगों ने जाति पूछते हुए उससे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में राजू को गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी के अनुसार, पीड़ित राजू थाना खैर के मोहल्ला सिकरवार मौर्यनगर का रहने वाला है। वर्तमान में गांव बाजना में मजदूरी कर रहा है।

# नाबालिग किशोरों को घेरकर चाकू और धारदार हथियारों से हमला

### एक की मौत, दो घायल

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया में नाबालिग किशोरों को घेरकर चाकू और धारदार हथियारों से हमला कर दिया गया। इसमें एक किशोर की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को करीब डेढ़ घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग जाम रखा।

पुलिस के आला अधिकारियों ने समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया। फिलहाल पुलिस ने सात आरोपियों को नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार पहले भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई है।

पुलिस के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के टोला शिवन राय गांव निवासी गोलू यादव (17) अपने तीन साथियों के साथ फकरु राय टोला गांव में बृहस्पतिवार को तेरहवीं में शामिल होने गया था। पुलिस ने बताया कि देर रात करीब एक बजे गोलू और उसके साथी घर लौट रहे थे कि तभी रास्ते में काली स्थान के समीप घात लगाकर बैठे लोगों ने चाकू, फरसा और लाठी से जानलेवा हमला किया।

# ब्लैकमेलिंग से आजिज आकर BSC छात्रा ने पंखे से लटककर दी जान

### दो युवकों पर लगा आरोप

महानगर संवाददाता

सुल्तानपुर

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां गांव निवासी एक 21 वर्षीय युवती ने घर में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने गांव के दो युवको पर छात्रा को ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। जिससे आहत होकर छात्रा ने यह खौफनाक कदम उठाया। मृतका बीएससी की छात्रा थी और स्थानीय कॉलेज में पढ़ाई



कर रही थी। घटना के समय घर पर मौजूद परिजनों ने जब साहीन को लटका देखा, तो चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच कराई। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर जुट गए। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की जाने लगी।

परिजनों का आरोप है कि गांव के ही दो युवक लंबे समय से युवती को ब्लैकमेल कर रहे थे। वे किसी बात को लेकर उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, जिससे परेशान होकर साहीन ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रतापगढ़ में सपा नेता गुलशन यादव की बढ़ी मुश्किलें

### इस मामले में 25 हजार का इनाम घोषित

महानगर संवाददाता

प्रतापगढ़

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस ने गुलशन यादव पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया है। यह घोषणा प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने की है। गुलशन यादव पर हत्या का प्रयास, रंगदारी, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 53 गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जो प्रतापगढ़ और प्रयागराज के विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। प्रतापगढ़ पुलिस के अनुसार, गुलशन यादव पिछले एक



साल से फरार चल रहे हैं। 2024 में मानिकपुर थाने में उनके खिलाफ एक मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें पुलिस की ओर से कुर्क किए गए बाग के आम बेचने का आरोप है। इस मामले में उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अब उनके खिलाफ इनाम की घोषणा के साथ कार्रवाई को और तेज कर दिया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर गुलशन यादव की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों पर शिकंजा कसने की प्रक्रिया जारी है। अब तक उनकी कुल 7 करोड़ 15 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी हो चुका है।इसमें प्रतापगढ़ और लखनऊ में 2.5 करोड़ रुपये की कीमत का मकान और प्लॉट पहले ही कुर्क किए जा चुके हैं। हाल ही में, गैंगस्टर एक्ट के तहत उनकी पत्नी सीमा यादव के नाम पर लखनऊ के शारदा नगर में 1 करोड़ 10 लाख रुपये की जमीन भी कुर्क की गई। इसके बाद अब ये प्रक्रिया शुरू की गई है।

# पुलिस से नोकझोंक के बाद रोकी जगन्नाथ यात्रा

### सड़क पर ही धरना और हनुमान चालीसा शुरू

**कानपुर।** कानपुर में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान साउंड सिस्टम से बज रहे भक्ति गीतों की आवाज कम करने को लेकर बवाल हो गया। पुलिस ने साउंड सिस्टम की आवाज धीमी करने को कहा तो पुलिस से नोकझोंक हो गई। भक्तों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। दारोगा पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए धरना शुरू कर दिया गया। पानी महंत जितेंद्र दास की अगुवाई में धरना शुरू हो गया। धरने के वक्त व्यापारी समेत भक्तों ने दरोगा को निलंबित करने और सख्त कार्रवाई की मांग की। बवाल की सूचना पर पहुंचे डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने आक्रोशित भक्तों को शांत कराने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। जगन्नाथ भक्त दारोगा के निलंबन की मांग पर अड़े गए।

# यूपी में 27 सालों से इस पंचायत का पता नहीं

### हर बार चुने जा रहे ग्राम प्रधान

**बलिया।** आज से लगभग 27 वर्ष पहले 1998 में घाघरा (सरयू) में आई बाढ़ के चलते कटान से रेवती ब्लाक का रामपुर मशरीक गांव पूरी तरह नदी में विलीन हो गया। यहां के लोग टीएस बंधे के दक्षिण छपरासारीव और आसपास के कुछ अन्य गांवों में बस गए। धरातल पर अपना अस्तित्व खो चुका रामपुर मशरीक गांव सरकारी रिकॉर्ड में आज भी 'जिंदा' है। बकायदा इसी पंचायत के नाम पर ग्राम प्रधान चुने जा रहे हैं और सरकारी धन का आवंटन तथा खर्च भी हो रहा है। 1998 में जब रामपुर मशरीक गांव नदी में विलीन हो गया तो करीब एक हजार से अधिक मतदाता और तीन हजार के आसपास की आबादी वाले इस गांव के लोग छपरा सारीव में आकर बस गए। ग्रामीणों के अनुसार, गांव खत्म होने के बाद भी 2001 तथा वर्ष 2011 की जनगणना में विस्थापित लोगों की गिनती रामपुर मशरीक के नाम पर ही की गई। इस गलती का




नतीजा यह रहा कि अस्तित्व खत्म होने के बाद भी गांव कागजों पर जिंदा है और प्रधान भी निर्वाचित हो रहे हैं। सरकारी रिकॉर्ड में गांव जिंदा होने के कारण यहां प्रधानी का चुनाव होता है और हर साल लाखों का बजट भी एलॉट होता है। बीते सत्र में ही पंचायत निधि से यहां विभिन्न कार्यों में 13 लाख 43 हजार रुपए खर्च किए गए हैं। हालांकि क्षेत्र पंचायत ने इस गांव के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास सर्वे में भी यह गांव बाहर है। इस संबंध में बीडीओ शकील अहमद का कहना है कि रामपुर मशरीक गांव रिकॉर्ड में जिंदा हैं। हमें यह जानकारी नहीं है कि यह गांव 27 वर्ष पहले नदी में विलीन हो चुका है।

# 2027 के चुनाव में मुसलमान के बेटे को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करें अखिलेश

### राजभर का सपा पर निशाना

महानगर संवाददाता

लखनऊ

योगी सरकार में पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। राजभर ने कहा, अखिलेश यादव 2027 के विधानसभा चुनाव में किसी मुसलमान के बेटे को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करें। राजभर बोले, जो मुसलमान नेता उनकी पार्टी में हैं, वे गुलाम हैं। सपा में रहकर वह अपनी आवाज नहीं उठा सकते, उन्हें अपने हक़ की बात करनी चाहिए। राजभर ने कहा, अखिलेश यादव आजमगढ़ जेल में बंद रमाकांत यादव से मिलने के लिए चले जाएंगे, लेकिन संभल और मुरादाबाद में किसी मुसलमान के साथ घटना होती है तो उनके पास



समय नहीं होता है। राजभर यहीं नहीं रुके। उन्होंने अखिलेश पर आरोप लगाते हुए कहा, यूपी में सात प्रतिशत यादव हैं और 20 प्रतिशत मुसलमान हैं, जिन्हें गुलाम बना रखा है। हमारा संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है।

इटावा में कथावाचक की पिटाई के मामले में ओपी राजभर ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। साथ ही बड़ी बात कह डाली। गुरुवार को उन्होंने कहा था कि शादी व पूजा-पाठ कराने का काम ब्राह्मणों का है और अगर इसे कोई यादव जाति का व्यक्ति छीनेगा तो दिक्कत तो होगी ही। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड बनाकर हक छीना जा रहा है। समाज में हर वर्ग का एक काम तय होता है और उसी के अनुसार सबको चलना चाहिए।

राजभर ने कहा कि वर्गों का जातियों में बांटा गया है। ब्राह्मणों का काम शादी-विवाह व पूजा-पाठ जैसे कार्य करना है। हलांकि उन्होंने इस घटना की निंदा की और कहा कि ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए।

# यूपी में बच्चों को बंधक बनाकर डकैती

### पांच बदमाशों ने उड़ा लाखों के नगदी और जेवर, चलाई गोली

मुजफ्फरनगर। यूपी के मुजफ्फरनगर में खतौली क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में डकैतों ने बच्चों को कमरे में बंदकर डकैती डाली और नगदी समेत लाखों के जेवर लेकर फरार हो गए। इस दौरान जाग होने पर सामने आए ग्रामीण पर बदमाशों ने गोली चलाई, जिसमें वह बाल-बाल बचा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। घटना गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। गांव मोहद्दीनपुर निवासी ग्राम प्रधान तौसीफ का भाई



अनवर दो दिनों से अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया हुआ था। घर पर अनवर का पुत्र आहन और प्रधान का बेटा अनस मकान की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे थे। बुधवार देर रात करीब ढाई बजे पांच बदमाश अनवर के मकान में घुस गए। छत पर सो रहे बच्चों का कमरा बाहर से बंद कर नीचे बने कमरे के ताले तोड़कर सामान समेटना शुरू कर दिया। मकान के सामने रहने वाले युवक ने बाहर संदिग्ध युवक को घूमते देखा। तो अनवर के रिश्तेदार शोएब को फोन से जानकारी दी।

# कलह ने एक महीने में छीन लीं 5 जिंदगियां


### थाने पहुंच रहे घरेलू विवाद, 67 परिवार टूटे

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

पारिवारिक कलह में रिश्ते बिखर रहे हैं तो लोगों की जिंदगी भी छिन रही है। जिले में ऐसे मामले तेजी से बढ़े हैं। पिछले एक माह में ही खुदकुशी के पांच मामलों की वजह पारिवारिक कलह सामने आई है तो जिले के थानों में दहेज उत्पीड़न के 67 केस दर्ज किए गए हैं। यह हाल तब है, जबकि पुलिस रिश्तों को बचाने की कोशिशों में जुटी है। लगातार बढ़ती घरेलू कलह न केवल रिश्तों में दरार डाल रही है बल्कि अविश्वास की भावना को भी बढ़ावा दे रही है। कहीं पत्नी, पति की घरेलू हिंसा का शिकार हो रही है तो कहीं पति को ही पत्नी से खतरा बना हुआ है। इन घरेलू हालातों का शिकार बच्चों को भी होना पड़ रहा है।

अधिकतर मामलों में महिलाएं ही घरेलू



हिंसा की शिकार होती रही है, लेकिन बदलते हालात में कई ऐसे केस भी सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं पर ही परिवार को बर्बाद करने के संगीन आरोप लगे हैं। महिलाओं के प्रार्थना पत्र पर एक बार काउंसलर की मदद से पहले रिश्ता बचाने की कोशिश की जाती है। काउंसलर कई मामलों में सफल भी होते हैं, लेकिन बहुतेरे मामलों में लोग छोटे से विवाद पर संबंध तोड़ने के लिए ही गवाही देते हैं। बात न बनने पर ही केस दर्ज किया जाता है। गंभीर यह है कई लोग कलह में अपनी जिंदगी ही खत्म कर ले रहे हैं। कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से महिला परिजनों के साथ पुलिस तक पहुंची। गुहार लगाई कि उसके पति बेवजह मारपीट करते हैं। परिजनों को भी गाली और धमकी देते हैं। अब वह पति की मारपीट और दुर्व्यवहार सहन नहीं कर सकती। उसे जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

खजनी थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस से गुहार लगाई कि उसके बेटे के साथ पुत्रवधू ने मायके वालों संग घर में घुसकर मारपीट की। वह बच्चों को भी मारना चाहती है। एक बच्चे को 50 हजार रुपये में बेच दिया गया था, जिसे बाद में छुड़वाना पड़ा।

# अहमदाबाद जगन्नाथ रथयात्रा में बेकाबू 'गजराज'

**DJ और सीटी की आवाज से भड़का हाथी ■ बैरिकेड तोड़कर संकरी गली में भागा ■ वन विभाग ने काबू किया**



महानगर नेटवर्क

अहमदाबाद

अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, हाथी डीजे और सीटी की आवाज से बेकाबू हुआ था। हाथी को वन विभाग के अमले ने दो मादा हाथियों की मदद से काबू में किया। इसके बाद उसे और दोनों मादा हाथियों को जुलूस से हटा दिया गया। बाकी यात्रा में 14 हाथी शामिल हुए। शुक्रवार सुबह रथ यात्रा निकल रही थी। खाड़िया क्षेत्र के पास जैसे ही रथ पहुंचा, सबसे आगे चल रहा नर हाथी अचानक उत्तेजित हो गया। तेज आवाज में बज रहे डीजे और सीटी की आवाजों से वह घबरा गया। वह तेजी से दौड़ते हुए पास की पोल गली की ओर 100 मीटर भागा, रास्ते में बैरिकेड्स तोड़ दिए और कई लोगों को गिरा दिया। हालांकि, किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

### मादा हाथियों की मदद से काबू में किया

वन विभाग के अधिकारी आर.के. साहू ने बताया कि हाथी को काबू करने के लिए दो मादा हाथियों की मदद ली गई। मादा हाथियों की उपस्थिति से नर हाथी शांत हुआ और उसे खाड़िया के पास एक सुरक्षित स्थान पर बांध दिया गया। फिलहाल वह शांत और निगरानी में है। अधिकारी ने बताया कि "हाथी को हाथी ही काबू कर सकता है, इसीलिए मादा हाथियों को बुलाया गया।"हाथी के बेकाबू होने के समय आस-पास हजारों लोग मौजूद थे। उसके दौड़ लगाते ही सड़क पर खड़े लोग घबरा गए।

# पंजाब में अब परिवार तक पहुंचा गैंगवार

- गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां की हत्या
- पंजाब में गैंगवार बढ़ने का अंदेशा

**बटाला।** पंजाब के बटाला में कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर और उसके करीबी सहयोगी करणवीर की गुरुवार रात को गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की जिम्मेदारी देवेंदर बंबीहा के गैंग ने ली है। माना जा रहा है कि अब पंजाब में एक बार फिर इन गैंग के बीच खूनी खेल शुरू हो सकता है। बटाला के एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब हरजीत कौर और करणवीर एक गाड़ी में सवार थे। जैसे ही वे दोनों अर्बन एस्टेट इलाके में अपने घर के पास पहुंचे तभी मोटरसाइकिल पर आए तीन बदमाशों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। पुलिस के मुताबिक, करणवीर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जग्गू भगवानपुरिया की मां को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने पूरे पंजाब में बदमाशों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है। हरजीत कौर और करणवीर अदालत से जुड़े एक मामले में तरनतारन गए थे और जब वे लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया। हरजीत कौर गांव की पूर्व सरपंच भी थीं। गोलीबारी की यह घटना कादियान रोड पर एक बेकरी के बाहर हुई। पुलिस को घटना की जानकारी गुरुवार रात 10.45 बजे मिली। डीएसपी परमवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# तमिलनाडु में बनेगी भाजपा की सरकार : गृह मंत्री शाह

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली/चेन्नई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। उन्होंने 2026 में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के संभावनाओं पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए की ही सरकार बनेगी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी गठबंधन का हिस्सा होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा एआईएडीएमके (AIADMK) से होगा, हालांकि उन्होंने पार्टी के महासचिव ई. पलानीस्वामी (EPS) का नाम नहीं लिया. अमित शाह ने यह बात एक तमिल अखबार को दिए इंटरव्यू में कही। उनके इस बयान को तमिलनाडु की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 1967 से अब तक किसी भी द्रविड़ दल ने राज्य में अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ सत्ता साझा नहीं की है। यदि भाजपा एनडीए के तहत सत्ता में भागीदार बनती है, तो यह एक



बड़ा बदलाव होगा। जब अमित शाह से पूछा गया कि क्या अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) एनडीए में शामिल होगी, तो उन्होंने जवाब दिया, 'चुनाव में अभी समय है।' इससे यह संकेत मिला कि भाजपा संभावित नए सहयोगियों के लिए दरवाजा खुला रख रही है।

शाह ने 8 जून को मदुरै में एक रैली को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ डीएमके (DMK) सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि डीएमके सरकार भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं पार कर चुकी है। शाह ने दावा किया कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए 450 करोड़ रुपये के पोषण किट राज्य सरकार ने एक निजी कंपनी को दे दिए, जिससे गरीबों को उनका हक नहीं मिल पाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में 4600 करोड़ रुपये का रेत खनन घोटाला हुआ है, जिससे आम जनता को ऊंची कीमत पर रेत खरीदनी पड़ी और इसका लाभ सीधे सत्ता पक्ष को मिला।

शाह ने कहा, 'मैं जनता की नब्ज़ जानता हूं और विश्वास से कह सकता हूं कि तमिलनाडु की जनता अगले चुनाव में डीएमके सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी।' वहीं, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने भी शाह की मौजूदगी में कहा कि अमित शाह राज्य में एक "साइलेंट ऑपरेशन" चलाएंगे ताकि स्टालिन सरकार को हराया जा सके. उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर तंज कसते हुए कहा, 'स्टालिन पूछते हैं कि शाह कौन हैं? मैं बता दूं, यही शाह हैं जिन्होंने हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा को सत्ता में लाया था।

# मुख्यमंत्री के काफिले के वाहनों में भर दिया पानी मिक्स डीजल

**19 वाहन हो गए खराब, पेट्रोल पंप सील**




**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के काफिले के 19 विदेश वाहन गुरुवार रात को खराब हो गए। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में इसकी वजह इन वाहनों में दूषित डीजल भरे जाने को बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह वाकया तब सामने आया, जब सीएम का काफिला रिफ्यूलिंग के लिए एक पेट्रोल पंप पर रुका। किसी को यह जानकारी नहीं थी कि पेट्रोल पंप पर कथित रूप से पानी मिलाकर तेल बेचा जा रहा था। इस घटना के बाद पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया है। पेट्रोल पंप पर डीजल भरे जाने के बाद कुछ वाहन वहां से रवाना हो गए लेकिन कुछ देर चलने के बाद ही हाईवे पर खराब हो गए। कुछ वाहन पेट्रोल पंप पर डीजल भरे जाने के बाद चल ही नहीं पाए। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव रतलाम में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे। जो 19 वाहन खराब हुए हैं, उन्हें शुक्रवार को मोहन यादव के काफिले में शामिल होने था। काफिले में शामिल एक ड्राइवर शुभम परमार ने लोकल मीडिया को बताया कि ये सभी वाहन इंदौर से शुक्रवार को होने वाले सीएम के कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया, "हम इंदौर से आए थे और एक पेट्रोल पंप पर उतरे और ईंधन भरा। पेट्रोल पंप से निकलने वाली पहली कुछ गाड़ियां हाईवे पर रुक गईं, लेकिन बाकी गाड़ियां पेट्रोल पंप पर ही रुक गईं।"ड्राइवर ने बताया कि जब उन्होंने तेल चेक किया तो पाया कि उसमें पानी मिक्स था। इस बात की जानकारी स्थानीय अधिकारियों को दी गई। स्थानीय नायब तहसीलदार आशीष उपाध्याय ने बताया कि जांच जारी है। आशीष उपाध्याय ने पेट्रोल पंप प्रशासन से भी बात की है, जिन्हें शंका है कि बीती रात हुई बारिश का पानी डीजल टैंक में चला गया हो। प्रशासन ने पेट्रोल पंप सील कर दिया है और पेट्रोल पंप के मालिक को ट्रैक कर रही है।

### जिनपिंग के फैसले से हड़कंप

# नेवी चीफ ऑफ स्टाफ और सीनियर परमाणु वैज्ञानिक बर्खास्त

**बीजिंग।** चीन में रक्षा क्षेत्र में एक बार फिर हलचल हुई है। देश की नेवी के चीफ ऑफ स्टाफ और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक की संसद सदस्यता खत्म कर दी गई है। वाइस एडमिरल ली हानजुन और लियू शिपेंग को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित किया गया है। ली हानजुन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के चीफ ऑफ स्टाफ और लियू शिपेंग चाइना नेशनल न्यूक्लियर कॉर्पोरेशन में डिप्टी चीफ इंजीनियर के पद पर थे। एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को ली हानजुन और लियू शिपेंग को हटाने के फैसले की जानकारी दी है।



साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, ली हानजुन पीएलए जनरलों की लिस्ट में सबसे नया नाम हैं, जो चीन में सैन्य अफसरों पर बीते कुछ महीने से चल रही व्यापक कार्रवाई के दायरे में आए हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीते कुछ समय में रक्षा उद्योग के कई अधिकारियों, राजनेताओं और सैन्य अफसरों को उनके पदों से हटाया है। चीनी मीडिया का कहना है कि चीन के रक्षा उद्योग और सेना में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ये कार्रवाई की जा रही है।

### हटाने की वजह का खुलासा नहीं

एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा, 'नेवी सर्विसमेन कांग्रेस ने ली हानजुन को 14वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के प्रतिनिधि के पद से हटाने का फैसला किया है। साथ ही लियू शिपेंग को एनपीसी के डिप्टी के पद से हटा दिया है।' चीन में आमतौर पर सेना में होने वालो बदलावों के पीछे की वजह नहीं बनाई जाती है लेकिन ली और लियू को एनपीसी की सदस्यता से हटाने से संकेत मिलता है कि उनके खिलाफ गंभीर आरोप हो सकते हैं।

स्थायी समिति ने कहा कि मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) से हटाने के लिए मतदान हुआ है। मियाओ हुआ एक पूर्व शीर्ष जनरल हैं, जो पीएलए का विचारधारा संबंधी कामकाज देखते थे। सीएमसी चीन की शीर्ष सैन्य कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी जिनपिंग करते हैं। चीन में बीते कुछ महीनों में ना सिर्फ सैन्य अफसर बल्कि रक्षा मंत्री भी जिनपिंग की कार्रवाई की जद में आते रहे हैं। चीन में बीते कुछ महीनों में रक्षा मंत्रियों के सिर पर तलवार लटकती रही है।

# बांग्लादेश : पूर्व चुनाव आयुक्तों पर देशद्रोह का मुकदमा

महानगर नेटवर्क

ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में 2024 के आम चुनावों में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त काज़ी हबीबुल रकीबुद्दीन, पूर्व चुनाव आयुक्त केएम नुरुल हुदा और अन्य 11 अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह और धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। इन सभी को इस सप्ताह की शुरुआत में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि इन अधिकारियों ने 2014, 2018 और 2024 के आम चुनावों में गंभीर अनियमितताएं की थीं। 2024 का आम चुनाव काज़ी आवल की अगुवाई में कराया गया था, लेकिन इस चुनाव का बहिष्कार बांग्लादेश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने किया था। चुनाव की निष्पक्षता को लेकर पहले से ही सवाल उठ रहे थे। अब पुलिस ने इन अधिकारियों पर देशद्रोह और धोखाधड़ी

**इलेक्शन में गड़बड़ी करने का आरोप**




के आरोप लगाए हैं। यह कार्रवाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) के नेताओं की शिकायत के बाद की गई है। BNP ने आरोप लगाया है कि पूर्व चुनाव आयुक्तों और चुनाव आयोग के अन्य अधिकारियों ने चुनावों में गड़बड़ी की और विपक्षी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाकर गिरफ्तार करवाया।

### पाकिस्तान में बड़ा हादसा

# स्वात नदी में एक ही परिवार के 18 लोग डूबे, चार के शव बरामद

**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात नदी में शुक्रवार को अचानक आई बाढ़ में एक ही परिवार के 18 लोग डूब गए, जिसमें से चार लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है। बचाव अभियान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पेशावर में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में रेस्क्यू-1122 के महानिदेशक शाह फहाद के हवाले से कहा गया, 'पांच अलग-अलग स्थानों पर बचाव अभियान जारी है। रेस्क्यू-1122 के 80 कर्मी अभियान में शामिल हैं।'शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह परिवार इस क्षेत्र में घूमने आए पर्यटकों के समूह का हिस्सा था। भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने पर उसमें फंस गया था। स्वात नदी यहां पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी क्षेत्र में बहती है। अधिकारियों ने बताया कि लापता हुए अन्य लोगों को खोजने के लिए तलाश अभियान अब भी जारी है। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में 7 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कल देर रात यह जानकारी दी। अथॉरिटी ने बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और खानेवाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई।

# राजा रघुवंशी हत्याकांड में ड्रग्स की एंट्री

**भाई का दावा- सोनम और राज नशा लेते थे** | **थर्ड डिग्री देकर पूछताछ की मांग**

महानगर नेटवर्क

इंदौर

इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब राजा रघुवंशी के भाई ने दावा किया है कि सोनम और उसका कथित प्रेमी राज कुशवाहा ड्रग्स लेते थे। राजा के भाई ने कहा कि थर्ड डिग्री देकर आरोपियों से पूछताछ होना चाहिए। विपिन ने कहा कि राजा के मर्डर केस में आरोपी आनंद और आकाश अपने बयान से पलट चुके हैं। पूरी संभावना है कि राज और सोनम भी अपने बयान से पलट जाएंगे। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि इसलिए हम शुरू से दोनों के नार्को टेस्ट की मांग कर रहे हैं। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि सोनम और राज दोनों ड्रग्स का सेवन करते थे, और



यही उनकी आपराधिक गतिविधियों की एक बड़ी वजह हो सकती है।विपिन ने कहा कि राजा के साथ विश्वासघात हुआ है। सोनम और राज न केवल व्यक्तिगत रूप से करीब थे, बल्कि नशे की लत में भी एक-दूसरे के साथी थे। राज ड्रग्स लेता था और सोनम भी उसी के साथ ड्रग्स लेने लगी थी। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में गिरफ्तार आरोपियों आनंद और आकाश पहले अपने बयान दे चुके थे, लेकिन अब वे पलट चुके हैं। विपिन ने आशंका जताई कि राज और सोनम भी अपने बयानों से पलट सकते हैं, जिससे मामले में सच्चाई दब सकती है। इसी आधार पर राजा के परिवार की ओर से लगातार आरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग की जा रही है। विपिन ने कहा कि अगर नार्को टेस्ट होता है तो आरोपी अपने बयानों से नहीं पलट पाएंगे और सच सामने आ जाएगा। पुलिस को चाहिए कि वह थर्ड डिग्री इस्तेमाल कर आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करे, ताकि हत्या की असली साजिश का खुलासा हो सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब तक 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिसमें सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत, आनंद कुर्मी सहित फ्लैट मालिक, चौकीदार और ब्रोकर शामिल हैं।

# ट्रंप पर भड़का ईरान : हमारे ठिकानों पर 30 हजार पाउंड का बम गिराया और आप चाहते हैं हम बात करें

महानगर नेटवर्क

दुबई

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया है कि अमेरिका के साथ उनका देश नई परमाणु वार्ता करने को इच्छुक नहीं है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार कह रहे हैं कि ईरान से जल्द ही इस मुद्दे पर बातचीत होगी। अराघची ने कहा कि इस मुद्दे पर अमेरिका से बातचीत का दरवाजा बंद है क्योंकि अमेरिका ने तीन परमाणु ठिकानों पर 30,000 पाउंड का बम गिराकर भारी गलती कर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हवाई हमलों का एक विनाशकारी दौर शुरू किया है, जिसके बारे में तेहरान का साफ मानना है कि उसके परमाणु ढांचे को गंभीर क्षति हुई है। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर



प्रसारित एक इंटरव्यू में ईरानी विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि वार्ता को फिर से शुरू करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। अराघची ने कहा, ₹वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए ना तो कोई समझौता नहीं किया गया है और ना ही कोई समय निर्धारित किया गया है, कोई वादा भी नहीं किया गया है, और हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में बात भी नहीं की है। अराघची की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस सप्ताह की शुरुआत में दिए गए उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगले सप्ताह तक वार्ता फिर से शुरू हो सकती है। ट्रंप, जिन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2015 के परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा रूप से बाहर निकाल लिया था, ने कहा है कि वह तेहरान के साथ एक नए समझौते के लिए तैयार हैं। हालांकि, ईरानी पक्ष इससे दूरी बनाए हुए है।

अमेरिका 2015 के परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले में अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम की सीमाओं पर सहमत हुआ था।

# पटना जा रहे इंडिगो विमान का टायर रांची एयरपोर्ट पर हुआ पंक्चर

महानगर नेटवर्क

रांची

झारखंड की राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शुक्रवार की दोपहर उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति बन गई, जब पटना जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के विमान का टायर पंक्चर हो गया। जिसके बाद इस विमान को रांची में ही ग्राउंडेड करना पड़ा। इसी विमान में लखनऊ जाने वाले यात्री भी सवार थे। घटना का पता चलते ही सभी यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद इस उड़ान को रद्द कर दिया गया, जिसके चलते इसमें सवार लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विमान दोपहर 3:15 बजे कोलकाता से रांची में लैंड हुआ था। लैंडिंग

**यात्रियों में मचा हड़कंप**



के बाद जब एप्रन पर विमान की नियमित जांच की गई तो अगले पहिए में तकनीकी खराबी पाई गई। ऐसे में इस उड़ान को रद्द कर दिया गया और पटना जाने वाले सभी यात्रियों को टैक्सी से पटना के लिए रवाना किया गया, जबकि पटना से लखनऊ जान वाले यात्रियों को कनेक्टिव फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया। इंडिगो एयरलाइंस के मुताबिक विमान देर रात को रांची से उड़ान भरेगा।

# भारतीय वैज्ञानिक ने एलन मस्क पर लिखी प्रेरक जीवनी

**नई दिल्ली/मुंबई।** 18 वर्षीय विवान कारुलकर, जो 'नये भारत' के एक प्रतिभाशाली और सफल किशोर लेखक व वैज्ञानिक हैं, ने अपनी तीसरी पुस्तक "Elon Musk: The Man Who Bends Reality" लिखी है। यह पुस्तक विश्वविख्यात उद्यमी और टेक्नोलॉजी आइकन एलन मस्क के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक जीवनी है। विवान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक लेखक और वैज्ञानिक के रूप में व्यापक मान्यता प्राप्त है। उन्होंने सनातन धर्म के वैज्ञानिक पक्ष पर दो पुस्तकें लिखी हैं, जिन्हें देश के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, आध्यात्मिक गुरुओं और वैज्ञानिक समुदाय से



सराहना प्राप्त हुई है। केवल 15 वर्ष की उम्र में, विवान को निकट-पृथ्वी वस्तुओं की पहचान से जुड़े शोध के लिए इन-प्रिंसिपल पेटेंट प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के साथ वे दुनिया के सबसे कम उम्र के शोधकर्ताओं और आविष्कारकों में से एक बन गए। 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी पहली पुस्तक The Sanatan Dharam: True Source of All Science लिखी। इस पुस्तक का भव्य लोकार्पण 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में हुआ। इसे मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय जी द्वारा रामलला के गर्भगृह में उनके चरणों में अर्पित कर प्रकाशित किया गया। 17 वर्ष की उम्र में विवान ने अपनी दूसरी पुस्तक The Sanatan Dharam: True Source of All Technology प्रकाशित की। अब, मात्र 18 वर्ष की आयु में, विवान एलन मस्क पर आधारित अपनी तीसरी पुस्तक लेकर आए हैं। यह जीवनी मस्क के जीवन, दृष्टिकोण, नवाचार, और उनकी प्रेरणात्मक सोच को उजागर करती है।

पेज एक का शेष...

# मराठी अस्मिता : साथ आए ठाकरे बंधु...

### ठाकरे ही ब्रांड हैं: संजय राउत

शिवसेना उबाठा के सांसद संजय राउत ने कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने 5 जुलाई को दोनों पार्टी से संयुक्त प्रदर्शन करने का सुझाव दिया और राज ठाकरे ने इस पर हामी भर दी। उन्होंने कहा कि 5 जुलाई को मनसे और शिवसेना (उबाठा) का संयुक्त विरोध प्रदर्शन होगा। राउत ने शुक्रवार को दोनों भाइयों को लेकर दो अलग-अलग पोस्ट किए और तस्वीरें शेयर की। एक पोस्ट में संजय राउत ने कहा कि जय महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के स्कूलों में अनिवार्य हिंदी के खिलाफ एक और एकजुट मोर्चा निकाला जाएगा। ठाकरे ही ब्रांड हैं।

### साथ आ सकते हैं दोनों भाई?

ठाकरे बंधुओं के बीच संभावित मेल-मिलाप की चर्चा पिछले कुछ दिन से जोरों पर है और भाषा का मुद्दा ऐसा एक मंच साबित हो सकता है, जिसकी उन्हें एक साथ आने के लिए जरूरत है। यह पहला मौका है, जब वर्ष 2006 में अलगाव के बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक सार्वजनिक मुद्दे पर खुले मंच पर साथ आ रहे हैं। दोनों नेताओं ने गुरुवार को एक ही समय पर अलग-अलग संवाददाता सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा था कि वे हिंदी और त्रिभाषा फार्मूले को थोपे जाने का पुरजोर विरोध करेंगे। हाल ही में दादर के एक रेस्तरां में मनसे नेता संदीप देशपांडे और उद्धव खेमे के वरुण सरदेसाई को एक साथ बैठकर चर्चा करते देखा गया, जिसने इस राजनीतिक गठजोड़ की पुष्टि कर दी। उद्धव ठाकरे ने 7 जुलाई को आजाद मैदान में कुछ संगठनों से आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने की घोषणा की थी, जबकि उनके चचेरे भाई राज ने कहा था कि वे 5 जुलाई को गिरगांव चौपाटी से एक गैर-राजनीतिक मार्च निकालेंगे और इसमें शिवसेना (उबाठा) सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को आमंत्रित करेंगे। इसके बाद 5 जुलाई को संयुक्त मोर्चा निकालने पर सहमति बनी। आने वाले कुछ समय में महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। अगर दोनों भाई आगे भी साथ आ गए तो मौजूदा दोनों बड़े गठबंधन के स्वरूप बदल जाएंगे।

### सभी को एक साथ आना चाहिए: सपकाल

इधर कांग्रेस ने मराठी सम्मान मोर्चे में शामिल होने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि पार्टी मोर्चे में शामिल होगी। पार्टी का रुख यह है कि सभी दलों, संस्थाओं, साहित्यकारों और मराठी प्रेमियों को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए। मनसे प्रमुख राज ठाकरे की ओर से बाला नांदगांवकर ने कांग्रेस नेता विजय वड्डेटीवार से संपर्क कर कांग्रेस को मराठी सम्मान मोर्चा में शामिल होने के लिए कहा था। वड्डेटीवार ने कहा कि यह मराठी के लिए एकजुट होने का यह समय है। उद्धव ठाकरे गुट की तरफ से संजय राउत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल से मोर्चा में शामिल होने की अपील की थी। राकांपा (एसपी) ने मोर्चे को समर्थन देने की घोषणा की है। राकांपा (एसपी) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि सभी मराठी बोलने वालों को इस मोर्चे में शामिल होना चाहिए।

# लुधियाना में मुस्कान रस्तोगी जैसा कांड !

महानगर नेटवर्क

लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी है। लाश एक नीले ड्रम में पाई गई है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि मृतक कौन था और किन कारणों के चलते उसकी मौत हुई है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में भी ऐसा मामला सामने आया था, जहां सौरभ राजपूत नाम के युवक की लाश नीले ड्रम में मिली थी। उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और आशिक साहिल शुक्ला पर हत्या के आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार, युवक की गर्दन और पैर रस्सी से बंधे हुए थे।

**नीले ड्रम में मिली युवक की पैर बंधी लाश**




स्थानीय लोगों ने तेज बदबू आने के बाद पुलिस को सूचित किया था। इसके बाद लाश का पता चला। चैनल से बातचीत में एसएचओ कुलवंत कौर ने कहा कि युवक अप्रवासी लग रहा है। फिलहाल, शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेज दिया गया है। कौर ने कहा, 'चेहरे की बनावट से युवक अप्रवासी लग रहा है। अब तक उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले है, लेकिन शव की स्थिति बहुत खराब है।

पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट से पता चल सकेगा कि मौत किन हालात में हुई है।' चैनल को पुलिस सूत्रों ने बताया, 'इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि हत्या से कुछ समय पहले ही ड्रम खरीदा गया था।'

रिपोर्ट के मुताबिक, जांच अधिकारियों ने लुधियाना में ड्रम बनाने वाले 42 यूनिट्स की पहचान की है। जिस ड्रम में लाश मिली है, वह नया लग रहा है। साथ ही पुलिस ने मौका-ए-वारदात के आसपास क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर में अन्य स्थानों पर लगे कैमरों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस संदिग्ध वाहनों पर भी नजर रखे है।

# घर में मानसिक शांति के लिए अपनाएं वास्तु टिप्स

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर किसी कोई मानसिक शांति को ढूंढ़ता है। अगर आप भी एक शांत और संतुलित रहने का माहौल बनाना चाहते हैं तो वास्तु के इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं। अगर आप भी अपने जीवन में मानसिक शांति का अनुभव करना चाहते हैं तो इन वास्तु टिप्स को अपने जीवन में अपनाकर अपने जीवन से कष्टों को दूर कर सकते हैं और शांति पूर्ण जीवन बिता सकते हैं। जानते हैं वो कौन से वास्तु टिप्स हैं जिनको अपने घर में अपनाने से आप अपनी लाइफ में बदलाव महसूस कर सकते हैं।



### घर को व्यवस्थित रखें

अपने घर में मानसिक शांति और तनाव मुक्त रहना चाहते हैं तो अपने घर को व्यवस्थित रखें। घर अगर अव्यवस्थित रहेगा तो आपको मानसिक नहीं मिलेगी। वास्तु के अनुसार पॉजीटिव एनर्जी के लिए अपने घर से अनावश्यक चीजों को हटाएं, अपने सामान को सही से व्यवस्थित करके रखें। व्यवस्थित घर आपके घर की शोभा को ही नहीं बढ़ता बल्कि शांतिपूर्ण स्थिति को भी बढ़ावा देता है।

### घर में करवाएं हल्का रंग

अपने घर में ऐसे रंग दीवारों पर करवाएं जो आपके लिए सुखदायक हो, जो आपकी आंखों को अच्छा लगे। गहरे रंग हमारी भावनाओं को प्रभावित करते हैं।साथ ही हल्के रंग मानसिक संतुलन को बढ़ावा देते हैं।

### कम फर्नीचर

अपने घर में बहुत ज्यादा चीजें या बहुत अधिक फर्नीचर ना भरें। फर्नीचर का सही स्थान पॉजीटिव एनर्जी के प्रवाह को बढ़ाता है। कमरे में फर्नीचर को इस तरह व्यवस्थित करें कि आप आराम से आ जा सकें, चलने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

### अच्छी लाइट

घर में नैचुरल लाइट और हवा की व्यवस्था होनी चाहिए। घर में ताजी हवा आपको टेंशन मुक्त रखती है और आपके मूड और स्वास्थ्य पर भी असर डालती है। इसीलिए कोशिश करें, घर में खिड़की दरवाजों की अच्छा व्यवस्था करवाएं।

### ध्यान के लिए जगह

अपने घर में एक ऐसा स्थान जरूर बनाए जहां आप ध्यान (मेडिटेशन) लगा सकें। इस दिशा को पॉजीटिव एनर्जी से भरपूर होना चाहिए। वहां पौधे जरूर रखें, जिससे आपको मेंटल पीस मिले और आप अपने आप को रिचार्ज कर सके और खुली हवा का आनंद ले सकें।




### पांच तत्व

वास्तु के अनुसार मेंटल पीस के लिए पांच तत्वों का महत्व बताया गया है। इन पांचों तत्वों तो अपने घर की सजा-सज्जा में जरूर शामिल करें। जैसे मिट्टी से बनी चीजें, एक छोटा फाउनटेंन, कैंडिल, हवा, खुली जगह। इन सब से घर में पॉजीटिव एनर्जी का फ्लो बढ़ता है।

# विनायक चतुर्थी का व्रत भगवान गणेश जी को समर्पित



हर महीने में विनायक चतुर्थी एक बार आती है। ये व्रत भगवान गणेश जी को समर्पित है। इस दिन व्रत संकल्प लेकर गणपति बप्पा की पूरे विधि-विधान के साथ उपासना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विनायक चतुर्थी का व्रत रखने से जीवन में सुख, शांति व समृद्धि बनी रहती है। दृक पंचांग के अनुसार, जून के महीने में 28 तारीख को विनायक चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा, जो आषाढ़ विनायक चतुर्थी कहलाएगी। आइए जानते हैं आषाढ़ विनायक चतुर्थी का पूजा मुहूर्त, उपाय और पूजा की विधि-

### जानें मुहूर्त

**हिन्दू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि जून 28 को सुबह 09 बजकर 53 मिनट पर प्रारम्भ हो जाएगी। तिथि का समापन जून 29 को सुबह के 09 बजकर 14 मिनट पर होगा। यह व्रत शनिवार के दिन रखा जाएगा।**

### आषाढ़ विनायक चतुर्थी पूजा-विधि

भगवान गणेश जी का जलाभिषेक करें। गणेश भगवान को पीले पुष्प, फल चढ़ाएं और पीला चंदन लगाएं। तिल के लड्डू या मोदक का भोग लगाएं। आषाढ़ विनायक चतुर्थी की कथा का पाठ करें। ॐ गं गणपतये नम: मंत्र का जाप करें। पूरी श्रद्धा के साथ गणेश जी की आरती करें। चंद्रमा के दर्शन करें और अर्घ्य दें। व्रत का पारण करें। अंत में क्षमा प्रार्थना करें।

# बारिश के मौसम में इम्यूनिटी करें मजबूत

बारिश के कारण मौसम सुहावना हो जाता है, लेकिन मजा अपने साथ कई बीमारियां और इंफेक्शन लेकर आता है। इस मौसम में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इनकी सबसे बड़ी वजह है कमजोर इम्यूनिटी। यानी अगर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, तो मौसम बदलने के साथ पनपने वाले बैक्टीरिया, वायरस या फंगस आसानी से शिकार बना सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने खानपान का विशेष ख्याल रखें। हम अपने खान-पान में कुछ सुपरफूड्स को शामिल कर अपनी इम्यूनिटी को मजबूत कर सकते हैं। हालांकि अगर बीमारी ज्यादा बढ़ जाए, तो तुरंत ही डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।



### अदरक में एंटी-बैक्टीरियल गुण

अदरक का इस्तेमाल गले की खराश, सर्दी-जुकाम, खांसी और पाचन संबंधी समस्याओं के इलाज में फायदेमंद हो सकता है। अदरक शरीर को गर्म बनाए रखता है और इंफेक्शन से भी बचाव कर सकता है।

### अदरक की चाय पिएं

सब्जी या दाल में अदरक डाल सकते हैं। शहद के साथ अदरक का रस ले सकते हैं।

### हल्दी

हल्दी प्राकृतिक रूप से इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। ये शरीर में सूजन को कम करने के साथ ही घाव जल्दी भरने में और इंफेक्शन से बचाव करने में भी मददगार हो सकता है। हल्दी का इस्तेमाल सर्दी-जुकाम, गले की खराश और वायरल इंफेक्शन में असरदार साबित हो सकता है।

### कैसे करें इस्तेमाल?

दूध में हल्दी डालकर पी सकते हैं। सब्जी, दाल या सूप में हल्दी डाल सकते हैं। हल्दी, शहद और अदरक का काढ़ा बना सकते हैं।

### तुलसी

तुलसी में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण सर्दी-खांसी, बुखार, गले की खराश दूर करने और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल?

रोजाना तुलसी के 4-5 पत्ते चबाएं। चाय या काढ़े में तुलसी तुलसी डाल सकते हैं। सूप या सब्जी में तुलसी के पत्ते डाल कर सेवन कर सकते हैं।



# बारिश के मौसम में बीमारियां का रहता है खतरा ?

*मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और टाइफाइड जैसी घातक बीमारियां बरसात के मौसम में आम बीमारियां हैं और इनमें से लगभग सभी में बुखार, कमजोरी, शरीर में दर्द जैसे कुछ सामान्य लक्षण देखने को मिलते हैं। इस सीजन में स्वास्थ्य समस्याओं से खुद को बचाने के लिए आपको अच्छी तरह से तैयार रहना चाहिए। बारिश में सबसे ज्यादा होने वाली बीमारियां कौन सी हैं ?*

बारिश का मौसम सुहावना जरूर लगता है लेकिन उमस के बढ़ने से हवा में कीटाणु भी आसानी से पनपने लगते हैं। इस मौसम में कई प्रकार के संक्रमण होते हैं। बारिश के मौसम में स्किन एलर्जी, मलेरिया और फ्लू इंफेक्शन जैसी बीमारी के मामले सामने आने लगते हैं। मौसम में नमी, गंदा पानी, मच्छर और गंदगी से संक्रमण (Infections) और वायरल बीमारियां तेजी से फैलती हैं। सही जानकारी और थोड़ी सावधानी से इन बीमारियों से बचाव संभव है।



### 1 डेंगू और मलेरिया

बारिश के बाद जगह-जगह पानी जमा हो जाता है जैसे गमले, टायर, नालियां या छतों पर। यही पानी मच्छरों की पैदाइश का घर बनता है। जिससे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलती हैं।मच्छरों के कारण फैलने वाली ये बीमारियां तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और प्लेटलेट्स की गिरावट जैसी समस्याएं पैदा करती हैं।

### 2 टाइफाइड

यह संक्रमित भोजन या पानी से फैलता है। बारिश के दौरान अक्सर नल का पानी या टैंक का पानी गंदा हो जाता है। बारिश का पानी सीवेज के पानी से मिलकर पीने के पानी को संक्रमित कर देता है। इस दूषित पानी से Salmonella Typhoid नामक बैक्टीरिया शरीर में पहुंचता है, जो टाइफाइड का कारण बनता है। इसमें तेज बुखार बनने लगता है। पेट दर्द, कमजोरी, भूख न लगना इसके लक्षण हैं।

### 3 वायरल फीवर / फ्लू

अचानक तापमान में बदलाव के कारण सर्दी, खांसी, बुखार आम हो जाता है। बारिश से पहले और बाद में तापमान में उतार-चढ़ाव होता है कभी गर्म, कभी ठंडा। इससे शरीर की इम्यूनिटी कमजोर होती है और वायरल बुखार, सर्दी-खांसी हो जाती है।

# बारिश में क्यों होता है फंगल इंफेक्शन?

इस समय देश के कई हिस्सों में मानसून का मौसम चल रहा है। ऐसे मौसम में नमी और गंदगी के कारण इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ जाता है, जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर फंगल इंफेक्शन जैसे स्किन इंफेक्शन, एथलीट्स फुट, रिंगवर्म, और कैंडिडियासिस जैसी बीमारियां आम हो जाती हैं। अगर समय पर इलाज न हो तो ये समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं। बारिश में गीले कपड़ों का लंबे समय तक शरीर से चिपका रहना इस समस्या का एक बड़ा कारण बन सकता है। आइए जानते हैं कि फंगल इंफेक्शन क्या होता है, बारिश में गीले कपड़े पहनने से ये क्यों होता है और इससे बचाव के आसान तरीके क्या हैं।

### गीले कपड़े और फंगल इंफेक्शन

बारिश में गीले हो जाना आम बात है, लेकिन कई लोग गीले कपड़ों को देर तक पहने रहते हैं या समय पर नहीं बदलते हैं। यही आदत फंगल इंफेक्शन का कारण बन सकती है। गीले कपड़े शरीर से चिपके रहते हैं, जिससे हवा नहीं पहुंच पाती और त्वचा में नमी बनी रहती है। यह फंगस के विकास के लिए बिल्कुल सही स्थिति है। खासकर टाइट कपड़ों के कारण जांघों के बीच, बगल और कमर के आसपास की जगहों पर इंफेक्शन जल्दी फैलता है। साथ ही, अगर कपड़े साफ नहीं हैं या पहले से ही नमी भरे हैं तो खतरा और बढ़ जाता है। इसके अलावा, बारिश का पानी कई बार साफ नहीं होता और उसमें कीटाणु हो सकते हैं। अगर वह कपड़ों के जरिए त्वचा से संपर्क में आता है, तो इंफेक्शन का खतरा और बढ़ जाता है। अगर शरीर पहले से ही पसीने या किसी एलर्जी से परेशान है, तो यह संक्रमण जल्दी फैल सकता है। ऐसे में बारिश में भीगने के बाद तुरंत कपड़े बदलना और त्वचा को सुखाना बहुत जरूरी है।



### कैसे करें बचाव?

**बारिश में भीगने के बाद तुरंत सूखे और साफ कपड़े पहनें। नमी से बचने के लिए त्वचा को अच्छे से पोंछें। हल्के और ढीले कपड़े पहनें ताकि त्वचा को हवा मिलती रहे। ऐंटी-फंगल पाउडर का इस्तेमाल करें। अपने टॉवेल, अंडरगारमेंट्स और कपड़े किसी के साथ शेयर न करें। अगर त्वचा पर लगातार खुजली, लाल चकत्ते या जलन हो रही है तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें।**

# योग से मन को मिलती है शांति

योग से हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। योग शब्द का अर्थ "जुड़ना" या "एकजुट होना" होता है। इसमें प्राणायाम से लेकर बहुत से योगासन होते हैं। भारत में प्राचीन समय से ही योग काफी प्रभावी माना जाता है और अब पूरी दुनिया योग को अपना रही है। इससे होने वाले फायदे और इसके महत्व को बताने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग न सिर्फ व्यायाम है जिससे आपको शारीरिक तरह से हेल्दी रहते हैं, बल्कि इससे मन को शांत करने और मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है। इसके कई प्रकार है, आइए जानते हैं इसके बारे में कि आखिर योग कितनी तरह के होते हैं।



### हठ योग

हठयोग सबसे प्राचीन रूपों में से एक है। इसमें आसन और प्राणायाम का अभ्यास करना शामिल है। जिससे मन और शरीर को शांति प्रदान करने में मदद मिलती है। साथ ही सांसों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह मेंटल और रेस्पिरेटरी के लिए अच्छा होता है। क्योंकि प्राणायाम के दौरान सांसों पर ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिलती है।



### कर्म योग

कर्म योग या सेवा का मार्ग है। इसका मतलब जो आज के समय में हम अनुभव कर रहें हैं, वह हमारे कार्यों द्वारा पास्ट में बनाया गया है। इसमें हम भविष्य को बेहतर बनाने के लिए वर्तमान को रास्ता बना सकते हैं, जो हमें स्वार्थ और नकारात्मक सोच से दूर करता है।

### अष्टांग योग

अष्टांग योग का उद्देश्य आत्मा और मन को नियंत्रित करना है, जिससे व्यक्ति सही चेतना और ईश्वर के साथ एकता प्राप्त कर सके। इस योग के आठ अंग होते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि अष्टांग योग के आठ अंग हैं।



# बालों को घना बनाने के तरीके

बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बनाने के लिए लोग काफी कोशिश करते हैं। कुछ लोग तो बाजार के महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी बालों को लंबा और मजबूत बनाना चाहते हैं, तो मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं। मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल कर आप अपने बालों को लंबा, काला और घना बना सकते हैं। यह बालों के लिए काफी फायदेमंद माना गया है। इससे बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद मिलती है। आपके बाल सफेद हो गए हैं, तो आप मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।



### मुलेठी हेयर मास्क बनाने का तरीका

मुलेठी एक आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है, जो बालों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद मानी गई है। इसमें एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो बालों को झड़ने से रोकते हैं और उन्हें मजबूत बनाते हैं। मुलेठी हेयर मास्क बनाने के लिए आप एक चम्मच मुलेठी पाउडर को एक कटोरी में ले, उसमें दही और शहद तीनों को अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर 30 मिनट के लिए लगा कर छोड़ दें, 30 मिनट के बाद आप शैंपू से अपने बालों को धो सकते हैं। ऐसा आप सप्ताह में दो से तीन बार कर सकते हैं। मुलेठी हेयर मास्क आपके बालों को मजबूती देगा और इन्हें लंबा बनाने में काफी मदद करेगा।

### मुलेठी पाउडर के साथ मिलाएं ये चीजें

आप मुलेठी पाउडर को नींबू के रस, अंडे या फिर नारियल के तेल के साथ भी मिलकर अपने बालों पर लगा सकते हैं।



मुलेठी हेयर मास्क के अलावा अगर आप रोजाना कुछ इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो अपने बालों पर रात में सोने से पहले तेल की मालिश जरूर करें और स्वस्थ संतुलित आहार का सेवन करें। अगर आप अपनी डाइट में हरी सब्जियों को शामिल करते हैं, तो भी इससे आपके बाल लंबे और घने बनते हैं।

### पैच टेस्ट जरूर करें

मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है। अगर इससे एलर्जी होती है या बाल झड़ने लगते हैं, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। इसके अलावा गर्भवती या स्तनपान करने वाली महिलाओं को मुलेठी का इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। मुलेठी हेयर मास्क सफेद बालों को काला करने में भी मदद करता है। यह पूरी तरीके से शुद्ध आयुर्वेदिक उपचार है, जो बालों के लिए लाभकारी माना गया है।

### अविनाश साबले की नजर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर

# विश्व चैंपियनशिप में जीतना चाहते हैं पदक




**नई दिल्ली।** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने कहा, 'पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैंपियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है। अभी अभ्यास के 15 दिन बचे हुए हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं आठ मिनट के करीब पहुंचने में सफल रहूंगा।' यह 30 वर्षीय खिलाड़ी 2023 में एशियाई खेलों के बाद से पिंडली की चोट से जूझ रहा था। उन्होंने 2025 के अपने सत्र की शुरुआत ज़ियामेन डायमंड लीग में आठ मिनट 22.59 सेकंड (8:22.59) सेकंड के समय के साथ की और इसके बाद शाओक्सिंग में 8:23.85 सेकंड का समय निकाला। साबले ने मई में दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप में 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, 'तैयारियां अच्छी चल रही हैं। मैं सत्र की शुरुआत में चोटिल हो गया था। लेकिन इसके बावजूद मैंने चीन में दो डायमंड लीग स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। मैंने अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।' यह भारतीय खिलाड़ी पिछली विश्व चैंपियनशिप में फाइनल तक पहुंचने में असफल रहा था और अपनी हीट में सातवें स्थान पर रहा था। लेकिन इस बार वह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साबले ने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप में इस बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं और उसके लिए अच्छी तैयारी कर रहा हूं।' साबले को 8:09.91 सेकंड का राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए हुए लगभग एक वर्ष हो चुका है और अब उनकी निगाह आठ मिनट से कम समय निकालने पर टिकी हैं।उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से मैं यह उपलब्धि हासिल करना चाहता हूं।

# आंद्रे रसेल ने रचा इतिहास

## टी-20 क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि की हासिल



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने मेजर लीग क्रिकेट (MLC) 2025 के दौरान टी20 क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. शुक्रवार, 27 जून को अमेरिका के डलास में वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए रसेल ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की. टूर्नामेंट में पिछले कुछ मैच मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद विस्फोटक बल्लेबाज रसेल ने वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ मुकाबले में आखिरकार अपनी ताकत दिखाई. रसेल ने इस दौरान 13 गेंदों पर 30 रनों की धुआंधार पारी खेली. आंद्रे फ्लेचर के शतक के बाद अपनी तूफानी पारी की मदद से रसेल ने नाइट राइडर्स को पहली पारी में (213/4) के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. इस पारी के दौरान ही वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रसेल ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. रसेल अब टी20 क्रिकेट में 750 छक्के लगाने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं. मैच से पहले उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने के लिए केवल 2 छक्कों की जरूरत थी और उन्होंने अपनी 30 रनों की ताबड़तोड़ पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की, जिसमें उन्होंने कुल 3 छक्के जड़े. रसेल अब टी20 क्रिकेट में 750 छक्के लगाने वाले दुनिया के केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं. इस लिस्ट में शीर्ष पर उनके हमवतन क्रिस गेल है, जिनके नाम सर्वाधिक 1056 छक्के दर्ज है. वहीं, वेस्टइंडीज के एक अन्य बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड 916 छक्कों के साथ टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।

### टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

| | | |
|---|---|---|
| क्रिस गेल | (वेस्टइंडीज) | 1056 छक्के |
| कीरोन पोलार्ड | (वेस्टइंडीज) | 916 छक्के |
| आंद्रे रसेल | (वेस्टइंडीज) | 751 छक्के |
| निकोलस पूरन | (वेस्टइंडीज) | 641 छक्के |
| एलेक्स हेल्स | (इंग्लैंड) | 563 छक्के |

## फ्रीडम ने आखिरी गेंद पर जीता मैच

इस मुकाबले में रसेल की यह तूफानी पारी बेकार गई क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल की अगुआई वाली फ्रीडम ने आखिरी गेंद पर 214 रन के विशाल लक्ष्य को हासिल कर लिया. नाइट राइडर्स की ओर से 20वां ओवर रसेल ने फेंका और 5वीं गेंद तक स्कोर बराबर हो गया. फिर, आखिरी गेंद पर जेसन होल्डर ने मिड–ऑन पर ग्लेन फिलिप्स का कैच टकपा दिया और फ्रीडम ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की. फिलिप्स ने 23 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए और ओबस पीनार ने 16 गेंदों पर 23 रनों की पारी खेली, जिससे वे जीत गए और नॉकआउट चरण के करीब पहुंच गए. फ्रीडम ने अब तक 6 मैचों में 5 मैचों में जीत दर्ज की हैं, जबकि लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को अब तक अपने 6 मुकाबलों में से 5 में हार का सामना करना पड़ा है।

# टी-20 पावरप्ले नियमों में बड़े बदलाव

## वर्षा प्रभावित मैचों में इतने ओवर का होगा का पावरप्ले




**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने पुरुषों के टी-20 क्रिकेट मैचों के नियमों में किए गए महत्वपूर्ण बदलाव के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पावरप्ले का निर्णय ओवर के आधार पर होगा। आईसीसी ने अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए जाते हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर तय किए जाएंगे। वर्तमान नियमों के अनुसार 20 ओवर की पारी में शुरुआती छह ओवर पावरप्ले के होते हैं। नई नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1.3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1.5, सात ओवर के लिए 2.1, आठ ओवर के लिए 2.2, 9 ओवर के लिए 2.4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3.2, 12 ओवर के लिए 3.4, 13 ओवर के लिए 3.5, 14 ओवर के लिए 4.1, 15 ओवर के लिए 4.3, 16 ओवर के लिए 4.5, 17 ओवर के लिए 5.1, 18 ओवर के लिए 5.2 तथा 19 ओवर के लिए 5.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी- 20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है। इसके अलावा टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे।

### हम आसानी से मैच जीत सकते हैं

# शमी ने दूसरे टेस्ट से पूर्व दिखाया रास्ता



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स के हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम की गेंदबाजी से असंतुष्ट हैं। इंग्लैंड ने 371 रन के लक्ष्य के जवाब में आखिरी दिन 350 रन बनाए और 5 विकेट से जीत दर्ज की। भारतीय गेंदबाजों ने सभी पारियों में 4.5 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटाए जिसमें केवल जसप्रीत बुमराह ही प्रभावी दिखे। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट लिए लेकिन दूसरी इनिंग में कोई विकेट नहीं ले पाए। शमी ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'गेंदबाजी में अन्य भारतीय गेंदबाजों को बुमराह से बात करनी चाहिए और उनसे सीखना चाहिए। उन्हें उनके साथ योजना बनाने और उनका समर्थन करने के बारे में बात करनी चाहिए। अगर वे बुमराह का समर्थन करेंगे, तो हम आसानी से मैच जीत सकते हैं। अगर मैं पहले मैच की बात करूं, तो मुझे लगता है कि हमें गेंदबाजी में थोड़ा काम करने की जरूरत है।' शमी ने शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के विकेटों का खेल पर कोई प्रभाव ना पड़ने की भी बात की।

# न्यूजीलैंड ने ट्राई सीरीज के लिए टीम का किया ऐलान




**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है. टीम में तेज गेंदबाज एडम मिल्ने और मध्यक्रम के बल्लेबाज बेवॉन जैकब्स को शामिल किया गया है, हालांकि, टीम में कुछ प्रमुख चेहरे नहीं हैं. पूर्व कप्तान केन विलियमसन, तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, बेन सियर्स, काइल जैमीसन और बल्लेबाज डेवोन कॉनवे दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के खिलाफ ट्राई सीरीज के लिए घोषित टीम का हिस्सा नहीं हैं. विलियमसन ने दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया, जबकि सियर्स को साइड इंजरी है. वहीं, फर्ग्यूसन को वर्कलोड के कारण आराम दिया गया है, जबकि जैमीसन अपने बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं. ब्लैककैप्स के स्कवाड में स्टार खिलाड़ी ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र और कप्तान मिशेल सेंटनर वापस आ गए हैं, जो आईपीएल के कारण मार्च की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ टी20I सीरीज में नहीं खेल पाए थे. कीवी टीम 2026 टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत नए मुख्य कोच रॉब वाल्टर के नेतृत्व में करेगी. वाल्टर ने टीम के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि इस दौरे के लिए हमारे पास एक बहुत मजबूत टीम है और मैं टीम को एक साथ लाने और काम पर लगने के लिए उत्सुक हूं. हमारी टीम में कुछ अच्छे अनुभव हैं और मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ आईपीएल के कारण सीरीज से बाहर रहने वाले कुछ खिलाड़ियों का स्वागत करना अच्छा है. उन्होंने कहा, 'यह दक्षिण अफ्रीका के साथ एक बेहतरीन टी20 त्रिकोणीय सीरीज होनी चाहिए, जो एक बहुत मजबूत टीम है और जिम्बाब्वे जो अपने घरेलू हालात में अच्छा खेलता है'. न्यूजीलैंड के स्कवाड में अनकैप्ड बेवॉन जैकब्स को चुना गया है, जबकि तेज गेंदबाज़ मिल्ने की भी टीम में वापसी हुई है।

# गौतम गंभीर के समर्थन में आए मोंटी पनेसर

## उन्हें समय दिया जाना चाहिए



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 5 शतकों के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज मोंटी पनेसर ने उनका समर्थन करते हुए कहा गौतम गंभीर को समय देने की बात कही है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेली जा रही है क्योंकि दोनों ने दौरे से पहले इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था और टीम की कप्तानी शुभमन गिल के हाथों में हैं। पनेसर ने मुख्य कोच का समर्थन करते हुए कहा, 'गौतम गंभीर को इस युवा टेस्ट टीम को तैयार करने के लिए कम से कम 12-18 महीने का समय दिया जाना चाहिए। कोहली और शर्मा जैसे खिलाड़ियों के बिना गंभीर के पास कोई विकल्प नहीं है। आप उनसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने की उम्मीद नहीं कर सकते।' टी20 विश्व कप 2024 के बाद गौतम गंभीर को राहुल द्रविड़ की जगह टीम इंडिया के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभालने को मिला। व्हाइट-बॉल की सफलता के बाद भी सबसे लंबे प्रारूप में गंभीर की सफलता चिंता का विषय बन गई है। 11 मैचों में, टीम इंडिया को 7 अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा।

# त्रिकोणीय T20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का ऐलान

### 'बेबी एबी' ब्रेविस की दो साल बाद वापसी




**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। रसी वान डर डुसेन को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। वहीं, 'बेबी एबी' के नाम से मशहूर डे वाल्ड ब्रेविस को आईपीएल में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने करीब दो साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की है। 22 साल के ब्रेविस ने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगस्त 2023 में किया था। इस सीरीज के बाद उन्हें पिछले दो वर्षों में मौका नहीं मिला। अब उन्होंने वापसी की है। ब्रेविस ने आईपीएल 2025 में रिप्लेसमेंट के तौर पर आने के बाद शानदार प्रदर्शन किया था। चेन्नई सुपर किंग्स से खेलते हुए उन्होंने छह मैचों में 180 के स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाए थे। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

ब्रेविस ने मैच फिनिशर का रोल बखूबी निभाया था। इसी प्रदर्शन का इनाम उन्हें मिला है। अगले साल टी20 विश्व कप भी होना है। इसी को ध्यान में रखते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम तैयार की जा रही है। कप्तान डुसेन और ब्रेविस के अलावा टीम में कॉर्बिन बॉश, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी और रीजा हेंड्रिक्स अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे। वहीं, रुबिन हरमैन, जॉर्ज लिंडे, क्वेन मफाका और लुंगी एनगिडी भी हैं। इसके अलावा सेनुरन मुथुस्वामी, नकाबा पीटर, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और एंडिले सिमलाने को भी स्क्वॉड में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 14 से 26 जुलाई के बीच न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी।

इस सीरीज का पहला मैच 14 जुलाई को जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फिर 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला न्यूजीलैंड से, 18 जुलाई को जिम्बाब्वे का मुकाबला न्यूजीलैंड से, 20 जुलाई को जिम्बाब्वे का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से, 22 जुलाई को न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से और 24 जुलाई को जिम्बाब्वे का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। 26 जुलाई को अंक तालिका पर शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी। ये सभी मुकाबले हरारे में खेले जाएंगे।

# गौरव सिंह चौहान ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## बंगाल प्रो टी–20 लीग में शतक लगाने वाले पहला खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** गौरव सिंह चौहान ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए बंगाल प्रो टी20 लीग का पहला शतक लगा दिया है। कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में श्राची राढ़ टाइगर्स ने सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के खिलाफ जीत के लिए 161 रनों का पीछा करते हुए गौरव सिंह चौहान की शतकीय पारी की बदौलत यह लक्ष्य हासिल किया। यह बंगाल प्रो टी20 लीग का पहला शतक था। इस दौरान अभिषेक बोस भी क्रीज पर उनके साथ मौजूद थे जिन्होंने अर्धशतक लगाया। श्राची राढ़ टाइगर्स ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। गौरव सिंह चौहान ने सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के खिलाफ सिर्फ 55 गेंदों पर 103* रन बनाकर बंगाल प्रो टी20 लीग के इतिहास का पहला शतक बनाया। दाएं हाथ के इस तेजतर्रार बल्लेबाज ने श्राची राढ़ टाइगर्स की पारी के 18वें ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल के खिलाफ विजयी शॉट लगाकर अपना शतक पूरा किया। चौहान ने दूसरे विकेट के लिए 152 रन जोड़े, साथ ही उनके साथी नाबाद बल्लेबाज और अर्धशतकधारी अभिषेक बोस ने 46 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 51* रन बनाए।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह को मिल सकता है आराम



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले जाने वाले पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के दूसरे टेस्ट में आराम दिया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार उनके तीसरे टेस्ट में वापसी करने की संभावना है जिससे संकेत मिलता है कि बुमराह को कार्यभार संभालने के लिए आराम देने का कदम उठाया गया है। हेडिंग्ले में लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट की पहली पारी में बुमराह भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे, उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए थे जिससे भारत को छह रन की मामूली बढ़त हासिल करने में मदद मिली थी। हालांकि दूसरी पारी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला और इंग्लैंड ने 371 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए मैच पांच विकेट से जीत लिया। टीम चयन के समय यह स्पष्ट कर दिया गया था कि बुमराह अपने कार्यभार को संभालने के लिए निर्धारित पांच टेस्ट में से केवल चार ही खेलेंगे। कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर दोनों ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे बाद में तय करेंगे कि गुजरात के उनके तेज गेंदबाज कौन से चार मैच खेलेंगे। गुरुवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि बुमराह के जिस टेस्ट से बाहर रहने की संभावना है, वह दूसरा टेस्ट है। बुमराह को वर्तमान में अपने पेशे का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता है और वह गेंदबाजों की ICC रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। उनकी अनुपस्थिति में भारतीय गेंदबाजी इकाई कमजोर दिखेगी क्योंकि प्रियसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज ने लगातार लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करने के लिए संघर्ष किया और इंग्लैंड को आसान रन दिए जिससे अंततः भारत को मैच हारना पड़ा। जहां भारत दूसरे टेस्ट के लिए बुमराह को आराम देने पर विचार कर रहा है। वहीं इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया।

# तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ICC ने लगाया भारी जुर्माना



**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दौरान वेस्टइंडीज को बड़ा झटका लगा है. वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है. आईसीसी ने जानकारी दी, सील्स को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, हरकतें या हाव-भाव का इस्तेमाल करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है. आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'इसके अलावा, सील्स के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में दूसरा अपराध था, जिससे 24 महीने की अवधि में उनके डिमेरिट अंकों की संख्या 2 हो गई है'. बता दें कि, यह घटना ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में हुई थी, जब ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने पवेलियन की ओर इशारा किया।

# मलाइका ने एक्स बॉयफ्रेंड के बर्थडे पर शेयर किया वीडियो



## गुरु रंधावा के गाने पर दिखीं इमोशनल

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने करीब 6 साल तक एक-दूसरे को डेट किया है। साल 2024 में कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। उस समय, न तो मलाइका और न ही अर्जुन ने इस रिपोर्ट को अपनी तरफ से कन्फर्म किया। हालांकि, मुंबई में एक इवेंट के दौरान 'सिंघम अगेन' के प्रमोशन में अर्जुन ने अनाउंस किया था कि वह अब सिंगल हैं। इससे ये कन्फर्म हो गया कि उनका मलाइका से ब्रेकअप हो गया है।

हालांकि, आज भी एक-दूसरे के साथ उनका रिश्ता अच्छा और दोस्ती वाला है और एक-दूसरे से सौहार्द भरे तरीके से पेश आते हैं। जब मलाइका के पिता का निधन हुआ था तो अर्जुन कपूर तुरंत उनके घर पर पहुंचे थे। आज 26 जनवरी को अर्जुन अपना जन्मदिन मना रहे हैं, ऐसे में मलाइका ने उनका बूमरैंग वीडियो शेयर किया है जिसमें वो उछलते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे अर्जुन कपूर, साथ ही जश्न वाली दिल और वाइन ग्लास इमोजी भी शेयर की है। इसी के साथ मलाइका ने अपने कुछ खूबसूरत वीडियोज़ शेयर किए हैं, जिसके साथ गुरु रंधावा के 'गाना इस जनम की गल करें तू अगले विच वी मेरी है।'अर्जुन ने कहा कि वह सिंगल हैं, जबकि मलाइका ने अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करने से इनकार कर दिया। टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में जब उनसे उनके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं बहुत प्राइवेट पर्सन हूं और मेरी जिंदगी के कुछ ऐसे पहलू हैं जिनके बारे में मैं ज्यादा बात नहीं करना चाहती।' वर्कफ्रंट की बात करें तो अर्जुन को रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में उनके नेगेटिव किरदार के लिए काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ भी थे।



# उमराव जान की स्क्रीनिंग पर छाई रेखा



## तब्बू को देख बच्चों की तरह उछल पड़ीं



सदाबहार एक्ट्रेस रेखा की क्लासिकल फिल्मों में से एक 'उमराव जान' (1981) अपने जमाने में सुपरहिट रही थी। रेखा की एक्टिंग ने हर किसी का दिल जीता था और अब 44 साल पहले रिलीज हुई उनकी ये फिल्म एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। रेखा की इसी फिल्म की री-रिलीज से पहले इसका प्रीमियर रखा गया, जहां बॉलीवुड जगत के तमाम सितारे पहुंचे।

रेखा की ये फिल्म 'उमराव जान' दोबारा 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। रेखा की ये फिल्म 1981 में पहली बार रिलीज हुई थी और अब 44 साल बाद इसे 4K वर्जन में 27 जून को रिलीज किया जा रहा है। मेकर्स से लेकर डिस्ट्रिब्यूटर, पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स, इसे एक ग्रैंड प्रीमियर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसके प्रीमियर पर बॉलीवुड के कई बड़े सिलेब्रिटीज़ पहुंचे, लेकिन हर किसी के बीच केवल रेखा ही रेखा ही छाई रहीं। इस प्रीमियर से कई वीडियोज़ सामने आए हैं जिनमें रेखा कभी अनिल कपूर के साथ कैमरे पर डांस करती दिख रही हैं तो कभी ए.आर रहमान के साथ शानदार बॉन्डिंग शेयर करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा तब्बू के साथ भी रेखा का मजेदार वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों ऐसे गले मिल रही हैं जैसे न जाने कब से एक-दूसरे से न मिली हों। बता दें कि गुरुवार रात फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग जियो वर्ल्ड ड्राइव, बीकेसी, मुंबई में रखी गई। फिल्म के रीस्टोरेशन का काम नैशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया और नैशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने पूरा किया है। फिल्म के निर्देशक मुजफ्फर अली ने कहा, 'उमराव जान सिर्फ एक फिल्म नहीं थी, यह एक खोई हुई संस्कृति, एक भूली हुई तहजीब का सफर था।'

# हॉस्टल लाइफ पर बनी ये वेब सीरीज

## यूट्यूब पर कर रही है स्ट्रीम

हॉस्टल की दुनिया में कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो आपको हंसाते-हंसाते पेट दुखा देती हैं। अगर आप भी कभी हॉस्टल में रहे हैं तो जानते होंगे कि वहां की मस्ती, झगड़े और दोस्ती की बात ही अलग होती है। तो हम आपके लिए ऐसी ही एक वेब सीरीज लेकर आए हैं। इस सीरीज में बिहार के चार लड़कों की कहानी दिखाई गई है जो पढ़ाई कम और मस्ती ज्यादा करते हैं। इस सीरीज का नाम 'पटना हॉस्टल इन पुणे' है। ये एक ऐसी वेब सीरीज है जो बिहार के चार दोस्तों की पुणे में हॉस्टल लाइफ की दास्तान कहती है। यह सीरीज The Screen Patti (TSP) द्वारा बनाई गई है, जिसे अनंदेश्वर द्विवेदी ने क्रिएट किया है और करण वाडीकर द्वारा निर्देशित है। इस सीरीज को आईएमडीबी पर शानदार 9.3/10 की रेटिंग मिली है।

सीरीज में अभिनव आनंद, अनंदेश्वर द्विवेदी, विश्वजीत प्रताप सिंह और प्रवीण राज मुख्य किरदार निभाते हैं। यह कहानी उन इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की है जो बिहार से आकर पुणे में पढ़ाई कर रहे हैं और अपने कॉलेज के दिनों में संघर्ष भी कर रहे हैं और मजे भी ले रहे हैं। 'पटना हॉस्टल इन पुणे' यूट्यूब पर The Screen Patti (TSP) चैनल पर उपलब्ध है। सीरीज के नए एपिसोड्स हर मंगलवार को रिलीज होते हैं। अब तक 10 एपिसोड्स रिलीज हो चुके हैं। यह सीरीज इसलिए खास है क्योंकि इसमें हॉस्टल लाइफ की असली तस्वीर दिखाई गई है। बिहारी लहजे से लेकर दोस्तों के बीच के मजाक तक, सब कुछ एकदम नैचुरल लगता है। सीरीज में फाइनेंशियल प्रॉब्लम्स, लव अफेयर और कल्चरल डिफरेंसेस जैसे मुद्दों को बहुत सहजता से दिखाया गया है।



# रोनित टीवी पर करने जा रहे वापसी



## क्योंकि सास भी कभी बहू एक्ट्रेस स्मृति ईरानी को बताया बहन

एक्टर रोनित रॉय टीवी, फिल्मों और ओटीटी की दुनिया में जाना-माना नाम है। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स में काम किया। हालांकि, रोनित लंबे वक्त से टीवी से दूर थे। अब रोनित चक्रवर्ती सम्राट पृथ्विराज चौहान नाम के सीरियल से टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में टीवी पर वापसी, क्योंकि सास भी कभी बहू 2 और स्मृति ईरानी के बारे में बात की। रोनित रॉय ने खास बातचीत में स्मृति ईरानी को छोटी बहन बताया।

स्क्रीन से खास बातचीत में टीवी पर अपनी वापसी को लेकर रोनित रॉय ने कहा, टीवी पर इतने लंबे गैप की वजह ये है कि क्योंकि मैं फिल्म्स और ओटीटी कर रहा था, मैं अपने दूसरे कामों में बिजी था। कुछ दिलचस्प नहीं था। जब ये (सम्राट पृथ्विराज चौहान) आया और प्रोड्यूसर एक अच्छा दोस्त और पुराना सहकर्मी है, और मैंने चैनल के साथ अदालत शो में पांच साल किया है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीजन 2 के बारे में बात करते हुए रोनित रॉय ने कहा उस शो से उनकी बहुत अच्छी यादें हैं। रोनित ने क्योंकि सास भी कभी बहू थी के मेकर्स, कास्ट और क्रू को उन्होंने शुभकामनाएं दीं। रोनित ने बालाजी टेलीफिल्म्स को अपना होम ग्राउंड बताया और उसे अपने करियर के लिए गेम चेंजर बताया। रोनित ने कहा, स्मृति मेरी पसंदीदा सहकर्मियों में से एक हैं और मेरी छोटी बहन की तरह हैं। यह एक बहुत ही मधुर रिश्ता था और आज भी वैसा ही है।" रोनित के काम की बात करें तो वो काजोल की फिल्म मां में नजर आएंगे। रोनित ने कहा, "मां 27 जून को रिलीज होगी, अजय देवगन प्रोडक्शन के साथ काम करना अच्छा अनुभव रहा, सोने पर सुहागा ये रहा कि काजोल के साथ काम करने का मौका मिला।"

# नील संग तलाक की खबरों पर भड़कीं ऐश्वर्या

बिग बॉस 17 के घर में नजर आए नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा के अलग होने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं। इन अफवाहों के बीच ऐश्वर्या शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी के जरिए ऐश्वर्या शर्मा ऐसी खबरें फैलाने वालों पर भड़की हैं। उन्होंने अपनी स्टोरी में लिखा कि उनकी चुप्पी, इजाजत नहीं है और उनका जीवन किसी का कंटेंट नहीं है।

ऐश्वर्या शर्मा ने अपने इंस्टा पर स्टोरी पोस्ट की। ऐश्वर्या ने लिखा- मैं बहुत समय से चुप हूं, इसलिए नहीं क्योंकि मैं कमजोर हूं, इसलिए क्योंकि मैं अपनी शांति बचा रही हूं। लेकिन जिस तरह से आपमें से कुछ लोग ऐसी बातें लिख रहे हैं जो मैंने कभी नहीं कही, ऐसे नेरेटिव गढ़ रहे हैं जिनका मैंने कभी समर्थन नहीं किया, और बिना तथ्यों या जवाबदेही के अपने प्रचार के लिए मेरे नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह बेहद दुखद है। उन्होंने आगे लिखा, मुझे साफ करना है: मैंने कोई इंटरव्यू नहीं दिया है, स्टेंटमेंट और रिकॉर्डिंग पर ऐसा कुछ नहीं कहा। अगर आपके पास कोई असली प्रूफ, ऑडियो या वीडियो हैं जिसमें मैं ऐसा कह रही हूं तो दिखाई। अगर नहीं, मेरे नाम पर खबर फैलान बंद करें। मेरा जीवन आपका कंटेंट नहीं है। मेरी चुप्पी आपके लिए इजाजत नहीं है। ध्यान रखिए: अगर कोई चुप है तो इसका मतलब ये नहीं है कि उनके पास कुछ कहने के लिए नहीं है। इसका मतलब है कि वह नाक के बजाय गरिमा को चुन रही है।₹ ऐश्वर्या और नील भट्ट के प्यार की शुरुआत गुम है किसी के प्यार में के सेट पर हुई थी। दोनों ने साल 2021 में शादी रचाई थी। नील और ऐश्वर्या बिग बॉस 17 के घर में साथ नजर आए थे।





# पाकिस्तानी कलाकारों पर लगाए गए बैन पर

## सोनाक्षी सिन्हा ने कहा- मैं अपने देश के साथ हूं

सोनाक्षी सिन्हा ने पाकिस्तानी कलाकारों पर लगाए गए बैन पर रिएक्ट किया है। दरअसल, दिलजीत दोसांझ की अपकमिंग फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को कास्ट किया गया है। जब से ये बात सामने आई है एक बहस छिड़ गई है। कुछ लोग दिलजीत दोसांझ का साथ दे रहे हैं। वहीं कुछ दिलजीत दोसांझ से माफी मंगवाने की बात कह रहे हैं। इस मुद्दे पर बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, "क्या वे (पाकिस्तान) भारतीय कलाकारों को वहां काम करने देते हैं? मैं अपने देश के साथ हूं और सरकार जो भी फैसला लेगी, मैं उसका समर्थन करूंगी।"सोनाक्षी ने राष्ट्रीय एकजुटता की बात करते हुए ये भी कहा कि जब देश की सुरक्षा और सम्मान का सवाल हो तो सभी को एकजुट रहना चाहिए। FWICE ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर 'सरदार जी 3' के निर्माताओं और दिलजीत दोसांझ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, साथ ही कहा है कि ऐसे किसी भी प्रोजेक्ट में पाकिस्तानी कलाकारों की भागीदारी को देशद्रोह माना जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि जो भी इंडियन फिल्म वर्कर पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और उसे इंडस्ट्री से बाहर कर दिया जाएगा।'सरदार जी 3' के मेकर्स ने बीबीसी को दिए इंटरव्यू में यह साफ किया था कि उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग फरवरी में की थी। तब हालात ठीक थे। उन्होंने ये भी बताया कि भारत में फिल्म रिलीज नहीं होगी, सिर्फ विदेशों में होगी क्योंकि मेकर्स का काफी पैसा लगा है।


# करिश्मा ने संजय कपूर के निधन के बाद किया पहला पोस्ट

करिश्मा कपूर ने 25 जून को अपना 51वां बर्थडे मनाया और इस मौके पर सबने उन्हें खूब सारी बधाई दी। हाल ही में 12 जून को करिश्मा कपूर ने अपने एक्स हसबैंड संजय कपूर को खो दिया। हाल ही में करिश्मा अपने दोनों बच्चों के साथ अंतिम संस्कार के साथ-साथ प्रार्थना सभा में भी मौजूद थीं। करिश्मा अपने बच्चों समायरा और कियान के साथ परिवार के साथ खड़ी रहीं। गुरुवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर करिश्मा ने एक नोट शेयर किया जिसमें लिखा था, 'आपकी शुभकामनाओं और सपोर्ट के लिए आप सभी का धन्यवाद।



## हाथ जोड़कर शेयर की हार्ट इमोजी

इसी के साथ उन्होंने हाथ जोड़कर रेड हार्ट इमोजी शेयर की है। बता दें कि ये पहली बार है जब करिश्मा ने संजय कपूर के निधन के बाद कोई नोट शेयर किया है। बुधवार को करिश्मा की बहन करीना कपूर ने उनके जन्मदिन पर एक प्यारा सा नोट लिखा और अपने मुश्किल दौर को याद किया। इसमें लिखा था, 'यह दोनों की मेरी सबसे पसंदीदा तस्वीर है, ब्रह्मांड की सबसे मजबूत और सबसे अच्छी लड़की के लिए। यह हमारे लिए एक मुश्किल साल रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन आप जानते हैं... जैसा कि वे कहते हैं कि कठिन समय स्थायी नहीं होता ...मेरी बहन, मेरी मां, मेरी सबसे अच्छी दोस्त, जन्मदिन मुबारक हो मेरी लोलो ।' संजय की मौत 12 जून को इंग्लैंड में पोलो मैच के दौरान हुई थी। उनके दोस्त और बिजनेसमैन सुहेल सेठ ने एएनआई को बताया कि संजय की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई, जो जाहिर तौर पर इंग्लैंड में पोलो मैच के दौरान मधुमक्खी निगलने के बाद हुई।' संजय ने 2003 में एक्ट्रेस करिश्मा कपूर से शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं, समायरा (19) और कियान (13)। 2014 में करिश्मा और संजय ने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दी, जिसके बाद 2016 में उनका तलाक हो गया।



# शिखा मल्होत्रा ने किया स्पेशल फोटो शूट

अंतरराष्ट्रीय टॉर्चर पीड़ित समर्थन दिवस के अवसर पर अभिनेत्री और नर्सिंग अफसर शिखा मल्होत्रा ने एक ऐसी थीम फोटो शूट अपने सोशल मीडिया पर साझा किया हैं जो सिर्फ उनके दिलों को नहीं, बल्कि सोच को भी झकझोर दिया। इस परफॉर्मेंस का शीर्षक था। बर्नड बट ब्रीदिंग. थीम शूट में शिखा मल्होत्रा द्वारा निभाए गए स्त्री चरित्र का आधा चेहरा तेजाब से झुलसा हुआ था, तो दूसरा आधा आत्मविश्वास और खूबसूरती से चमकता हुआ। उनके शरीर पर बने घावों के बीच से सफेद फूल "रौशनी और उम्मीद" की आकृतियां समेटे हुए थे। एक हाथ में आईना, जिसमें वह खुद के दोनों रूपों को देख गर्व से मुस्कुराती है।

शिखा मल्होत्रा बर्नड बट ब्रीदिंग थीम के बारे में कहती हैं कि उन्होंने उसे मिटाना चाहा, लेकिन वह मिटने के बजाय और ताकत से उभर आई। चाहे उसका चेहरा जला दिया गया हो पर उसकी आत्मा की सुंदरता को कोई तेज़ाब छू भी नहीं पाया है। शिखा मल्होत्रा सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं हैं। वर्ष 2020 में, जब देश में कोरोना संकट चरम पर था, तब उन्होंने मुंबई के एक सरकारी अस्पताल के कोविड ICU में बतौर नर्स बिना वेतन सेवा दी। एक साल तक मरीजों के बीच रहकर उन्होंने फ्रंटलाइन वॉरियर की भूमिका निभाई। उन्होंने शाहरुख़ ख़ान की फिल्म 'फैन' में सह-कलाकार और राजस्थानी पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म 'कांचली' में मुख्य भूमिका निभाई हैं। बीते कुछ वर्षों में वे लगातार सामाजिक मुद्दों को लेकर कला के माध्यम से आवाज उठाती रही हैं। 26 जून को देर शाम को उनकी यह उन्होंने एक रील को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कुछ ही घंटों में देशभर से सराहना और संवेदना का सैलाब उमड़ पड़ा। यह प्रस्तुति न सिर्फ एसिड अटैक सर्वाइवर्स के साहस की कहानी कहती है, बल्कि समाज के लिए एक स्पष्ट संदेश भी है ।

# संगीत और मानवता का उत्सव

महान संगीतकार आर.डी. बर्मन को उनके जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि स्वरूप, प्रसिद्ध गायक अमित कुमार और गायिका शैलजा सुब्रमणियन 'द जर्नी (एस.डी. बर्मन से आर.डी. बर्मन)' नामक विशेष संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम कैंसर पेशंट्स एड असोसिएशन (CPAA)के लिए आयोजित किया जा रहा है और 28 जून 2025 को शाम 7 बजे रंग शारदा ऑडिटोरियम, बांद्रा में आयोजित होगा। यह संगीतमय संध्या एस.डी. बर्मन और आर.डी. बर्मन के कालजयी गीतों के ज़रिए यादों का एक भावनात्मक सफर होगी। कार्यक्रम से प्राप्त सभी निधियाँ CPAA द्वारा सहायता प्राप्त जरूरतमंद कैंसर पेशंट्स के लिए उपयोग की जाएंगी। महान किशोर कुमार के सुपुत्र और खुद एक बहुप्रतिभाशाली कलाकार अमित कुमार ने कहा, "मैं हमेशा सामाजिक कार्यों के लिए तैयार हूं और CPAA के साथ जुड़कर गर्व महसूस करता हूं।

संगीत एक सशक्त माध्यम है जागरूकता फैलाने का, और इस कार्यक्रम के माध्यम से हम कैंसर से जूझ रहे लोगों को आशा और गरिमा देना चाहते हैं।" मधुर आवाज़ और सामाजिक भावना के लिए प्रसिद्ध शैलजा सुब्रमणियन ने कहा, "CPAA के लिए प्रस्तुति देना मेरे लिए सम्मान की बात है। संगीत सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सेवा, उपचार और ज़रूरतमंदों के लिए आवाज़ उठाने का माध्यम है।" कैंसर पेशंट्स एड असोसिएशन (CPAA) एक पंजीकृत चैरिटेबल संस्था है, जो पिछले 56 वर्षों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी रही है। CPAA की कार्यकारी निदेशक अनीता पीटर ने कहा, "कैंसर का खर्च एक आम परिवार के लिए विनाशकारी हो सकता है, खासकर जब वे निम्न आर्थिक वर्ग से आते हों। यह कार्यक्रम संगीतकारों को श्रद्धांजलि के साथ-साथ मरीजों के इलाज में निरंतरता सुनिश्चित करने का एक प्रयास है।" प्रसिद्ध परोपकारी और संगीत प्रेमी अजीत कामत ने कहा, "संगीत उपचार करता है।

